सूर्योदय 5:22 सूर्यास्त 7:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 21.6 अधि |
| धर्मशाला | 20.4 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,409 |
| निफ्टी | 25,453 |
| सोना | 97,480 |
| चांदी | 1,06,688 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 3 जुलाई 2025 | 19 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 185, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



हिमाचल बन रहा संभावनाओं और समाधान का केंद्र: राज्यपाल

पृष्ठ 3 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### शेख हसीना को छह महीने जेल की सजा

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के



आरोप में दोषी ठहराया गया है और छह महीने जेल की सजा सुनाई गई है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने सजा का ऐलान किया है। बुधवार को तीन सदस्यों वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण की पीठ की अध्यक्षता जस्टिस मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार ने की। यह पहली बार है जब किसी मामले में शेख हसीना को जेल की सजा सुनाई गई है। (अनंत ज्ञान)

### सीयूईटी यूजी-2025 का परीक्षा परिणाम जल्द

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) जल्द ही सीयूईटी यूजी-2025 का रिजल्ट घोषित कर सकती है। रिजल्ट जारी होने के बाद, उम्मीदवार कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट सीयूईटी यूजी का स्कोर एनटीए सीयूईटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर चेक कर सकते हैं। एनटीए ने पहले ही फाइनल आंसर-की जारी कर दी है और अब रिजल्ट का इंतजार है। हालांकि, एनटीए ने अभी तक रिजल्ट जारी करने की कोई ऑफिशियल तारीख या समय नहीं बताया है। (अनंत ज्ञान)

### बिक्रम मजीठिया का 4 दिन बढ़ा रिमांड

**एजेंसी, चंडीगढ़।** पंजाब में आय से अधिक संपत्ति केस में पकड़े गए पूर्व मंत्री व सीनियर अकाली नेता बिक्रम मजीठिया की रिमांड बढ़ा दी गई है। विजिलेंस ने मोहाली कोर्ट में



बताया कि जांच के दौरान कई अहम सवालों पर मजीठिया सहयोग नहीं कर रहे हैं। एजेंसी ने अदालत से यह भी कहा कि उन्हें अब पंजाब से बाहर उत्तर प्रदेश के गोरखपुर ले जाकर पूछताछ करनी पड़ सकती है। करीब 4 घंटे चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने चार दिन का रिमांड मंजूर कर लिया और अगली पेशी 6 जुलाई को होगी।(अनंत ज्ञान)

### नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया राहुल की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बुधवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी ने बताया कि कांग्रेस नेशनल हेराल्ड की करीब 2,000 करोड़ रुपए की संपत्ति हड़पना चाहती थी। ईडी की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने कोर्ट में कहा कि नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों पर कंट्रोल करने के लिए यंग इंडियन लिमिटेड बनाने की साजिश रची गई थी, जिसमें कांग्रेस संसदीय पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी प्रमुख हिस्सेदार हैं। इसका लक्ष्य पार्टी नेतृत्व को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाना था। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- शिवांगिनी ने जीता 'किसमें कितना है दम' का ग्रैंड फिनाले — पेज 2
- हिमाचल के सरकारी स्कूलों में एआई व रोबोटिक्स का नया युग — पेज 4
- प्रदेश की 5,000 करोड़ की सेब अर्थव्यवस्था पर मंडराया संकट — पेज 6
- बच्चों में तेजी से फैल रही हैंड, फुट एंड माउथ डिजीज — पेज 9
- मिड-डे मील के बर्तन चुराने पर चोरों को 5 साल की सजा — पेज 12


# मुख्यमंत्री सुक्खू ने आपदा प्रभावितों को दिया पूर्ण सहायता का भरोसा

## मंडी के धर्मपुर के स्याठी गांव का दौरा कर आपदा प्रभावितों से मिले

**रितेश, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को जिला मंडी के धर्मपुर में लौंगणी पंचायत के आपदा प्रभावित स्याठी गांव का दौरा किया। उन्होंने बादल फटने से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख साझा किया और जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। बादल फटने की घटना से 61 लोग प्रभावित हुए हैं तथा घरों, गोशालाओं और पशुओं को काफी नुकसान पहुंचा है। जिला प्रशासन मंडी ने प्रभावितों को 1.70 लाख रुपए की वित्तीय सहायता, राशन आपूर्ति, तिरपाल और अन्य राहत सामग्री सहित तत्काल सहायता प्रदान की है।

**गांववासी बोले-तंबू लगाने के लिए भी नहीं बची जमीन**

प्रभावित परिवारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रदेश सरकार उनके साथ खड़ी है तथा आपदा के इस मुश्किल दौर में व्यक्तिगत रूप से आपका दुख साझा करने आया हूं। उन्होंने प्रशासन को प्रभावितों को हर संभव व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त घरों के पुनर्निर्माण के लिए विशेष राहत पैकेज तथा गाय, बकरी, भेड़ सहित पशुधन के नुकसान के साथ-साथ नष्ट हुए गोशालाओं के लिए भी बढ़ा हुआ मुआवजा प्रदान किया जाएगा। प्रभावित परिवारों ने आपबीती सुनाते हुए कहा कि इस आपदा में पूरा गांव बह गया तथा अब उनके पास तंबू लगाने के लिए भी जमीन नहीं बची है। कई लोगों ने मुश्किल से अपनी जान बचाई है। प्रभावितों द्वारा जमीन उपलब्ध करवाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि यदि क्षेत्र में सरकारी भूमि उपलब्ध होगी, तो उन्हें आवंटित की जाएगी। वन भूमि क्षेत्र में यदि जमीन है तो यह मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मंडी-कोटली सड़क को हुए नुकसान का भी निरीक्षण किया। बाद में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी जिले में मूसलाधार बारिश के कारण भारी तबाही हुई है। स्याठी गांव में भूस्खलन से 20 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं तथा 61 लोगों को समय रहते सुरक्षित राहत शिविरों में आश्रय दिया गया है। उन्होंने चट्टानी सतह के खिसकने के कारणों का पता लगाने तथा अध्ययन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

धर्मपुर के विधायक चंद्र शेखर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने संवेदनशील नेतृत्व का परिचय देते हुए 24 घंटे के भीतर आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ितों के दर्द को साझा किया है। इस अवसर पर कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कांग्रेस नेता पवन ठाकुर, उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



मंडी के धर्मपुर की लौंगणी पंचायत के स्याठी गांव के आपदा प्रभावितों से मुलाकात करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

### केंद्र और राज्य मिलकर करें बादल फटने की घटनाओं का अध्ययन

**उन्होंने** कहा कि प्रदेश में बादल फटने की आठ से दस घटनाएं घटित हुई हैं। जलवायु परिवर्तन भी इसका एक कारण हो सकता है। केंद्र और राज्य सरकारों को सामूहिक रूप से ऐसी घटनाओं के कारणों का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडी जिला के थुनाग, जंजैहली और बगस्याड़ क्षेत्रों में भी भारी नुकसान हुआ है। प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं को बहाली के लिए कर्मचारी समर्पित भाव से काम में जुटे हुए हैं। कर्मचारियों की तत्परता से बगस्याड़ में सड़क को बहाल कर दिया गया है।

### मंडी में अब तक 13 लोगों की मौत, 29 लापता

**मंडी।** जिला मंडी में हुई भारी बारिश के कारण अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है और 29 अभी भी लापता हैं। वहीं, 152 लोगों को अब तक रेस्क्यू किया जा चुका है। जिलाभर में पांच रिलीफ कैंप में 357 लोग रह रहे हैं और अब तक 14 पुल ध्वस्त हो चुके हैं। 148 मकान, 104 गोशालाएं और 162 पशु काल का ग्रास बन चुके हैं। जिलाभर में 151 सड़कें बाधित हैं, जिनमें से 140 ग्रामीण सड़कें बंद हैं। वहीं, 489 टांसफार्मर ठप हो गए हैं और जिलाभर में 462 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं।

# केंद्र सरकार हर कदम पर हिमाचल के साथ : नड्डा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा बुधवार को अपने गृह जिला बिलासपुर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य और गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने नड्डा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। नड्डा ने डॉ. बिंदल को दोबारा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर बधाई दी और उनके नेतृत्व में पार्टी के और अधिक सशक्त होने की कामना की।



जगत प्रकाश नड्डा का स्वागत करते प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल।

**जेपी नड्डा का बिलासपुर में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से किया स्वागत**

बिलासपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान नड्डा ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार आपदा की इस घड़ी में हिमाचल सरकार के साथ पूरी तरह से खड़ी है। प्रदेश में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए केंद्र द्वारा सहायता राशि जारी की जा चुकी है और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. बिंदल तथा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में राहत कार्यों को गति दी जा रही है। नड्डा ने यह भी बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में हिमाचल के लिए केंद्र सरकार द्वारा करोड़ों रुपए की धनराशि जारी की गई है, लेकिन दुर्भाग्यवश प्रदेश सरकार उस राशि का समुचित उपयोग नहीं कर पाई है। उन्होंने इसे प्रदेशवासियों के साथ अन्याय बताया और राज्य सरकार से अपील की कि वह इस राशि का पूर्ण और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करे। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी चुनावी रणनीतियों और जनता से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। नड्डा ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे जनता से सीधे संवाद बनाए रखें और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं।

नड्डा के दौरे को आगामी राजनीतिक गतिविधियों के दृष्टिकोण से भी अहम माना जा रहा है, जहां भाजपा संगठन को नए जोश के साथ आगे बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर भाजपा के विधायक रणधीर शर्मा, जीतराम कटवाल, त्रिलोक जम्वाल, जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर, मीडिया प्रभारी भूपेश चंदेल भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हिमाचल को अपना घर मानते हैं और हर आपदा में हिमाचल के साथ खड़े हैं।

# अनिरुद्ध ने एनएचएआई को बताया देश का सबसे भ्रष्ट विभाग

## मंत्री बोले- अधिकारी ने किया अभद्र व्यवहार; 500 शिकायतें दर्ज, लोग मर रहे

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** एनएचएआई के अधिकारियों से मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद, पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने शिमला में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एनएचएआई को देश का सबसे भ्रष्ट विभाग बताया। उन्होंने हिमाचल में उसके बड़े नेक्सस और करोड़ों के घपले का दावा किया।



मंत्री ने एनएचएआई के निर्माण कार्यों में कटिंग के तौर-तरीकों पर सवाल उठाए और कहा कि नेशनल हाईवे बनाने के नाम पर बहुत बड़ी धांधली हो रही है। शिमला-कालका फोरलेन में करोड़ों का घपला होने का दावा करते हुए बताया कि अकेले शिमला में 500 शिकायतें दर्ज हुई हैं। सिंह ने कहा, लोग फोरलेन में मर रहे हैं। शिमला से शोधी के बीच कटिंग से दर्जनों घर गिरे हैं। उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों पर जनता के साथ अभद्र व्यवहार करने का भी आरोप भी लगाया।

अपने खिलाफ एफआईआर दर्ज होने को उन्होंने तथ्यहीन करार दिया। उन्होंने कहा कि इसका न तो कोई फोटो है और न ही कोई सबूत है।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें दिल्ली में बैठकर हालत का पता नहीं है। उन्होंने कहा कि वह विकास के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि उन अधिकारियों के खिलाफ हैं, जो घटिया डंगे लगा रहे हैं और ठेकेदारों से मिलकर गलत कर रहे हैं।

### पहले मंत्री, अब अधिकारी पर हुई एफआईआर

**पंचायत** मेंबर के अनुसार, 30 जून को जब उन्होंने गिरे हुए और असुरक्षित मकानों को लेकर एनएचएआई मैनेजर से बात करनी चाही तो उनके साथ मारपीट की गई। सोमवार रात 10.53 बजे एनएचएआई मैनेजर की शिकायत पर हिमाचल के मंत्री अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। मंत्री पर एनएचएआई मैनेजर ने पानी के घड़े से सिर पर हमला करने का आरोप लगाया है। अब एनएचएआई मैनेजर पर भी मामला दर्ज किया गया है।

# गोलीकांड मामले में धरने पर बैठे पूर्व विधायक बंबर ठाकुर की पुलिस अधिकारियों से धक्का-मुक्की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में बुधवार को गोलीकांड मामले को लेकर धरना-प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक बंबर ठाकुर और पुलिस अधिकारियों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। यह घटना उस समय हुई जब बंबर ठाकुर अपने समर्थकों के साथ उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना दे रहे थे।



उपायुक्त कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे बंबर ठाकुर।

बंबर ठाकुर ने आरोप लगाया कि गोलीकांड के मुख्य आरोपियों में से चौथा शूटर अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है और उनके जीवन पर लगातार खतरा मंडरा रहा है। इस मामले में प्रशासन और पुलिस की कार्रवाई नाकाफी रही है। धरने के दौरान बंबर समर्थकों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसी बीच मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी, डीएसपी मुख्यालय मदन धीमान और एसडीएम सदर डॉ. राजदीप पहुंचे। हालात उस समय तनावपूर्ण हो गए जब बंबर ठाकुर और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी बहस के बाद धक्का-मुक्की शुरू हो गई।

हालांकि, मौके पर तैनात अधिकारियों ने स्थिति को संभाला। सूत्रों के अनुसार, प्रशासन इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर सकता है, जबकि बंबर ठाकुर ने साफ संकेत दिए हैं कि अगर दोषियों को जल्द नहीं पकड़ा गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### अनिल अंबानी पर फिर मुसीबत

# एसबीआई ने रिलायंस कम्युनिकेशंस के लोन खाते को बताया 'फर्जी'

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस के लोन खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में चिन्हित करने का फैसला किया है। यह मामला अगस्त 2016 से विवादों में हैं। भारत के सबसे बड़े सरकारी बैंक ने 23 जून 2025 के एक पत्र में यह स्पष्ट किया है। रिलायंस कम्युनिकेशन को बैंक की तरफ से यह पत्र 30 जून को मिला है।

एक्सचेंज को दी गई जानकारी में कंपनी ने कहा कि कंपनी के लोन अकाउंट को एसबीआई ने धोखाधड़ी के रूप में क्लासिफाई किया है। इस खुलासे में एसबीआई की ओर से 23 जून को लिखे गए एक पत्र को शामिल किया गया, जिसमें इस फैसले के पीछे के तर्क को रेखांकित किया गया। (अनंत ज्ञान)

# वैश्विक नेताओं से बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हुए। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का पहला चरण है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है।



प्रधानमंत्री की इस यात्रा में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा शामिल हैं। पीएम मोदी ने इन देशों को भारत की विदेश नीति के लिए महत्वपूर्ण साझेदार बताया, जो ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग से जुड़े हैं। मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर मैं 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करूंगा। घाना ग्लोबल साउथ में एक मूल्यवान साझेदार है और अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास साझेदारी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की उम्मीद जताई। इसके बाद, पीएम मोदी 3-4 जुलाई को त्रिनिदाद और टोबैगो जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# आईआईटी रुड़की करेगा हिमाचल में भवनों के खतरों का ऑडिट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों से भवनों को हो रहे खतरे का ऑडिट आईआईटी रुड़की से करवाया जाएगा। यह जानकारी उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों के साथ हुई बैठक में दी।



मंत्री ने बताया कि आवासीय क्षेत्रों में जहां भी कटिंग की जाएगी, वहां पहले जगह का भी ऑडिट होगा। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि एनएचएआई के निर्माण कार्यों से भवनों को खतरा हो रहा है और कई जगहों पर अत्यधिक डंपिंग के कारण पानी के स्रोत सूख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वन भूमि पर निर्माण करते समय स्थानीय जनता को विश्वास में लेना आवश्यक है, क्योंकि इस भूमि पर उनका अधिकार है। मंत्री ने भट्टाकुफर में पांच मंजिला भवन गिरने की घटना पर बताया कि इस संबंध में केंद्रीय मंत्रालय को रिपोर्ट भेजकर प्रभावित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की जाएगी।

## अमरनाथ यात्रा — जम्मू से रवाना हुआ शिव भक्तों का जत्था आज करेगा प्रथम दर्शन

# जय बाबा बर्फानी के जयकारों से गूंजी कश्मीर घाटी

**एजेंसी, जम्मू**

जम्मू से रवाना हुआ शिव भक्तों का जत्था कश्मीर घाटी पहुंचा। बाबा बर्फानी के दरबार पहुंचने को बेकरार भक्तों के हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। भोले के ये भक्त श्री अमरनाथ की पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के रूप में विराजमान भगवान शंकर के वीरवार 3 जुलाई को प्रथम दर्शन करेंगे। श्रीनगर के पंथा चौक यात्री निवास पहुंचने पर डीसी अक्षय लाबरू और एसएसपी डॉ. जीवी संदीप ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।



कश्मीर घाटी पहुंचे श्रद्धालुओं में उत्साह देखते ही बनता था। उत्तर प्रदेश निवासी दीपा इसर ने कहा कि मैं इस यात्रा को लेकर बहुत उत्सुक थी। आप मेरी प्रसन्नता का अंदाजा नहीं लगा सकते। जैसे-जैसे मैं बाबा के नजदीक पहुंच रही हूं मेरी खुशी भी बढ़ती जा रही है। बस अब जल्द से जल्द बाबा के दिव्य दर्शन करने की इच्छा है। वहीं दिल्ली निवासी मुकेश कुमार का कहना था कि मैं हर वर्ष बाबा बर्फानी के दर्शन करने आता हूं। कोरोनाकाल के बाद से यात्रा पर नहीं आ पाया। मुझे ऐसा लग रहा था कि बाबा मुझसे रुष्ट हो गए हैं, परंतु इस बार पहले ही जत्थे के साथ बाबा बर्फानी के दर्शन करने का जो सौभाग्य उन्हें मिला है बम-बम भोले का ही आशीर्वाद है।

पवित्र गुफा की तरफ जाने के लिए दो मार्ग हैं। परपंगरात मार्ग नुनवन (पहलगाम) है और दूसरा मार्ग बालटाल का है। 37 दिन की यात्रा 9 अगस्त को संपन्न होगी। इस मौके पर उपराज्यपाल ने कहा कि यह पवित्र यात्रा आस्था और आत्म-खोज की यात्रा है। वह आध्यात्मिक साधकों को भगवान शिव के पवित्र धाम की ओर सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हैं। (अनंत ज्ञान)



# सीएम ने बस स्टैंड का निर्माण कार्य जांचा

## बोले-हमीरपुर बस स्टैंड का कार्य अगले वर्ष तक कर लिया जाएगा पूरा



मुख्यमंत्री सुक्खू हमीरपुर में निर्माणाधीन बस स्टैंड का औचक निरीक्षण करते हुए।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमीरपुर में निर्माणाधीन बस अड्डे का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर मीडिया कर्मियों के साथ बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बस अड्डे का कार्य अगले वर्ष तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि धन की कमी के कारण गत 20 वर्षों से इस बस अड्डे का निर्माण कार्य लंबित था।

प्रदेश के मुख्यमंत्री का पद्भार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस बस अड्डे का निर्माण कार्य तीव्र गति से करने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए इस बस अड्डे के धरातल तल को पार्किंग सुविधा के रूप में निर्मित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. राधा कृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर को शीघ्र ही लोगों को समर्पित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी।

उन्होंने कहा कि इस चिकित्सा महाविद्यालय के लिए फर्नीचर की खरीद के आदेश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में नवाचार सुधार कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल 21वें स्थान से पांचवे स्थान पर पहुंच गया है। राज्य के सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई शुरू की गई है और दो शिक्षा निदेशालयों को समायोजित कर एक डायरेक्टरेट ऑफ स्कूल एजुकेशन बनाया गया है। विद्यालयों के क्लस्टर बनाने के साथ-साथ वैश्विक शिक्षा पद्धतियों से विद्यार्थियों और शिक्षकों को अवगत करवाने के लिए शैक्षणिक भ्रमण की सुविधा दी जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

### सीएम ने सेरा विश्रामगृह में सुनी समस्याएं

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** मुख्यमंत्री ने बुधवार को सेरा विश्रामगृह में जनसमस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दूसरे दिन के प्रवास के दौरान भी काफी संख्या में लोग उनसे मिलने के लिए सेरा विश्रामगृह पहुंचे। उन्होंने अपनी समस्याओं व मांगों से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनका निपटारा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने नादौन शहर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। तथा नादौन को दी गई सौगातों के लिए उनका धन्यवाद किया।



सेरा विश्रामगृह में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

# सीबीएसई और कृषि खरीद केंद्र के ऐलान पर लोग खुश

## सीएम का सौगातों के लिए लोगों ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान टीम, हमीरपुर/नादौन**

दो दिवसीय प्रवास पर आए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने धनेटा के लिए सौगातों का पिटारा खोलने से लोग खुश हैं। मुख्यमंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, धनेटा में सहशिक्षा (को-एजुकेशन) के साथ-साथ सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने की घोषणा की, साथ ही, विद्यालय में विज्ञान संकाय की कक्षाएं शुरू करने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि धनेटा महाविद्यालय में बीएड और बीसीए पाठ्यक्रम आरंभ किए जाएंगे, जिससे स्थानीय छात्रों को उच्च शिक्षा के नए अवसर प्राप्त होंगे। इसके साथ ही किसानों की सुविधा के लिए उन्होंने नादौन में एक नया कृषि खरीद केंद्र खोलने की भी घोषणा की। स्वास्थ्य के क्षेत्र में धनेटा के लोगों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड करने की घोषणा की।

इसके अलावा कहा कि यहां पर डॉक्टरों को भी तैनात किया जाएगा, ताकि लोगों को उनके घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो सकें। स्थानीय निवासियों ने इन सभी सौगातों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

इन सभी तोहफों के लिए धनेटा जिला परिषद सदस्य संजय चौधरी, प्रधान पंचायत धनेटा मधुबाला, बीडीसी सदस्य कंचन धीमान, वार्ड सदस्य किशोर शर्मा, रेणु बाला, अनीता चड्ढा, भारत भूषण कपिल, पूर्व जिला परिषद सदस्य परसराम धीमान, प्रधान पंचायत भदरूं रणजीत गुलेरिया, प्रधान पंचायत बेरहड़ यशपाल शर्मा, सुनील धीमान, रुबनेश शर्मा, विनय सोनी, चंद्र प्रकाश नंदा, राजेश विज, रमेश कपिल, रजनीश ठाकुर, अनीश विज, पूर्व प्रधान सुभाष शर्मा, अतुल शर्मा, रिशु चड्ढा, नितिन कतना के साथ-साथ सभी इलाकावासियों ने सुखविंद्र सिंह सुक्खू को धन्यवाद दिया है। सभी ने कहा कि मुख्यमंत्री एक दूरदर्शी नेता हैं और नादौन विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि नादौन विधानसभा क्षेत्र के सभी निवासी मुख्यमंत्री की इस सोच के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### गरसाहड़ में पीपल का टियाला किया जाए ठीक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की गरसाहड़ पंचायत में मंदिर कमेटी की बैठक प्रधान सरोज कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सदस्यों ने सड़क निर्माण कार्य के चलते पीपल के प्राचीन टियाले को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त की। सदस्यों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग ने 5 जून को टियाले की मरम्मत का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने विभाग से आग्रह किया कि जल्द से जल्द कार्य शुरू किया जाए, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। बैठक में कर्म चंद, कृष्ण चंद, बीआर शर्मा, नवीन कुमार, चुनी लाल, किशोरी लाल, योग राज, अनिल कुमार, अमरजीत, संतोष कुमार, रवि कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में टियाले की मरम्मत शीघ्र करवाने की मांग उठाई। उधर, लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि टियाले की मरम्मत का कार्य शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### रोटरी क्लब में धूमधाम से मनाया अन्नपूर्णा दिवस



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** रोटरी क्लब हमीरपुर ने अपने नववर्ष की शुरुआत प्रथम जुलाई 2025 को अन्नपूर्णा दिवस मनाकर शुरू की। डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में लगभग 350 रोगियों और उनके अभिभावकों को शाम का खाना खिलाकर और मिठाइयां वितरित करके इस दिवस को मनाया। रोटरी क्लब के प्रधान डॉ. भगवती प्रसाद शर्मा व सचिव डॉ. विवेक शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ई. एसके धीमान ने की। इस अवसर पर क्लब के सदस्य रो. अनिल कपिल, रो. प्रदीप कुमार, रो. रवी शर्मा रो. अमरजीत लाल अत्री, रो. चंदन भारद्वाज, रो. ई. पंकज लखनपाल, रो. संदीप शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। रोटरी क्लब के प्रधान डॉ भगवती प्रसाद शर्मा ने आने वाले साल में हर तरह की गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

### विधायक ने स्वास्थ्य केंद्र उहल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विधायक कैप्टन रणजीत ने आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उहल का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। विधायक ने चिकित्सक लैब टेक्नीशियन फार्मासिस्ट व अन्य सभी कर्मचारियों से बातचीत कर जनता को हर सुविधा प्रदान करने को कहा। विधायक ने साफ सफाई की जांच की व स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि मरीज अस्पताल में ठीक होने के लिए आते हैं और ठीक होने के लिए स्वच्छता का होना आवश्यक है।

### चार लोग चिट्टे का सेवन करने के शक में पकड़े

**अशोक कुमार, अनंत ज्ञान, गलोड़।** पुलिस चौकी गलोड़ के अंतर्गत बुधवार को गुग्गा मंदिर को जाने वाली सड़क के एक छोर पर एकांत में बैठे हुए अलग-अलग गांवों के चार लोगों को गलोड़ पुलिस की टीम ने पकड़ा है। पुलिस को देखकर ये चारों इधर-उधर जाने लगे, मगर पुलिस ने इन चारों की तलाशी ली मगर इस तलाशी में इन चारों के पास कोई भी नशीला पदार्थ नहीं मिला, जबकि पुलिस को कुछ लोगों ने सूचना दी थी कि चार युवा इस जगह बैठ कर चिट्टे का सेवन कर रहे हैं और पुलिस ने भी तुरंत इस सूचना पर कार्रवाई अमल में लाई। जिस जगह ये युवा बैठे थे, उस जगह से पुलिस टीम को खाली इंजेक्शन मिले और फॉइल पेपर जिसका इस्तेमाल चिट्टे का नशा करने के लिए इस्तेमाल होता है, मौके पर मिले। पुलिस ने इस चारों से कड़ी पूछताछ की और खाली इंजेक्शन अपने कब्जे में ले लिए और आसपास भी तलाशी अभियान चलाया, लेकिन इन्होंने नशे का सामान कहां छिपा दिया, जिसे पुलिस ढूंढ नहीं पाई। गलोड़ पुलिस की टीम ने इन चारों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गलोड़ ले जाकर मेडिकल भी करवाया, अब मेडिकल की रिपोर्ट आने की बाद ही इन चारों ने कौन सा नशा किया था, की पुष्टि हो पाएगी। इस मामले पर गलोड़ पुलिस के प्रभारी विनय कुमार अत्री ने बताया कि मौके पर टीम गुप्त सूचना पर गई थी, मगर मौके पर नशे का सामान नहीं मिला, अलबत्ता खाली इंजेक्शन और फॉयल पेपर वहां मिले हैं, जिसकी बजह से इन चारों का मेडिकल करवाया गया है। रिपोर्ट आने के बाद इन चारों पर अगली कारवाई अमल में लाई जाएगी।

### हमीरपुर पुलिस को मिली दो अहम कामयाबियां

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हमीरपुर जिला पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में बड़ी सफलता हासिल की है। पहले मामले में 16 जून को थाना भोरंज में एक लड़के की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। यह लड़का डोडर गांव जिला मंडी का निवासी था, जिसकी लोकेशन दिल्ली में ट्रेस की गई। इसके बाद हमीरपुर पुलिस ने दिल्ली में कार्यवाही करते हुए लड़के को खोज निकाला और उसके परिजनों से संपर्क करवाकर उसे सकुशल वापस पहुंचाया। दूसरे मामले में, थाना भोरंज क्षेत्र से छतीसगढ़ की एक 18 वर्षीय युवती को बरामद किया गया है, जिसे वहीं का एक युवक बहला-फुसलाकर हिमाचल ले आया था। स्थानीय पुलिस की टीम ने युवती को बरामद कर लिया है। युवती के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे उनके हवाले किया जा रहा है। भोरंज थाना प्रभारी एसएचओ प्रशांत सिंह ठाकुर ने दोनों मामलों की पुष्टि की है।

### डॉ. राकेश की पुण्यतिथि पर किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** दीन दयाल अंत्योदय समिति बड़सर ने समिति संयोजक अद्भुत प्रतिभा के धनी दिवंगत डॉ. रकेश बबली की तृतीय पुण्यतिथि पर गारली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें लगभग 70 लोगों ने रक्तदान किया। दीन दयाल अंत्योदय समिति बड़सर के सचिव जीत शर्मा ने कहा कि राकेश बबली ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए जो सपने देखे थे, उनको पूरा करना समिति का एकमात्र लक्ष्य है। दीनदयाल अंत्योदय समिति क्षेत्र में समाज हितैषी कार्यक्रम निरंतर करती आई और आगे भी करती रहेगी। समिति अध्यक्ष रवि पटियाल ने समिति के आगामी कार्यक्रम हर पंचायत में नशे के दुष्प्रभावों से युवाओं को बचाने के लिए कमेटियों का गठन कर युवाओं को खेलों के साथ जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में महामंत्री राज भारद्वाज, प्रीतम चंद, विनय शारदा, दिनेश चंद, सोहारी पंचायत प्रधान रणजीत शर्मा, कयाराबाग पंचायत प्रधान प्रवेश कुमार, कोहडरा पंचायत प्रधान रविंदर कुमार, विजय लाडी, संदीप, सुरेश, राजेश, सुभाष, अजय, आशीष, रवि कानूनगो, सोमदत्त, अंकुश, अमित, मिंटू सहित समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### टीजीटी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 17 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने टीजीटी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 17 जुलाई कर दी है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इस भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा में 2 वर्ष की बढ़ोतरी तथा ऑनलाइन आवेदनों में त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए करेक्शन विंडो के प्रावधान के बाद कई पात्र उम्मीदवार आवेदन की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इसको देखते हुए आयोग के अध्यक्ष ने अंतिम तिथि को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि अब पात्र उम्मीदवार 17 जुलाई रात 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### एसोसिएशन ने वरिष्ठ सदस्य को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, नादौन।** रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें एसोसिएशन के कर्मठ सदस्य केहर सिंह ठाकुर निवासी गांव सिलह के निधन में दो मिनट का मौन रखकर शोक प्रक्ट किया गया है तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएस मिन्हास ने की। बैठक में चीफ पेर्टन पीडी शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय चौधरी, महासचिव प्रकाश ठाकुर, कैशियर यशपाल राणा, बिशंबर दत्त, ओम प्रकाश आनंद, बलदेव जम्बाल आदि उपस्थित रहे। एसोसिएशन के महासचिव प्रकाश ठाकुर ने बताया कि बैठक के बाद सभी पदाधिकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएस मिन्हास के नेतृत्व में पीड़ित परिवार का घर जाकर ढांढस बंधाया।

### पीएचसी धनेटा का दर्जा बढ़ाने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के धनेटा क्षेत्र की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था सर्व मंगल सभा धनेटा ने पीएचसी धनेटा का दर्जा बढ़ाकर सीएचसी का दर्जा दिए जाने पर मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार जताया है। सभा के चीफ पैटर्न चंद्र प्रकाश नंदा, पैटर्न भारत भूषण कपिल, अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, संस्थापक एवं महासचिव पीडी शर्मा, उपाध्यक्ष शक्ति चंद शर्मा तथा सदस्य ओम प्रकाश शर्मा, अशोक शर्मा, विजय शर्मा, सुभाष चंद्र, देश राज शीतल, रमेश शीतल, सुरेंद्र वर्मा, सुमरजीत कपिल, सतीश शर्मा, मदन लाल ठाकुर, योग राज, महेंद्र सैन, राजेश चड्ढा, संजीव कुमार, संजय कुमार, अनिल गुलेरिया, संतोष शर्मा, देशबंधु, प्रधान मधुवाला, पंचायत प्रधान भदरूं रणजीत राणा सहित 16 पंचायतों के सर्व मंगल सभा के प्रतिनिधियों ने धनेटा पीएचसी को सीएचसी का दर्जा दिए जाने के लिए आभार जताया है।

### सीएम सुक्खू का भोरंज में भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** धर्मपुर विधानसभा के आपदा प्रभावित क्षेत्र के निरीक्षण पर जा रहे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह का काफिला भोरंज विधानसभा क्षेत्र के ढो गांव से होकर गुजरा, तो वहां असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) के प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा की अध्यक्षता में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने परंपरागत अंदाज में गुलदस्तों, नारों के साथ भव्य स्वागत किया।

चेयरमैन राजीव राणा ने मुख्यमंत्री को असंगठित क्षेत्र के कामगारों, ग्रामीणों, महिलाओं, वृद्धजनों एवं आपदा से प्रभावित लोगों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने मुख्यमंत्री से क्षेत्र के लिए विशेष मूलक योजनाओं को लागू करने की भी मांग रखी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केकेसी चेयरमैन राजीव राणा की जनसंपर्क सक्रियता की सराहना की और राणा सहित समस्त कार्यकर्ताओं को जनहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया, जिससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा संचार हुआ। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, महिला कार्यकर्ता, युवा नेता, कर्मचारी प्रतिनिधि एवं कई सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे।

# 133 में से 54 पेयजल योजनाएं की बहाल

## डैमेज कंट्रोल में लगा जलशक्ति विभाग, हमीरपुर शहर में आज होगी पेयजल की आपूर्ति

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** बरसात से पहले जलशक्ति विभाग ने पेयजल योजनाओं को बाढ़ से प्रभावित होने के पूरे प्रबंध किए थे, लेकिन सारे प्रबंध धरे के धरे ही रह गए। पिछले दिनों हुई बारिश से जलशक्ति विभाग हमीरपुर सर्किल की लगभग 133 पेयजल योजनाओं को नुकसान हुआ है। अधिकतर पेयजल योजनाओं की पाइपें टूट चुकी हैं इसके अलावा पंपिंग मशीनरी जहां पर लगाई गई थी, वहां पर भर पानी और कीचड़ घुसा हुआ है।

मशीनरी को फिर से इंस्टॉल करने और मलबा निकालने का कार्य तो विभाग ने शुरू कर दिया है, लेकिन इसके लिए अभी समय लगेगा। बुधवार को इस योजनाओं की नुकसान को लेकर विभाग के अधीक्षक अभियंता, अधिशाषी भियंता, सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता ने निरीक्षण किया। वहीं, इन योजनाओं को चलाने के लिए भी विभाग पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। बुधवार को 133 पेयजल योजनाओं में से 54 योजनाओं को फिर से शुरू कर दिया है और लोगों को पानी की आपूर्ति की जा रही है। वहीं, हमीरपुर डिविजन की 54 पेयजल योजनाओं को नुकसान हुआ है जिसमें शहरी क्षेत्र की एक, ग्रामीण क्षेत्र की 36, सिंचाई योजनाएं 14 व सीवरेज की योजना के साथ बाढ़ कंट्रोल करने के लिए लगाए गए 2 क्रेटवायर भी बारिश के पानी में बह गए हैं।



बारिश से जल शक्ति विभाग को काफी नुकसान हुआ।

हमीरपुर डिविजन की बात करें तो एनआईटी हमीरपुर के लिए लौंगणी पेयजल योजना, हमीरपुर के लिए प्लाही से चलाई जा रही योजना और लंबलू क्षेत्र के लिए प्लाही से चलाई जा रही पेयजल योजना को भी नुकसान हुआ है। बता दें कि बुधवार को जलशक्ति विभाग ने सुजानपुर शहर के लिए पानी की आपूर्ति शुरू कर दी है, वहीं हमीरपुर शहर के लिए आने वाली स्कीम को ठीक किया जा रहा है। वीरवार को हमीरपुर शहर में पानी की आपूर्ति करने की संभावना है। इसके अलावा हमीरपुर जिला की सबसे बड़ी पेयजल योजना बमसन लगवालती पेयजल योजना को भी चलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इस बारे में जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नीरज भोगल ने बताया कि सर्कल की 133 पेयजल योजनाओं में से 54 योजनाओं को बहाल कर दिया है। उन्होंने बताया कि सुजानपुर शहर को पानी की सप्लाई शुरू कर दी है जबकि हमीरपुर शहर में वीरवार तक पानी की आपूर्ति कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कई पंप हाउसों में कीचड़ की स्थिती बनी हुई है पानी के साथ मिटटी भी बहकर पंप हाउसों में घुस गई है जिसे निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### ब्यास में उफान आने से पेयजल योजनाएं जलमग्न

**अनंत ज्ञान, नादौन।** ब्यास नदी, कुनाह खड्ड व मान खड्ड में बाढ़ आने से करीब एक दर्जन पेयजल उठाऊ योजनाएं जलमग्न हो गई हैं, जिस वजह से पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। लोगों के नलों में पानी नहीं आ रहा है। इसके चलते लोग पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। जलशक्ति विभाग पेयजल योजनाओं को रिस्टोर करने के लिए दिन-रात प्रयासरत है। नादौन शहर की पेयजल सप्लाई वीरवार तक बहाल हो सकती है। इस बारे में एसडीओ अमित चैधरी ने बताया कि नादौन शहर की पेयजल सप्लाई कल तक बहाल कर दी जाएगी। कुनाह खड्ड व मान खड्ड के किनारे की पेयजल योजनाओं को भी एक आध दिन में रिस्टोर कर दिया जाएगा, लेकिन ब्यास नदी से पेयजल उठाऊ योजनाओं को कुछ समय लग सकता है।

# पपलाह-छतैरहल मार्ग की हुई मरम्मत



पपलाह-छतैरहल मार्ग की नालियों को दुरुस्त करती लोनिवि की जेसीबी।

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

> ग्रामीणों ने जताया लोक निर्माण विभाग का आभार

उपमंडल भोरंज की पपलाह पंचायत के लोगों ने छतैरहल मार्ग की मरम्मत एवं सड़क किनारे नालियों के निर्माण कार्य को पूरा करने पर लोक निर्माण विभाग का आभार जताया है। यह सड़क क्षेत्र की एक प्रमुख संपर्क सड़क है, जिसकी हालत लंबे समय से अत्यंत खराब थी। जगह-जगह गहरे गड्ढे और क्षतिग्रस्त सतह के कारण यह सड़क खड्ड में तब्दील हो चुकी थी, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने बार-बार लोक निर्माण विभाग को सड़क की बदहाल स्थिति से अवगत करवाया और शीघ्र सुधार की मांग की थी।

विभाग ने स्थानीय जनता की मांग को गंभीरता से लेते हुए सड़क पर मरम्मत कार्य प्रारंभ किया। विभाग द्वारा जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क की समतलीकरण एवं गड्ढों की भराई का कार्य किया गया, वहीं जल निकासी को दुरुस्त करने के लिए सड़क के किनारे नालियों का निर्माण भी करवाया गया। ग्रामीणों में कुलदीप परवाना, रीपन कुमार, महेंद्र सिंह, परमानंद, पवन कुमार, प्रेम चंद, लेख राज, प्रताप चंद सहित समस्त ग्रामवासियों ने विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क की मरम्मत से न केवल उन्हें राहत मिली है, बल्कि बच्चों, बुजुर्गों और स्कूली विद्यार्थियों की आवाजाही भी अब सुरक्षित हो सकेगी। विशेषकर बरसात के मौसम में जलभराव और कीचड़ की समस्याएं अब काफी हद तक समाप्त हो जाएंगी।

लोनिवि के कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सड़क की दशा को लेकर प्रस्तुत मांग के आधार पर तत्काल कार्रवाई की गई। विभाग ने सड़क पर जेसीबी मशीन लगवाकर आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण करवाया है। भविष्य में भी सड़क का आवश्यकता अनुसार समय-समय पर रखरखाव किया जाएगा।

# गब्बा में मकान का डंगा गिरा 8 लाख रुपए का नुकसान



टपरे पंचायत के गब्बा गांव में भारी बारिश से क्षतिग्रस्त मकान का डंगा।

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** भारी बरसात के चलते टपरे पंचायत के गब्बा गांव में एक मकान का डंगा गिर गया, जिससे करीब आठ लाख रुपए का नुकसान हो गया। मौके पर राजस्व कर्मचारी ने जाकर नुकसान का जायजा लिया।

राजेश ठाकुर पुत्र नेकराम ने बताया कि डंगा गिरने से पूरे मकान को खतरा पैदा हो गया है। आपको बता दें कि राजेश ठाकुर हमीरपुर जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष हैं तथा लोगों की समस्याओं और दिक्कतों को लेकर अक्सर प्रशासन और सरकार तक बात रखते हैं और समस्याओं को हल भी करवाते हैं।

उन्होंने भारी बरसात के चलते लोगों को सतर्क रहने, खड्डों, नालों तथा खतरनाक स्पॉट पर न जाने की सलाह दी है।

### तीन पंचायतों में ग्राम सभाएं कंप्लीट

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बुधवार को विकासखंड बिझड़ी में ग्राम सभा की बैठक रखी गई थी ताकि ग्रामीण अपने क्षेत्र में होने वाले विकासात्मक कार्यों का खाका तैयार करके समय रहते कार्य पूरे हो सकें, परंतु विकासखंड बिझड़ी में अधिकतर ग्राम पंचायतें जिन में ग्राम पंचायत सकरोह, लोडर, सौर मोरशु, सुल्तानी, करैर, धवड़ियाना, गारली, उसनारकला, ज्योली देवी, कूल्हेड़ा संताना तथा सोहारी में ग्रामसभाएं कंप्लीट नहीं हो सकीं, जबकि ग्राम पंचायत महारल, पाहलू के साथ-साथ ग्राम पंचायत रैली में ग्राम सभा की बैठक कंप्लीट हुई है।

विकासखंड अधिकारी राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की विकास खंड बिझड़ी में 3 ग्राम पंचायतों में ही ग्राम सभा की बैठक पूर्ण हुई है।

**कामयाबी** बड़सर की बेटी ने भरतनाट्यम में ऑल इंडिया टॉपर बनकर बढ़ाया क्षेत्र का नाम

# शिवांगिनी ने जीता 'किसमें कितना है दम' का ग्रैंड फिनाले

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** बड़सर उपमंडल के कोठी गांव की बेटी शिवांगिनी ने किस में है कितना दम ग्रैंड फिनाले जीत कर इतिहास रच दिया है। यह ऑडिशन पंजाब के संगरूर में संपन्न हुआ हिमाचल की छोटी सी बेटी शिवांगिनी जिसने भरतनाट्यम में अपनी प्रस्तुति देकर जहां सबका मन मोह लिया, वहीं ऑल इंडिया लेबल पर टॉप पर रही है। जीटीवी के सौजन्य से आयोजित इस ग्रैंड फिनाले में हमीरपुर जिले की 18 वर्षीय बेटी ने वह कर दिखाया, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी।

18 से 20 वर्ष की इस कैटेगिरी में शिवांगिनी ने फर्स्ट ऑडिशन में एंट्री करने के बाद पीछे हटकर नहीं देखा। उसके बाद उसने प्री क्वार्टरफाइनल, फिर सेमीफाइनल तथा फाइनल में उसने अपनी कंपीटीटर्स हरियाणा की बेटी को हराकर ग्रैंड फिनाले का खिताब अपने नाम किया। शिवांगिनी के पिता राजेश कुमार पूर्व सैनिक हैं। उन्होंने बताया की भरतनाट्यम उसने तेलंगाना में सीखा है, उस वक्त मेरी पोस्टिंग वहां थी। भरतनाट्यम में ऑल इंडिया लेवल पर टॉपर रहना उसकी बहुत बड़ी अचीवमेंट है। शिवांगिनी की माता एक गृहिणी है, बड़ी बहन शगुन शर्मा लॉ कर रही है। बेटी की एक और बड़ी अचीवमेंट है कि या भरतनाट्यम के साथ-साथ खुद ही कोरियोग्राफर का कार्य भी करती है। मुख्यमंत्री सुक्खू, सांसद एवं पूर्व युवा खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने इस होनहार बेटी को ऑल इंडिया लेवल पर ग्रैंड फिनाले जीतने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।



ट्रॉफी के साथ प्रसन्नचित मुद्रा में शिवांगिनी।

### निकुंज धीमान ने जीती रनरअप ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

त्रिशा पब्लिक स्कूल जोलसप्पड के विद्यार्थी निकुंज धीमान ने किसमें कितना है दम सीजन 11 में रनरअप ट्रॉफी जीती है। इस प्रतियोगिता के चार राउंड हिमाचल में हुए। इसमें कला प्रतियोगिता में निकुंज धीमान ग्रैंड फाइनल के लिए चयनित हुए। ग्रैंड फिनाले का आयोजन पंजाब के संगरूर में हुआ। इसमें चार राज्यों पंजाब, हिमाचल, हरियाणा व उत्तराखंड के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में निकुंज धीमान रनरअप रहे।

स्कूल की ऑर्डिनेटर अनुकृति विशिष्ट ने निकुंज धीमान को एक होनहार छात्र बताया तथा ट्रॉफी जीतने पर बधाई दी।




किसमें कितना है दम सीजन 11 में सफलता मिलने पर दी निकुंज को बधाई।

# थप्पड़ कांड ने खोली हिमाचल में लोकतांत्रिक व्यवस्था की पोल : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

> बोले-मुख्यमंत्री अपनी कैबिनेट बुलाकर निंदा प्रस्ताव पारित करें

सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला है। राणा ने कहा कि जिस तरह एक कैबिनेट मंत्री ने सरेआम नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारी की पिटाई की, उसने हिमाचल में लोकतांत्रिक व्यवस्था की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने पूरे देश में हिमाचल को शर्मसार किया है और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी इस पर सख्त नाराजगी जताई है। राजेंद्र राणा ने कहा कि अगर मंत्री को किसी अधिकारी के कामकाज में कमी दिख रही थी तो शिकायत दर्ज करवा कर जांच करवाई जा सकती थी, लेकिन एक जिम्मेदार मंत्री का इस तरह हाथ उठाना शर्मनाक है।



उन्होंने कहा कि केंद्र ने प्रदेश में सड़क निर्माण के लिए 23,729 करोड़ रुपए दिए हैं और इस तरह की घटनाएं न सिर्फ व्यवस्था को चोट पहुंचाती हैं बल्कि प्रदेश की छवि भी धूमिल करती हैं। राजेंद्र राणा ने मांग की कि मुख्यमंत्री को तुरंत कैबिनेट की बैठक बुलाकर इस मंत्री के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादों को पूरा नहीं किया। महिलाओं को 1500 रुपए महीना, युवाओं को रोजगार, कर्मचारियों और पेंशनरों के बकाया भुगतान जैसे वादे हवा में लटके हुए हैं।

मेडिकल बिल और ठेकेदारों की पेमेंट भी लटकी पड़ी है, जबकि प्रदेश कर्ज में डूब रहा है। ऐसे में मंत्री अपनी नाकामी का गुस्सा अधिकारियों पर निकाल कर डंडातंत्र चला रहे हैं। मुख्यमंत्री की इस मामले में चुप्पी भी हैरान करने वाली है।

# न्यूज ब्रीफ

## एचआरटीसी परिचालकों को दो अतिरिक्त वेतन वृद्धि



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने हाल ही में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं, जिनमें हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के परिचालकों को बीस वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर दो अतिरिक्त वेतन वृद्धि प्रदान करने का महत्वपूर्ण आदेश भी समाविष्ट है। इसके अतिरिक्त, उच्च न्यायालय ने विभिन्न विभागों में पदोन्नति तथा विशिष्टता प्राप्त विभागों के स्थानांतरण से संबंधित प्रकरणों पर भी महत्वपूर्ण टिप्पणियां की हैं। एचआरटीसी परिचालकों को प्राप्त होगी दो अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायधीशों तरलोक सिंह चौहान एवं सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने एचआरटीसी में परिचालक के रूप में बीस वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को दो अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ प्रदान करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने एचआरटीसी द्वारा दिनांक 27 अप्रैल 2023 के कार्यालय आदेश, दिनांक 17 अक्तूबर 2022 की अधिसूचना तथा 27 जनवरी 2023 के पत्र को निरस्त कर दिया है, जिनके माध्यम से याचिकाकर्ताओं को यह लाभ प्रदान करने से अस्वीकार किया गया था। याचिकाकर्ताओं ने यह तर्क प्रस्तुत किया था कि वे बीस वर्ष से अधिक की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके हैं, अतः उन्हें 10 सितंबर 2015 की अधिसूचना के अंतर्गत दो अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए, जिसमें सेवानिवृत्ति पश्चात् के लाभ भी सम्मिलित हैं। तथापि, एचआरटीसी ने यह कहते हुए दावे को अस्वीकृत कर दिया था कि उन्होंने 10 सितंबर 2015 की पूर्ववर्ती अधिसूचना को 17 अक्तूबर 2022 की अधिसूचना के माध्यम से प्रत्याहृत कर लिया था। उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में पाया कि दो अतिरिक्त वेतन वृद्धि का यह विषय पूर्व में ही 29 नवंबर 2021 को निर्धारित हो चुका है, जब सुरेश एवं अन्यों के प्रकरण में समान लाभ प्रदान किए गए थे।

## आने वाले दिनों में भारी बारिश की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून इस बार कहर बनकर टूट रहा है। बादल फटने की घटनाएं और मूसलाधार बारिश ने पूरे राज्य में भारी तबाही मचाई है, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हो रहा है। इस साल मानसून की शुरुआत से ही देवभूमि को आसमानी आफत का सामना करना पड़ रहा है, जहां एक के बाद एक प्राकृतिक आपदाएं सामने आ रही हैं। जानकारी के अनुसार इस मानसून सीजन में हिमाचल में बादल फटने (क्लाउड ब्लास्ट) की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। ये घटनाएं विशेष रूप से पर्वतीय क्षेत्रों में कहर बरपा रही हैं। इस सीजन में हिमाचल प्रदेश को करोड़ों रुपये की धन हानि हुई है। रिपोर्टों के अनुसार, सैकड़ों घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं या पूरी तरह से ढह गए हैं। कृषि भूमि का एक बड़ा हिस्सा बाढ़ और भूस्खलन के कारण तबाह हो गया है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। सड़कों, पुलों और बिजली के खंभों सहित बुनियादी ढांचे को व्यापक क्षति पहुंची है, जिनकी मरम्मत में लंबा समय और भारी लागत लगने की उम्मीद है। पर्यटन उद्योग, जो हिमाचल की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख आधार है, भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है, क्योंकि पर्यटक सुरक्षा कारणों से अपनी यात्रा रद्द कर रहे हैं। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जिससे स्थिति और बिगड़ने की आशंका है। सरकार और स्थानीय प्रशासन राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं। प्रदेश के सामने यह एक बड़ी चुनौती है कि वह किस तरह इस प्राकृतिक आपदा से उबरता है और भविष्य में ऐसी घटनाओं के प्रभावों को कम करने के लिए खुद को कैसे तैयार करता है।



## नदौन के पास ब्यास नदी में एक और शव मिला

**अनंत ज्ञान, नादौन।** ब्यास नदी में एक और शव मिला है। यह शव ब्यास नदी में बह कर आया है और नादौन के पास ब्यास नदी के किनारे अटक गया है। लोगों ने इस शव को देखा और इसकी सूचना पुलिस थाना नादौन को दी। एसएचओ निर्मल सिंह के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम मौका पर पहुंची और शव को ब्यास नदी से बाहर निकाला। पुष्टि करते हुए एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि इस अज्ञात डैड बॉडी के बारे में मंडी, कुल्लू पुलिस थानों से संपर्क किया जा रहा है, ताकि इसकी शिनाखत हो सके। काबिलेगौर है कि बीते रोज भी ब्यास नदी में एक महिला का शव मिला था।

# गोहर और थुनाग में बाढ़ और भूस्खलन से लापता व मृतकों की संख्या 62 पहुंची

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान

**गोहर।** गोहर और थुनाग उपमंडल में 1 जुलाई को मूसलाधार बारिश ने ऐसे जख्म दिए हैं जिनकी शायद ही भरपाई हो सके। इस त्रासदी में लापता और मृतकों की संख्या 62 हो गई है और यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है। वहीं सैकड़ों पशु और अनेकों मकान व गऊशालाएं इस त्रासदी की भेंट चढ़ गए। हालांकि सोशल मीडिया और कुछ समाचार पत्रों ने यहां पर अनेकों बादल फोड़े गए लेकिन यह त्रासदी मूसलाधार बारिश के चलते हुई है।

बादल फटने की संख्या जिस प्रकार बताई जा रही है उसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि गोहर उपमंडल के देवीदहड़ से पंडोह की दूरी साठ किलोमीटर के लगभग है और ज्यूणी खड्ड, जिसमें बाढ़ आई थी, वहीं से शुरू होती है। इस दूरी को देखते हुए तो यहां सैकड़ों बादल फटने चाहिए थे। खैर सनसनी फैलाने के लिए इस प्रकार के हथकंडे अपनाए जाते हैं। बरहाल

- राहत व बचाव कार्य शुरू सीएम ने किया हवाई दौरा
- प्रशासन ने चौपर से भेजी प्रभावितों को राहत सामग्री
- बढ़ सकता है लापता और मृतकों का आंकड़ा

दोनों उपमंडलों में करीब दस घंटों तक हुई बारिश ने इस कदर तबाही मचाई कि अनेक स्थानों पर सड़क, बिजली, पानी मोबाइल आदि सब ठप्प हो गए।

थुनाग उपमंडल में हालात इस कदर बने हुए हैं कि एसडीआरएफ की टीम कड़ी मशक्कत के पश्चात दोपहर बाद पहुंच पाई है। समाचार लिखे जाने तक थुनाग उपमंडल के अधिकतर स्थानों में सड़क, बिजली, पानी व मोबाइल सेवाएं बिल्कुल ठप्प हैं। कृष्ण कुमार ने बताया कि गोहर उपमंडल में कुल 14 लोग लापता हुए हैं जिनमें से अभी तक 7 शव बरामद हुए हैं जबकि 7 लोग अभी भी लापता हैं।

### थुनाग उपमंडल में कुल 48 लोग हैं लापता

**गौरवजीत** सिंह ने बताया कि थुनाग उपमंडल में कुल 48 लोग लापता हैं जिनमें थूनाग से 16, जरोल से 7, चियूणी से 4, पांडव शिला से 3 तथा पखरैर पंचायत से 18 लोग लापता बताए गए हैं। इनमें से 3 शव बरामद किए गए हैं। वहीं गोहर उपमंडल की स्यांज पंचायत में 9, बाड़ा पंचायत में 2 तथा परवाड़ा पंचायत में 3 लोग लापता हो गए थे जिनमें से 6 शव बरामद कर लिए गए हैं। स्यांज पंचायत के बागा गांव में दो घरों में रह रहे 9 लोग बारिश के चलते आई बाढ़ में बह गए। इन लापता 9 में से अभी तक 5 शव बरामद हुए हैं।

### बाड़ा व परवाड़ा पंचायत में हुआ काफी नुकसान

**बाड़ा** व परवाड़ा पंचायत में भी इस त्रासदी से जान माल का काफी नुकसान हुआ है। परवाड़ा पंचायत के तलवाड़ा गांव में भूस्खलन से एक मकान जमींदोज हो गया जिसमें एक परिवार के मां, बेटे व बहु मलबे के नीचे दब गए जबकि उनकी नौ माह की बेटी इस घटना में सुरक्षित बच गई। इस घटना में एक शव बरामद किया गया है। वहीं बाड़ा पंचायत में दो व्यक्ति लापता हैं । गोहर प्रशासन की ओर से बाड़ा व परवाड़ा में टीम सहित पहुंचे आफिस कानूनगो कृष्ण ने बताया कि प्रशासन ने दो प्रेगनेंट महिलाओं को क्षेत्रीय चिकित्सालय मंडी भेजा है।

### मृत महिलाओं का किया अंतिम संस्कार

**स्यांज** पंचायत में मूसलाधार बारिश के चलते लापता हुए 9 लोगों में से 2 महिलाओं के शव कांगड़ा और जोगिंद्रनगर के समीप बरामद हुए थे। पोस्टमार्टम के पश्चात दोनों महिलाओं देवकू देवी व उमा के शव परिजनों को सौंप दिए गए। जिनमें से देवकू देवी का उसके गांव बागा के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

# हिमाचल बन रहा संभावनाओं और समाधान का केंद्र : राज्यपाल

संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान



- स्वस्थ, सशक्त और नशामुक्त हिमाचल की रखेंगे नींव

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश को सदैव 'ऑल सीजन-ऑल रीजन' की भूमि कहा गया है। यहां की प्राकृतिक विविधता, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था, वैज्ञानिक सोच, तकनीकी नवाचार और परिश्रमी जनशक्ति, देश के सशक्त निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दे रही हैं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने ये बात आज धर्मशाला में आत्मनिर्भर भारत प्रदर्शनी के उदघाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज का यह आयोजन 'आत्मनिर्भर भारत' की उस सोच को साकार करता है, जिसकी कल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सक्षम, स्वावलंबी और समृद्ध भारत के रूप में की है।

राज्यपाल ने कहा, 'मैं सभी संगठनों से अपील करता हूं कि वे 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना को पूरा करने में आगे आएं और प्रधानमंत्री के इस दिशा में किए जा रहे नवोन्मेषी प्रयासों में सहयोग करें ताकि भारत विकास के पथ पर और तेजी से अग्रसर हो सके। उन्होंने कहा कि आयोजन में कृषि, बागवानी, एमएसएमई, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य, अनुसंधान, रक्षा प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, ग्रामीण नवाचार व स्टार्टअप्स से संबंधित प्रदर्शनी और सत्र यह दर्शाते हैं कि हिमाचल अब केवल पहाड़ों का प्रदेश नहीं, बल्कि संभावनाओं और समाधान का केंद्र बन रहा है। उन्होंने ने कहा कि इस आयोजन की सार्थकता तब और बढ़ जाती है जब हम केवल आर्थिक या तकनीकी दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी विकास की बात करते हैं और यही कारण है कि मैं यहां राज्यपाल के रूप में चलाए जा रहे 'नशामुक्त हिमाचल अभियान' का विशेष उल्लेख करना चाहता हूं। डेस्टिनेशन हिमाचल तभी पूर्ण होगा जब हम एक स्वस्थ, सशक्त और नशामुक्त हिमाचल की नींव रखेंगे।

# प्रदेश में 3,698 परियोजनाएं क्षतिग्रस्त 240 करोड़ का नुकसान : अग्निहोत्री

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश में हाल ही में हुई भारी बारिश और भूस्खलन ने जल शक्ति विभाग की आधारभूत संरचना को भारी नुकसान पहुंचाया है। कुल 3,698 परियोजनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिनमें 2,786 जलापूर्ति, 733 सिंचाई और 41 सीवरेज परियोजनाएं शामिल हैं। विभाग द्वारा अब तक लगभग 240 करोड़ रुपए की क्षति का आकलन किया गया है।

उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जल शक्ति विभाग को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विभाग ने युद्धस्तर पर बहाली का कार्य शुरू कर दिया है, जिसमें पेयजल और सीवरेज सेवाओं की बहाली को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है ताकि आम जनता को जल्द राहत मिल सके। अग्निहोत्री ने जानकारी दी कि अब तक 1,591 जलापूर्ति परियोजनाओं को अस्थायी रूप से बहाल कर दिया गया है। विभागीय अधिकारी और तकनीकी कर्मचारी दिन-रात काम में जुटे हुए हैं ताकि शेष परियोजनाओं की बहाली भी शीघ्र सुनिश्चित की जा सके।

उप-मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि प्रदेश सरकार आपदा के इस मुश्किल समय में लोगों के साथ खड़ी है और जल शक्ति विभाग हर संभव संसाधन का उपयोग कर परियोजनाओं की बहाली में जुटा हुआ है।

# श्रीखंड महादेव यात्रा 10 से, नशा और गंदगी से रहें दूर

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

**आनी।** 10 जुलाई से 23 जुलाई तक चलने वाली श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। पंच कैलाशों में से एक उतर भारत की इस कठिनतम और पवित्र यात्रा मार्ग पर पिछले करीब 12 वर्षों से ब्राहटी नाला में साधना कर रहे सौरभ गिरी बाबा ने श्रद्धालुओं से विशेष अपील की है कि इस यात्रा को पिकनिक, मौज मस्ती के रूप में न लें, बल्कि इसे केवल भक्ति, आराधना और आत्मचिंतन का माध्यम बनाएं।

### पिकनिक स्पॉट नहीं श्रीखंड महादेव

सौरभ गिरी बाबा ने कहा, मैंने देखा है कि देश-विदेश से आए बहुत से लोग श्रीखंड यात्रा पर धार्मिक भाव से नहीं, बल्कि मौज-मस्ती के लिए आते हैं। इससे यात्रा की पवित्रता पर आंच आती है। यदि किसी को पिकनिक मनानी है तो वह कुल्लू, मनाली, मसूरी, धर्मशाला जैसे पर्यटन स्थलों पर जाए। श्रीखण्ड यात्रा केवल भगवान शिव की भक्ति और तपस्या के लिए है।

- सौरभ गिरी बाबा की अपील : धार्मिक यात्रा को पिकनिक न बनाएं भक्त






### नशे को लेकर युवाओं को बाबा की चेतावनी

**बाबा** ने चिंता जताई कि यात्रा के दौरान युवाओं में नशे का प्रचलन बढ़ रहा है। भांग को भोलेनाथ का प्रसाद बताकर नशा किया जाता है, लेकिन सच में प्रसाद होता तो हर मां-बाप इसे अपने बच्चों को खुशी से देते। यात्रियों से अपील है कि नशे से दूर रहें।

### स्वच्छता में बसते हैं भगवान

**सौरभ** गिरी बाबा ने यात्रियों से अपील की कि श्रीखंड यात्रा मार्ग पर गंदगी न फैलाएं। वहीं जून माह 17वीं बार श्रीखंड यात्र कर लौटे एक श्रद्धालु ने बताया कि पार्वतीबाग में गंदगी का अंबार हैं । उन्होंने अपील की है कि जो श्रद्धालु खाने पीने का सामान लेकर जाते हैं, वे कूड़े को अपने साथ ही वापस लाएं।

> नशे की रोकथाम के लिए न केवल श्रीखंड यात्रा के दौरान बल्कि हर समय पुलिस मुस्तैदी से काम कर रही है। यात्रा के दौरान हर पड़ाव पर यात्रियों की और वहां काम कर रहे व्यापारियों, पोर्टर की चेकिंग की जाएगी। कोई भी आपत्तिजनक वस्तु मिलने पर तय नियमों के तहत कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
>
> **-चंद्रशेखर कायथ, डीएसपी आनी।**

# 'ढटवाल की आवाज' रेडियो स्टेशन से प्रसारित होगी मंदिरों की आरती

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर, दियोटसिद्ध तथा ढटवाल क्षेत्र के सिद्ध चानो मंदिर के श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। अब इन दोनों पवित्र स्थलों की सुबह-शाम की आरती और मंदिर के विभिन्न कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण 'ढटवाल की आवाज' रेडियो स्टेशन के माध्यम से किया जाएगा।

- दियोटसिद्ध मंदिर और सिद्ध चानो मंदिर की होगी आरती

इससे देश-विदेश में बैठे लाखों श्रद्धालु अपने घरों से बाबा जी की आरती और भक्ति संगीत को सुन सकेंगे। इस ऐतिहासिक रेडियो स्टेशन की स्थापना हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के अथक प्रयासों से संभव हो सकी है। वहीं सेवानिवृत्त महानिदेशक (डीजी), पीआईवी कुलदीप सिंह ढटवालिया का विशेष योगदान रहा है। युवा मोर्चा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी आशीष ठाकुर ने भी इस मुद्दे को सांसद अनुराग ठाकुर के समक्ष पुरजोर तरीके से उठाया। आशीष ने बताया कि जनता किसी प्रभावशाली विकास परियोजना की प्रतीक्षा कर रही थी।

# सराज में अब तक की सबसे बड़ी त्रासदी, केंद्र से मांगी मदद : जयराम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



आपदा प्रभावितों का हाल पूछने जाते हुए जयराम।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि सराज क्षेत्र में राहत कार्यों में तेजी लाई जाए और लापता हुए दो दर्जन से अधिक लोगों की तलाशी में गंभीरता से काम किया जाए। बुधवार को अपने गृह विधानसभा क्षेत्र के कुकलाह और बगस्याड़ में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद उन्होंने कहा कि सराज क्षेत्र में तीन दिनों से न तो बिजली है और न संचार सेवाएं चल रही है।

केंद्र सरकार से बात कर एनडीआरएफ भेजने और राहत कार्यों के लिए वायुसेना के दो हेलिकॉप्टर भेजने की मांग की थी और तुरंत गृह मंत्री ने ये भेज भी दिए। आज एनडीआरएफ के कमांडेंट रजनीश से मौके पर बात कर लापता लोगों को तलाश करने को युद्धस्तर पर काम करने को कहा है।

जलशक्ति, लोक निर्माण और बिजली बोर्ड के चीफ इंजीनियर से बैठक कर उन्हें निर्देश भी दिए हैं। रात को उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने भी मिलकर नुकसान बारे जानकारी दी।

### आवागमन का रोपवे ही एकमात्र साधन

**कुक्लाह** और बाखली पुल टूट चुके हैं और अब इस क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन का एकमात्र साधन रोपवे ही है। कुक्लाह गांव के 9 प्रभावित परिवारों ने बताया कि उन्होंने आंखों के सामने अपने घर, सामान और जीवन भर की कमाई को बहते देखा।


### तबाही में बह गए घर, सेब बगीचे और जमीनें

**शरण** पंचायत के प्रधान ऋषभ और जिला परिषद सदस्य रजनी ठाकुर ने कहा कि सोमवार की वो रात यहां कहर बनकर आई। हमारे घर, सेब बागीचे और जमीनें भूस्खलन की चपेट में आई और फिर बाढ़ सब कुछ बहा ले गई। स्थानीय महिलाओं ने रोते हुए अपनी आपबीती बताई और कहा कि उनके मवेशी उनके सामने बह पर हम उन्हें बचा नहीं सके।

# बौद्ध परंपराओं से होगा उत्तराधिकारी का चयन : दलाईलामा

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

हिमाचल के धर्मशाला में बुधवार को शुरू हुए 15वें तिब्बती धार्मिक सम्मेलन के मौके पर दलाईलामा की ओर से यह साफ कर दिया गया है कि दलाईलामा की संस्था भविष्य में भी जारी रहेगी। साथ ही उन्होंने यह भी क्लियर किया कि उनके देहांत के बाद उनके उत्तराधिकारी का चयन भी तिब्बती बौद्ध परंपराओं के अनुसार ही होगा। तिब्बत और बौद्ध धर्म में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए दलाईलामा ने कहा है कि उनके उत्तराधिकारी के चयन में चीन की कोई भूमिका नहीं होगी। अगर चीन ऐसा करने की कोशिश भी करता है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पर चीन ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। चीन का कहना है कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी को केंद्र सरकार की मंजूरी लेनी होगी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा दलाई लामा के पुनर्जन्म को चीनी कानूनों और नियमों के साथ-साथ धार्मिक अनुष्ठानों और ऐतिहासिक परंपराओं का भी पालन करना होगा। बता दें कि धर्मशाला स्थित दलाईलामा लाइब्रेरी एंड आर्काइव में 3 दिवसीय धार्मिक सम्मेलन शुरू हुआ है, जिसमें तिब्बती बौद्ध धर्म की विभिन्न परंपराओं के प्रमुख लामाओं, तिब्बती संसद, सिविल सोसाइटी, संगठनों और दुनिया भर से आए तिब्बती समुदाय के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। दलाईलामा ने अपने वीडियो संदेश में कहा-1969 में ही हमने यह स्पष्ट कर दिया था कि संस्था को जारी रखने का निर्णय संबंधित लोगों को करना चाहिए। पिछले 14 वर्षों में हमें दुनिया भर से, विशेषकर तिब्बत से, संस्था को जारी रखने के आग्रह मिले हैं। उन्होंने कहा कि 24 सितंबर 2011 को भी उन्होंने कहा था कि जब वह 90 वर्ष के आसपास हो जाएंगे, तब इस विषय पर निर्णय लेंगे।



### गादेन फोडंग ट्रस्ट को सौंपी जिम्मेदारी

**14वें** दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो ने वीडियो संदेश के माध्यम से बताया कि उन्होंने अपने उत्तराधिकारी के चयन की जिम्मेदारी 'गादेन फोडंग ट्रस्ट' को सौंपी है। उन्होंने दोहराया कि अगले दलाईलामा की पहचान और मान्यता की पूरी प्रक्रिया का अधिकार केवल ट्रस्ट को है। कोई अन्य व्यक्ति, संगठन या सरकार इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

### चीन भी नहीं कर सकता नियुक्ति

**दलाईलामा** ने कहा कि ट्रस्ट के अलावा कोई और अगले दलाईलामा की नियुक्ति नहीं कर सकता है। इस घोषणा ने उन चर्चाओं पर विराम लगा दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि चीन मौजूदा दलाईलामा की मौत के बाद खुद 15वें दलाईलामा की नियुक्ति कर देगा।

# हिमाचल में आपदा राहत के लिए युद्धस्तर पर प्रयास : विक्रमादित्य

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

- पीडब्ल्यूडी और जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द की

हिमाचल प्रदेश में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से हुए व्यापक नुकसान के बाद, राज्य सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बहाली कार्यों में तेजी लाने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के सभी कर्मचारियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं, ताकि सड़कों और पेयजल आपूर्ति को जल्द बहाल किया जा सके।



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि मंडी, कुल्लू, किन्नौर और सिरमौर जिलों में जान-माल की भारी क्षति हुई है। दोनों विभागों के लगभग 25,000 कर्मचारियों को फील्ड में तैनात किया गया है। मंत्री ने अगले चार दिनों के भीतर सभी बाधित सड़कों को बहाल करने के सख्त निर्देश दिए हैं। यांत्रिक विंग को 13 नए बेली ब्रिज बनाने के आदेश दिए गए हैं, जो भविष्य में ऐसी स्थितियों से निपटने में सहायक होंगे।

### नए भवनों के निर्माण पर लगी रोक

लोक निर्माण विभाग के सभी चारों जोन के मुख्य अभियंताओं को मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेने और राहत कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। राहत कार्यों की निरंतर निगरानी और समन्वय के लिए डिवीजन और सब-डिवीजन स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने मौसम साफ होने तक नए भवनों के निर्माण पर रोक लगा दी है।

### विभाग इंजीनियर 24 घंटे फील्ड में तैनात

**विक्रमादित्य** सिंह ने पुष्टि की कि बादल फटने और मूसलाधार बारिश के कारण हुई क्षति के मद्देनजर, विभाग के इंजीनियर चौबीसों घंटे फील्ड में तैनात हैं और अपडेट ली जा रही है।

**खुशी** — हिमाचल में सेब की 'मीठी' दस्तक, एपीएमसी ने कसी कमर, ठगी पर लगेगी लगाम

# टाइडमैन और रेड जून ने घोली मिठास, बागवानों के खिले चेहरे

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की 5,000 करोड़ रुपए से अधिक की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार, सेब का मौसम धमाकेदार शुरुआत कर चुका है। इस बार शुरुआत में ही टाइडमैन और रेड जून जैसी शुरुआती वैरायटियों ने मंडियों में दस्तक दे दी है, और खुशी की बात यह है कि इन्हें रिकॉर्ड तोड़ अच्छे दाम मिल रहे हैं, जिससे बागवानों के चेहरे खिल उठे हैं।

जानकारी के अनुसार राज्य की प्रमुख सेब मंडियां जैसे पराला, भट्टाकुफर, खेससु, निरमंड, रोहड़ू, नेरवा, सैंज, करसोग, चुराग, कुल्लू, बंजार और आनी में सेब की आवक शुरू हो चुकी है। लिहाजा बागबानों और खरीदारों की भीड़ से मंडियां गुलजार दिख रही हैं। शिमला-किन्नौर एपीएमसी (कृषि उपज मंडी समिति) ने सेब सीजन के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। बागबानों के हितों की रक्षा के लिए एपीएमसी ने कड़े नियम लागू किए हैं और टीमें गठित की हैं।



- एपीएमसी की सख्त निगरानी, बागवानों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता

ये टीमें आढ़तियों के लाइसेंस की जांच करने और लदानियों की व्यवस्थाओं पर कड़ी नजर रखेंगी। एपीएमसी ने स्पष्ट कर दिया है कि इस बार पहले से कहीं अधिक सख्त नियम लागू किए गए हैं ताकि किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बागवानों को बचाया जा सके।

### टाइडमैन को मिला बढ़िया दाम, यूनिवर्सल कार्टन अनिवार्य

**शिमला** की भट्टाकुफर मंडी से एक बेहद उत्साहजनक खबर सामने आई है। यहां टाइडमैन सेब की एक पेटी को 2200 रुपए तक का रिकॉर्ड दाम मिला है। यह पहली बार है जब टाइडमैन जैसी शुरुआती किस्म को इतनी ऊंची कीमत मिली है, जो निश्चित रूप से बागवानों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है।

### पैकिंग को यूनिवर्सल कार्टन ही इस्तेमाल करें : जगत सिंह नेगी

**बागवानी** मंत्री जगत नेगी ने सभी बागवानों से यूनिवर्सल कार्टन का इस्तेमाल करने की अपील की है। सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मंडियों में केवल और केवल यूनिवर्सल कार्टन में ही सेब की आवक होगी, जिससे पैकिंग में गुणवत्ता बनी रहे।

### कम पैदावार की आशंका

**इस** उत्साहजनक शुरुआत के बावजूद, इस साल मौसम के खराब मिजाज के कारण सेब की पैदावार कम रहने की आशंका है। पिछले पांच सालों के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2020-21: 2,40,53,099 पेटियां, 2021-22: 3,05,95,058 पेटियां, 2022-23:3,36,17,133 पेटियां (उत्पादन का उच्चतम स्तर), 2023-24: 2,11,11,972 पेटियां (मौसम की बेरुखी के कारण गिरावट)। मौसम के चलते पैदावार कम होने की संभावना है, लेकिन कीमतें बड़ी राहत बनकर आई हैं।

# कांग्रेस सत्ता चलाने में रही विफल : कर्ण नंदा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सियासी पारा गरमा गया है। भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली और उसके शीर्ष नेताओं पर गंभीर सवाल उठाए। नंदा ने पीडब्ल्यूडी मंत्री अनिरुद्ध सिंह की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पर की गई टिप्पणी को लेकर कड़ी निंदा की, जबकि कांग्रेस नेता बंबर ठाकुर की भूमिका पर भी तीखे सवाल दागे।



नंदा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ अनिरुद्ध सिंह की टिप्पणी को शुद्ध राजनीतिक प्रतिशोध बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि गडकरी ने हिमाचल को 1 लाख करोड़ की सौगात दी है, ऐसे में उन पर इस तरह का हमला कृतघ्नता दर्शाता है। कांग्रेस नेता बंबर ठाकुर के मामले में, नंदा ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है और अगर कोई शिकायत थी तो कानूनी प्रक्रिया का पालन करना चाहिए था। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे के दौरान बंबर ठाकुर के कथित हमले पर भी सवाल उठाए । अपने बयानों को आगे बढ़ाते हुए, नंदा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को गृह मंत्रालय का प्रभार छोड़ने की चुनौती दी।

ज्योतिषाचार्य शशिपाल ने बिंदल के तीसरे कार्यकाल पर की भविष्यवाणी, कहा-

# कार्यकाल देगा यश, संघर्ष और चुनौतियां

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश भाजपा की कमान संभालने वाले डॉ. राजीव बिंदल को लेकर जाने माने अंक ज्योतिषी एवं वशिष्ठ ज्योतिष सदन के अध्यक्ष पंडित शशिपाल डोगरा अंक गणित को हिसाब से आकलन किया है। उनके मुताबिक अंक गणना कहती है कि डॉ. बिंदल का यह तीसरा कार्यकाल यश, संघर्ष और चुनौतियों वाला रहेगा। उनकी गणना कहती है कि शनि अंक के प्रभाव से संगठन को अंदर और बाहर विरोध व चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। विशेष रूप से चापलूसों से सावधान रहने और फैसले सोच-समझकर लेने होंगे।



### ज्योतिषाचार्य ने ऐसे की भविष्यवाणी

**पंडित** डोगरा ने प्रदेश भाजपा के 16वें अध्यक्ष के रूप में डॉ. राजीव बिंदल के निर्वाचन के बाद अहम गणना की है। डॉ. राजीव बिंदल का जन्म 12 जनवरी 1955 को हुआ है। अंक ज्योतिष के हिसाब से उनका 1+2=3 अंक बनता है जो गुरू का अंक है। वहीं भाग्यांक 6 बनता है, जो शुक्र का अंक है। उन्होंने कहा कि डॉ. बिंदल ने 30 जून को अपने मूलांक 3 पर नॉमिनेशन किया, जो एक शुभ संकेत है। 1 जुलाई 2025 को प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा की गई। 1 अंक सुर्य का अंक है जो सत्ता नेतृत्व व नए शुरूआत का कारक है। वहीं 1+7+2+0+2+5=17 =1+7=8 अंक, जो शनि का अंक है। शनि परिश्रम, संघर्ष अनुशासन व लंबी पारी का कारक है। पंडित डोगरा को मुताबिक 1 अंक सूर्य का अंक व डॉ. बिंदल का मूलांक 3 जो गुरू का अंक है। इन दोनों अंकों के मेल के कारण नई जिम्मेदारियों को बढ़ता है। वहीं मूलांक 3 के साथ 8 अंक शनि के कारण आगे बढ़ने के संकेत देता है। वहीं भाग्यांक 6 शुक्र के साथ 1 अंक सूर्य के साथ लोकप्रियता बढ़ा सकता है। महिलाओं के द्वारा संकट की स्थिति भी बढ़ा सकता है। पंडित शशिपाल डोगरा की गणना कहती है कि 2025 का 2+0+2+5=9 अंक मंगल का अंक है, जो अग्नि तत्व है ऐसा में मंगल इस वर्ष में ऊर्जा व साहस को बढ़ा सकता है। पं. शशिपाल डोगरा के मुताबिक नेता प्रतिपक्ष का मूलांक 6 है जो शुक्र का अंक है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का मूलांक 3 है, जो गुरु का कारक है। ये दोनों अंक शत्रु अंक है,आपस में मतभेद देगा और भाजपा में संकट आ सकता है। ऐसे में बड़ी सूझबूझ से चलना पड़ेगा।

# जल शक्ति विभाग धीरा ने पेयजल समस्या का किया स्थायी हल


पाइपों के स्थान को बदलकर ब्लॉक लगाए।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** पिछले कई वर्षों से खड़ौठ परौर पेयजल योजना के तहत ताहल खड्ड पर गुजरती पानी की पाइपें भारी बरसात में बह जाती थीं, लेकिन अब जलशक्ति विभाग ने स्थायी हल कर लोगों को राहत दी है। जलशक्ति विभाग ने पाइपों के स्थान को बदलते हुए षष्ट ब्लॉक लगाने की व्यवस्था करके इस समस्या का स्थायी समाधान करने का प्रयास किया है, जो कारगर साबित हो रहा है।

हर साल पाइपें बहने से एक दर्जन गांवों की जनता को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ता था। जलशक्ति विभाग उपमंडल धीरा के सहायक अभियंता डिंपल कुमार ने बताया कि जनता की बरसात के मौसम में पानी की पाइपों के टूटने की समस्या का स्थायी हल ढूंढ लिया है। इसके लिए 15 लाख रुपए की लागत आई है। करीब पिछले 15 दिन से हो रही भारी बारिश में इस विभागीय प्रक्रिया के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

# पठानिया ने लिया शाहपुर में फोरलेन निर्माण से हुए नुकसान का जायजा

## बोले - आपदा प्रबंधन के लिए पंचायत स्तर पर विशेष कमेटियों का गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** विधानसभा में उप मुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने मंगलवार को शाहपुर क्षेत्र में पठानकोट-मंडी फोरलेन निर्माण के चलते हुए नुकसान का निरीक्षण किया।

सुबह 7 बजे उन्होंने रैत क्षेत्र में ओवरब्रिज के समीप प्रभावित परिवारों से भेंटकर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इसके बाद उन्होंने नगर पंचायत शाहपुर के सबसेर्ड नंबर 6, बंदला ब्रिज और 39 मील क्षेत्र में नुकसान का जायजा लिया। स्थानीय विश्राम गृह में उन्होंने एनएचएआई, निर्माण कंपनी व प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तार से स्थिति की समीक्षा की और प्रभावित क्षेत्रों का मौके पर जाकर आकलन कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पठानिया ने बताया कि शाहपुर, सारनू, द्रम्मण और 39 मील जैसे प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान के अनुसार रिलीफ मैनुअल के तहत उचित मुआवजा प्रदान किया जाएगा।


पठानकोट-मंडी फोरलेन निर्माण के चलते हुए नुकसान का निरीक्षण करते केवल सिंह पठानिया।

इस संदर्भ में उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भी चर्चा की है और मुख्यमंत्री ने मुआवजे को लेकर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि शाहपुर प्रदेश का पहला ऐसा विधानसभा क्षेत्र बना है, जहां पंचायत स्तर पर आपदा प्रबंधन के लिए विशेष कमेटियों का गठन कर उनके संपर्क नंबर सार्वजनिक किए गए हैं। निचली सिंहवा से लेकर राजोल तक फोरलेन का अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे घबराएं नहीं, प्रशासन और जनप्रतिनिधि हर परिस्थिति से निपटने को तैयार हैं।

# मनरेगा योजना में 20 कार्यों की शर्त को हटाए प्रदेश सरकार : मनजीत

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्रदेश में बरसात ने कहर बरसाना शुरू कर दिया है। तीन दिन भारी बारिश होने से बड़ी संख्या में जान-माल को नुकसान पहुंचा है। इन हालातों पर काबू पाने के लिए मनरेगा योजना बड़ी राहत का कार्य कर सकती है, परंतु प्रदेश सरकार द्वारा शर्त लगाई गई है, कि एक पंचायत एक समय में 20 कार्यों का ही मसटरोल निकल सकती है, जब तक यह कार्य पूर्ण नहीं होंगे, तब तक अन्य कार्य को मंजूरी नहीं मिलेगी। किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने कहा कि मनरेगा योजना में तकनीकी रूप में कई प्रकार की जटिलताओं तथा औपचारिकताओं के चलते तथा मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों तथा मटेरियल के लिए धन की अदायगी में लगातार देरी के चलते मनरेगा के तहत हुए कार्यों को समय पर बंद करना संभव नहीं हो पा रहा है। डोगरा ने सरकार से मांग की कि बरसात की वजह से हो रहे नुकसान को ध्यान में रखते हुए मनरेगा योजना में 20 कार्य की शर्त तुरंत हटाई जाए।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल के निदेशक सनी महाजन को नवाजा

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल एवं पीडब्ल्यूएस अर्ली ईयर्स और मोशन पठानकोट के निदेशक सनी महाजन को उधमपुर रेंज की उप पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) सारा रिजवी (आईपीएस) द्वारा सम्मानित किया गया और अभिनंदित किया गया। इस अवसर पर श्री महाजन के शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान और छात्रों की अकादमिक उत्कृष्टता व समग्र विकास के प्रति उनके दूरदर्शी नेतृत्व को सराहा गया।

रिजवी ने प्रताप वर्ल्ड स्कूल की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की, जिसने लगातार उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम, खेलों में शानदार प्रदर्शन और समग्र शिक्षा की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। उन्होंने स्कूल के आधुनिक दृष्टिकोण की भी प्रशंसा की, जिसमें उन्नत बुनियादी ढांचा, चरित्र निर्माण की पहल और छात्रों में रचनात्मकता व नवाचार पर विशेष बल दिया जाता है। सनी महाजन ने कहा कि यह सम्मान प्राप्त करना मेरे लिए अत्यंत गर्व और विनम्रता का विषय है। उनकी सराहना हमारे पूरे दल के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। प्रताप वर्ल्ड स्कूल में हमारा उद्देश्य हमेशा यही रहा है कि हम अपने छात्रों को ऐसा ज्ञान, मूल्य और कौशल प्रदान करें जिससे वे जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें।



डीआईजी सारा रिजवी ने शिक्षा और समग्र विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित

# फॉल आर्मी वर्म से निपटने के बताए तरीके

## मक्की की फसल को पहुंचाता व्यापक क्षति, छिड़काव करने की दी सलाह

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** फॉल आर्मी कीट मक्की की फसल को व्यापक क्षति पहुंचा रहा है। इस कीट के संक्रमण की निगरानी के लिए विभागीय अधिकारियों की एक डायग्नोस्टिक टीम का गठन किया है। इस टीम में कृषि विज्ञान केंद्र के कीट विज्ञान विषय वाद विशेषज्ञ, जिला कृषि अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी, आत्मा परियोजना के उप परियोजना निदेशक और ब्लॉक स्तर पर विषय वाद विशेषज्ञ को शामिल किया गया है। इसके तहत कृषि विभाग जिला कांगड़ा की राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर की टीम ने कृषि विकास खंड नगरोटा सूरियां के कोटला क्षेत्र के अंतर्गत नियांगल पंचायत के गांव नियांगल, भटोली और बाड़ा का दौरा किया। इस दौरान टीम में मुख्य रूप से कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर से कीट वैज्ञानिक डॉक्टर सुखदेव शर्मा ने बताया अगर कीट का प्रकोप 10 प्रतिशत से कम हो तो 5 मिलिलीटर नीम आधारित कीटनाशक प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। कीटग्रस्त पौधों को खेत से निकालकर गड्ढे में दबाकर नष्ट करें।



राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर की टीम ने कई गांवों का दौरा किया।

यदि प्रकोप 10 प्रतिशत से अधिक हो तो 0.4 ग्राम एमामैक्टिन बेंजोएट 5 एसजी प्रति लीटर पानी, 0.4 मिलिलीटर क्लोरएन्ट्रानिलीप्रोल 18.5 एससी (कोराजन) प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर से डॉ. रीता ठाकुर कृषि विकास अधिकारी ने किसानों को सलाह दी है कि वे नियमित रूप से अपनी फसल का निरीक्षण करें और आवश्यकतानुसार समय पर कीटनाशकों का छिड़काव करें। प्रारंभिक अवस्था में यह कीट पत्तों पर सूई जैसे छोटे-छोटे छेद करता है, जो बाद में बड़े अनियमित सुराखों में बदल जाते हैं। सुंडियां गोभ के अंदर छिपकर पत्तियों को खाती हैं तथा कई बार तने में घुसकर उसे खोखला कर देती हैं, जिससे पौधा मर जाता है। उन्होंने किसानों को फॉल आर्मी वर्म से निपटने के लिए सुझाव दिए तथा प्रयोगशाला में निर्मित जैविक कीटनाशक के छिड़काव के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### कीट की चपेट में आए पौधे को उखाड़ कर जमीन में दबाएं

**किसान** अपने खेतों में फसल बिजनेस से 10-15 दिन के लिए गहरी जुताई कर खुला छोड़ दें, ताकि सूर्य की किरणें जमीन के अंदर जा सकें। जिस पौधे को कीट ने अपनी चपेट में लिया है उस पौधे को उखाड़ कर जमीन के अंदर दबा देना चाहिए। स्प्रे करते समय नोजल को मक्की के पत्ती गोभ की ओर निर्देशित करें, ताकि कीटनाशक सीधे कीट पर प्रभावी हो सके। मक्की में फूल आने की अवस्था से लेकर फसल कटाई तक किसी भी कीटनाशक का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। कृषि विभाग की राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर से विषयबाद विशेषज्ञ डॉक्टर अंजू ठाकुर ने बताया कि यह कीड़ा फसलों को बहुत हानि पहुंचा रहा है। इस कीट की सुंडी अवस्था मक्की की पत्तियों, पत्ती गोभ (भंवर) तथा तने को नुकसान पहुंचाकर फसल को पूरी तरह से नष्ट कर देती है।

# अधिकारी को पीटने की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार एक ही रात में 17 जगह बादल फटे और 18 लोग मर गए, जबकि 34 लोग लापता हैं। रात के अंधेरे में अपने घरों में सोये हुए लोग घरों के समेत बहने लगे। हिमाचल के इतिहास में पहली बार ही प्रदेश के एक मंत्री ने केंद्र सरकार के एक उच्च अधिकारी को प्रदेश के एक एसडीएम और लोगों के सामने पीट दिया, उसे बचाने के लिए जब दूसरा अधिकारी आया तो उसकी भी पिटाई कर दी। इन दोनों समाचारों से प्रदेश के लोग आहत हैं। उन्होंने कहा कि भयंकर वर्षा से चारों तरफ असाधारण मुसीबत आ रही है।

सरकार पूरी कोशिश कर रही है। भारत सरकार पूरी सहायता कर रही है। प्रदेश सरकार केंद्र सरकार का धन्यवाद करने में कंजूसी न किया करें। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि इस आपदा पर प्रदेश सरकार की ओर अधिक सहायता की जाए। शांता ने कहा कि प्रदेश के मंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से केंद्रीय सरकार के अधिकारी को पीटने की घटना एक अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और असाधारण है। किसी भी गलती या कमी पर केंद्र सरकार के अधिकारी को गुस्से से तो कहा जा सकता है और उनकी शिकायत केंद्रीय मंत्री से की जा सकती है, लेकिन इस प्रकार का व्यवहार अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को इस संबंध में कठोर 'शब्दों का प्रयोग करना पड़ा है। हिमाचल जैसे पहाड़ी प्रदेश में गडकरी का विभाग सबसे अधिक लाभदायक काम कर रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्रदेश का एक नया भाग्य बना रहे हैं। केंद्रीय मंत्री को इस घटना पर संज्ञान लेना पड़ा। यह और भी दुभार्ग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा प्रश्न यह खड़ा होता है कि सार्वजनिक रूप से इस प्रकार का व्यवहार करने वाला व्यक्ति क्या प्रदेश के मंत्री होने के योग्य है। ऐसा व्यवहार तो साधारण व्यक्ति को भी नहीं करना चाहिए। पंचायत के एक पंच से भी इस प्रकार के घटिया व्यवहार की उम्मीद नहीं की जा सकती। इस घटना से पूरे हिमाचल प्रदेश और प्रदेश सरकार की पूरे देश में बदनामी हुई है। मुख्यमंत्री की कड़ी परीक्षा है कि वे ऐसे व्यक्ति को कब तक मंत्रिमंडल में रखे रहते हैं। इस गंभीर विषय पर अतिशीघ्र कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।


बोले- प्रदेश के इतिहास में पहली बार एक ही रात में 17 जगह बादल फटे

# कुहना के श्यारू गांव में ब्यास नदी किनारे मिला व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पुलिस थाना रक्कड़ के तहत कुहना पंचायत के श्यारू गांव के ब्यास नदी के किनारे बुधवार को एक क्षत विक्षत हालत में व्यक्ति का शव मिला है। अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। रक्कड़ थाना से प्रभारी संदीप पटियाल व उसकी टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर देहरा सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। संदीप पटियाल ने बताया कि भारी बरसात के कारण ऊपरी इलाकों में कई लोगों के डूबने की आशंका है। ऐसे में हो सकता है यह शव उन डूबे लोगों में से किसी का हो। 72 घंटे तक शव को देहरा सिविल अस्पताल में शिनाख्त के लिए रखा जाएगा। पुलिस जिला देहरा कार्यालय या रक्कड़ थाना में संपर्क करें, ताकि उनको यह सुपुर्द की जा सके। पंचायत उपप्रधान संजीव शर्मा ने लोगों से अपील की कि नदी-नालों से दूर रहें और पंचायत प्रतिनिधियों से संपर्क करें।

# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job Opportunity — अनंत ज्ञान

### जूनियर इंजीनियर के भरे जाएंगे पद

कुल पद
3040
आयु : 18 से 30 साल
एजुकेशनः 12वीं पास
वेबसाइट
ssc.gov.in


आवेदन की अंतिम तिथि
21 जुलाई

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में भर्ती

क्वालिफिकेशन
ग्रेजुएट
प्रोबेशनरी ऑफिसर
541 पद
आयुः आयु : 21 से 30 साल
अंतिम तिथि
14 जुलाई
सैलरी : 48,480 रुपए बेसिक-पे


वेबसाइट
sbi.co.in

### रेलवे में भर्ती

कुल पद
6180
आयु : 18 से 27 साल
तकनीशियन ग्रेड I सिग्नल :
1100 पद
तकनीशियन ग्रेड III सिग्नल :
7900 पद


वेबसाइट
rrbapply.gov.in
आवेदन की अंतिम तिथि
28 जुलाई

### एम्स गुवाहाटी में फैकल्टी पदों की भर्ती

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन
MBBS, MS/MD, M.Ch, DM की डिग्री
सैलरी :
1,01,500 - 1,68,900 रुपए प्रतिमाह
वेबसाइट
aiimsguwahati.ac.in


आयु : 58 साल
आवेदन की अंतिम तिथि
18 जुलाई

**रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र**

# पुस्तकों से मित्रता कीजिए ये जीवन का होती हैं सौंदर्य

***मनुष्य के जीवन में पुस्तकें केवल ज्ञान का स्रोत नहीं, बल्कि आत्मा की खुराक होती हैं। वे हमारी सबसे सच्ची, मौन और निःस्वार्थ मित्र होती हैं। 'पुस्तकों से मित्रता कीजिए, ये जीवन का सौंदर्य होती हैं।' यह वाक्य न केवल प्रेरक है, बल्कि जीवन को सार्थक दिशा देने वाला भी है। आज विश्व और संपूर्ण ब्रह्मांड का संपूर्ण ज्ञान और रहस्य पुस्तकों के रूप में सुरक्षित और संरक्षित है। वर्तमान समय में विज्ञान और इंटरनेट के दौर में पुस्तकें हमारे जीवन में और भी अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। एक पुस्तक पढ़ने का अर्थ है कि लेखक के अनेक वर्षों के अनुभव और ज्ञान को समझते हुए आत्मसात करना, पुस्तकों के ज्ञान का कोई विकल्प नहीं हो सकता।***

**आज** विभिन्न साधनों से प्राप्त ज्ञान, अस्थाई और आधारहीन होता है और उनका कोई भी निश्चित आधार और संदर्भ भी नहीं होता है। जीवन के किसी भी क्षेत्र और करियर निर्माण में अच्छी पुस्तकें मील का पत्थर साबित होती हैं। विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में सफल होने के पीछे पुस्तकों का ही अनमोल योगदान रहता है। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें, विभिन्न महापुरुषों की आत्मकथाएं, प्रेरणादायक साहित्य और चरित्र निर्माण और जीवन विकास से संबंधित पुस्तकों का मानव जीवन में अमूल्य स्थान है। पुस्तकों से मित्रता करने का पहला लाभ यह है कि वे हमारे विचारों को व्यापक बनाती हैं। एक अच्छी पुस्तक किसी विश्वविद्यालय के पूरे पाठ्यक्रम से अधिक गहन सीख दे सकती हैं। इतिहास, विज्ञान, साहित्य, दर्शन या आत्म विकास, हर क्षेत्र की पुस्तकों से हमें अपने जीवन को बेहतर बनाने की प्रेरणा मिलती है।


विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी
शिक्षा खंड गैहरा,
जिला चंबा।

आज के डिजिटल युग में जहां ध्यान भटकाना आसान है, वहां पुस्तकें हमें एकाग्र बनाती हैं। पढ़ने की आदत न केवल हमारी स्मरण शक्ति को मजबूत करती है, बल्कि तर्कशक्ति और विश्लेषण क्षमता को भी बढ़ाती हैं। जब कोई साथ न हो, तब भी पुस्तकें हमें ज्ञान, भावनाएं और प्रेरणा देती हैं। ये कभी शिकायत नहीं करतीं, न थकती हैं, न ठुकराती हैं, केवल देती ही हैं। कहा भी गया है कि पुस्तकें स्वयं भले ही जमीन पर पड़ी रहती हैं, परंतु पढ़ने वाले को आसमान की बुलंदियों तक पंहुच आने का सामर्थ्य रखतीं हैं।

पुस्तकें केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि संस्कृति और परंपरा की वाहक भी होती हैं। पुस्तकें हमें केवल ज्ञान ही प्रदान नहीं करती बल्कि हमारे चरित्र निर्माण, आत्म-विकास और जीवन में विभिन्न परिस्थितियों में दृढ़ता से आगे बढ़ने का साहस और मार्ग भी प्रशस्त करती हैं। यह ज्ञान और अनुभव का अद्वितीय समायोजन होती हैं। आओ हम भी अपने जीवन में पुस्तकों के महत्व को समझें और निरंतर अध्ययन से अपने जीवन और करियर में उत्कृष्टता हासिल करने का प्रयास करें।



# कठिनाइयों में खुद को पहले से और बेहतर बनाना ही सफलता

**बेहतर** इंसान बनना कौन नहीं चाहता है। हर कोई चाहता है कि वह दुनिया का सबसे काबिल इंसान बने। हालांकि, जीवन के उतार-चढ़ाव के कारण ऐसा करना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन नामुमकिन नहीं। आप भी स्वयं का विश्लेषण करके और चीजों को अच्छे प्रबंधन करके लगातार शीर्ष पर पहुंच सकते हैं।

कठिनाइयों में खुद को पहले से और बेहतर बनाने का अर्थ है कि हर दिन, हर प्रयास में, आप अपने पिछले प्रदर्शन से कुछ सीखकर उसे और बेहतर बनाकर आगे बढ़ें। बड़ा सोचना अच्छा है, लेकिन छोटे से शुरू करना व्यावहारिक है। अपने लक्ष्य को पूरा करते समय एक बात का विशेष ध्यान रखें कि असफलताओं से कभी विचलित नहीं होना चाहिए तथा सफलता के मार्ग में जो भी कठिनाइयां पूर्व में आई हो, उनके बारे में सही तरीके से विश्लेषण करें तथा उन्हें दूर करके सफलता के परचम को पुनः लाहराएं तथा पूर्व की बधाओं के बारे में सोचकर कभी भी अपने आत्मविश्वास को प्रभावित न होने दें। खुद को बेहतर बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि नकारात्मक चीजों से बचें, जो व्यक्ति स्वयं अपनी गलतियों और कमजोरियों को जानता हैं वह अपने में अच्छे से सुधार कर सकता है। प्रतियोगी परीक्षाओं तथा अन्य परीक्षाओं में भी सफलता प्राप्त करने के लिए कठिनाइयों से विचलित न होकर खुद को पहले से और बेहतर बनाकर, ही सफलता को प्राप्त किया जा सकता है।


लकेश चंदेल
बिलासपुर।

# हिमाचल के सरकारी स्कूलों में एआई व रोबोटिक्स का नया युग

- तकनीक से बदल रही शिक्षा की तस्वीर
- छात्रों को मिल रहा भविष्य का हुनर
- समानता-अवसर प्रदान करने की हो रही पहल

*देवभूमि की शांत घाटियों और बुलंद पर्वतों के बीच शिक्षा का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। यहां की आबोहवा में अब केवल देवदार की सुगंध नहीं, बल्कि ज्ञान की एक अनूठी बयार भी महसूस की जा रही है। एक ऐसी बयार जो अतीत की गौरवशाली विरासत को संजोते हुए, भविष्य की सुनहरी राहें गढ़ रही है। पारंपरिक रूप से मजबूत शिक्षा व्यवस्था वाले इस राज्य में अब गुणवत्ता, पहुंच और प्रासंगिकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह बदलाव न केवल सराहनीय है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुदृढ़ नींव रख रहा है। गौरतलब है कि शिक्षा का ढांचा लगातार मजबूत हो रहा है। सुक्खू सरकार लगातार शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुधारने में निवेश कर रही हैं। नए शिक्षण संस्थानों की स्थापना, मौजूदा स्कूलों का उन्नयन और आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। विशेष रूप से, ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच बढ़ाना एक बड़ी उपलब्धि है, जहां पहले छात्रों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। डिजिटल शिक्षा के बढ़ते प्रचलन ने भी इस ढांचे को और सशक्त किया है, जिससे छात्र घर बैठे भी गुणवत्तापूर्ण सामग्री तक पहुंच बना पा रहे हैं। इसी कड़ी में आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में भी एक नई क्रांति का साक्षी बन रहा है। राज्य के सरकारी स्कूल पारंपरिक शिक्षा से हटकर अब छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोबोटिक्स जैसे भविष्योन्मुखी विषयों से लैस कर रहे हैं। यह पहल न केवल छात्रों को अत्याधुनिक कौशल प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार कर रही है। आमतौर पर ऐसी पहल निजी या हाई-प्रोफाइल स्कूलों तक सीमित रहती है। प्रदेश सरकार का यह कदम सरकारी शिक्षा प्रणाली में समानता और अवसर लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। यह दर्शाता है कि राज्य केवल मूलभूत शिक्षा पर ही नहीं, बल्कि छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है।*

- **स्मार्ट क्लासरूम और लैब :** कई सरकारी स्कूलों में अब विशेष एआई और रोबोटिक्स लैब स्थापित किए गए हैं, जो छात्रों को हैंड्स-ऑन अनुभव प्रदान करते हैं। इन लैब्स में छात्रों को रोबोट डिजाइन करने, कोड लिखने और एआई मॉडल बनाने का अवसर मिल रहा है।
- **प्रशिक्षित शिक्षक :** शिक्षकों को भी इन नई तकनीकों को पढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे यह सुनिश्चित हो रहा है कि छात्र विशेषज्ञों से सीख सकें।
- **इंटरेक्टिव पाठ्यक्रम :** पाठ्यक्रम को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह छात्रों के लिए आकर्षक और समझने में आसान हो। इसमें खेल-आधारित शिक्षा और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों पर जोर दिया गया है।
- **भविष्य के लिए तैयारी :** यह पहल छात्रों को केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं दे रही है, बल्कि उन्हें समस्या-समाधान, रचनात्मक सोच और आलोचनात्मक विश्लेषण जैसे महत्वपूर्ण कौशल भी सिखा रही है, जो भविष्य के कार्यबल के लिए आवश्यक हैं।


कृति रोहटा
प्रिंसिपल, रूट्स कंट्री स्कूल, बाघी (शिमला)

- **छात्रों पर प्रभाव :** इस पहल से छात्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति गहरी रुचि विकसित हो रही है। वे अब सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अपनी कल्पना को मूर्त रूप देने और तकनीकी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो रहे हैं। कई छात्रों ने रोबोटिक्स प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिससे राज्य का नाम रोशन हुआ है।



- **अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत**
हिमाचल सरकार का यह अभिनव कदम अन्य राज्यों के लिए एक प्रेरणा है। यह दिखाता है कि कैसे सरकारी शिक्षा प्रणाली भी आधुनिक तकनीकों को अपनाकर अपने छात्रों को सशक्त कर सकती है। उम्मीद है कि यह पहल भविष्य में और भी अधिक स्कूलों तक पहुंचेगी और हिमाचल को शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करेगी।

**विशेष रिपोर्टः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।**

## ज्ञान की बात

- 1948 में हिमाचल प्रदेश के लिए स्थापित की गई अल्पकालिक सरकार का प्रथम अध्यक्ष कौन था? **-पं. शिवानंद रमोल**
- 1942-43 ई. तक शिमला किस देश की विस्थापित राजधानी थी? **-बर्मा**
- हिमाचल प्रदेश में विधानसभा का गठन संविधान के कौन से संशोधन द्वारा किया गया था? **-14वें संशोधन से**
- बिग बैंग सिद्धांत किसकी उत्पत्ति का वर्णन करती है? **-ब्रह्मांड की उत्पत्ति**
- रात्रि में आकाश में चमकने वाले पिंडों को किस नाम से जाना जाता है? **-खगोलीय पिंड**
- बुर्जहोम, नवपाषाण स्थल किस राज्य में स्थित है? **-जम्मू-कश्मीर**
- स्थलीय ग्रह किससे बने होते हैं? **-चट्टानों और गैस से**

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों के आधार पंजीकरण के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया के डिप्टी डायरेक्टर तेजिंदर पाल सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिले में आधार पंजीकरण की प्रगति की समीक्षा की। एडीसी विनय कुमार ने 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के आधार पंजीकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा एवं चिकित्सा विभागों को विशेष आधार पंजीकरण शिविर आयोजित करने को कहा, ताकि पात्र बच्चों का समय पर पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि 5 से 7 वर्ष और 15 से 17 वर्ष की आयु के बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट अनिवार्य है, जो निःशुल्क उपलब्ध है। संबंधित विभागों को जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जिन नागरिकों को 10 से 15 वर्ष पूर्व आधार जारी हुआ है, उन्हें अपने दस्तावेजों का अपडेट कराना आवश्यक है, ताकि आधार सक्रिय बना रहे। समस्त उपमंडलाधिकारियों (एसडीएम) को यूआईडीएआई के सर्विस प्लस पोर्टल पर लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सुरक्षित स्थानों पर रहें लोगः संजय सिंह



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा में भारी बरसात में हुई तबाही को देखते हुए हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान की ओर से सलोह में बैठक की गई। बैठक में नुकसान पर चर्चा की गई। विधानसभा से कांग्रेस सदस्य उपस्थित हुए, जो नुकसान का ब्यौरा अपने साथ लाए थे। संजय सिंह चौहान ने कांग्रेसी सदस्यों के साथ विश्लेषण किया और जो अति संवेदनशील क्षेत्र हैं उन्हें चिन्हित किया। चौहान ने कहा कि लोगों को जागरूक किया जाए कि बारिश के समय सभी अपने अपने घरों और सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं, क्योंकि जीवन की सुरक्षा सर्वप्रथम सुरक्षा है। संवेदनशील स्थानों में रहने वाले लोगों को प्रशासन द्वारा जो भी सहायता प्रदान करवाई जा सकती है, दी जा रही है। प्रशासन द्वारा कुछ समय के लिए सुरक्षित स्थानों पर जाने की भी हिदायत दी गई है।

### एनसीसी कैडेट्स से नशे से दूर रहने की अपील



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** जवाहर नवोदय विद्यालय एनसीसी कैंपस में कैडेट को जागरूक किया गया। खंड स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रवि स्याल तथा डॉक्टर विकेश ठाकुर, डॉक्टर रुचिका तथा फार्मासिस्ट मुकेश भारद्वाज ने फर्स्ट एड सैनिटेशन, माहवारी संबंधी स्वच्छता तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग तथा अवैध तस्करी के संबंध में बच्चों की जानकारी प्रदान की। बच्चों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए टिप्स दिए गए।

### रिफ्रेशर ट्रेनिंग और डाटा सुरक्षा की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में धर्मशाला में यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ की ओर से डिजिटल टेक्नोलॉजीज एवं गवर्नेंस विभाग, प्रदेश सरकार के सहयोग से आधार ऑपरेटरों एवं पर्यवेक्षकों के लिए एक दिवसीय मेगा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त कांगड़ा विनय कुमार ने किया। निदेशक यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ जगदीश कुमार, संयुक्त निदेशक डिजिटल टेक्नोलॉजीज एवं गवर्नेंस विभाग अनिल सैमवाल, उपनिदेशक तेजिंदर पाल सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर विजय शंकर एवं सहायक प्रबंधक दीपक कुमार उपस्थित रहे। कार्यशाला में एनरोलमेंट व अपडेट) प्रक्रिया पर रिफ्रेशर ट्रेनिंग, एडवांस टूल्स (यूनिवर्सल क्लाइंट) का परिचय एवं डाटा सुरक्षा और अनुपालना पर जानकारी दी गई तथा प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन गया। अंत में निदेशक यूआईडीएआई चंडीगढ़ जगदीश कुमार ने प्रतिभागियों के सवालों का उत्तर दिया।

### डॉ. बिंदल के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर बांटे लड्डू



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** डॉ. राजीव बिंदल को भाजपा का तीसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर समाजसेवी तथा भाजपा के युवा नेता अंकुश इंदौरिया ने टिप्परी गांव में नौजवानों के साथ जश्न बनाया तथा लड्डू बांटे। अंकुश इंदौरिया ने बताया के कांग्रेस पार्टी ने झूठे वादे करके प्रदेश की जनता को गुमराह करके सत्ता परिवर्तन किया था, अब लेकिन वह वादे पूरे नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि बिंदल के तीसरी बार अध्यक्ष बनने पर सत्ता परिवर्तन अवश्य होगा तथा अगली बार प्रदेश में उनके नेतृत्व में फिर से भाजपा अपना पश्चिम लहराएगी।

# तपोवन विधानसभा परिसर पर्यटकों के भ्रमण के लिए खोला

## पठानिया बोले- अब भवन और दर्शक दीर्घा का कर सकेंगे अवलोकन

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बुधवार को तपोवन स्थित प्रदेश विधानसभा परिसर को पर्यटकों के लिए खोलने की घोषणा की।

उन्होंने धौलाधार की गोद में स्थित इस रमणीय परिसर को जिला प्रशासन कांगड़ा की ओर से आयोजित एक सादे समारोह में आमजन के भ्रमण के लिए खोल दिया गया।



तपोवन स्थित विधानसभा को पर्यटकों के लिए खोलते कुलदीप सिंह पठानिया।

पठानिया ने कहा कि तपोवन न केवल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण स्थल है, बल्कि चिन्मयानंद स्वामी के तपोस्थल के निकट होने के कारण यह स्थान आध्यात्मिक महत्व भी रखता है। परिसर में स्थित विधान भवन एक आधुनिक स्थापत्य का उत्कृष्ट उदाहरण है और यहां से धौलाधार एवं मैक्लोडगंज के अद्भुत दृश्य भी देखे जा सकते हैं। अब पर्यटक निर्धारित शुल्क पर परिसर में प्रवेश कर सकेंगे। विधानसभा भवन और दर्शक दीर्घा का अवलोकन कर सकेंगे। आगंतुकों की सुविधा के लिए परिसर के समीप मोबाइल फूड वैन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष ने हिम ईरा के औषधीय उत्पादों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया, जो उन्नति संकुल स्तरीय संघ द्वारा लगाई गई थी।

इस अवसर पर विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा, जिला प्रशासन के अधिकारी, धर्मशाला होटलियर एसोसिएशन, नगर निगम पार्षद और अन्य गणमान्य उप स्थित रहे।

## कांग्रेस के मंत्री मारपीट करने पर उतारुः स्नेहलता

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** जिला परिषद उपाध्यक्ष स्नेहलता परमार ने प्रदेश सरकार पर झूठे वादे, कर्मचारियों की उपेक्षा और प्रशासनिक अराजकता फैलाने का आरोप लगाया।

स्नेहलता परमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले प्रदेश के हजारों कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम, लंबित भत्तों और नियमितीकरण जैसे विषयों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के वादे किए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद किसी भी वादे को पूरा नहीं किया गया।

इसके उलट अब कांग्रेस के मंत्री अधिकारियों और कर्मचारियों को अपमानित और प्रताड़ित करने पर उतारु हो गए हैं। कांग्रेस के नेता अब संयम खो चुके हैं और मंत्री सत्ता के नशे में अधिकारियों को पीटने तक उतर आए हैं। स्नेहलता परमार ने इस घटना की निंदा करते हुए संबंधित मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की।

## हैप्पी बर्थडे



भवारना के स्वारित सूद को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



भुनेड़ गांव के आर्यन को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



भवारना के सुशील सूद व श्वेता सूद को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


## सीएम सुक्खू कार्रवाई कर मंत्री को पद से हटाएं : परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पूर्व** विधानसभा अध्यक्ष, भाजपा के कांगड़ा-चंबा प्रभारी एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने शिमला में एनएचएआई के अधिकारी के साथ हुई मारपीट पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू को मारपीट करने वाले मंत्री तुरंत हटाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने खुद मुख्यमंत्री सुक्खू से बात की है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों की प्रदेश के एक मंत्री प्रशासन और पुलिस की उपस्थिति में मारपीट अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय कृत्य है। दो एनएचएआई के अधिकरियों को पुलिस प्रशासन और मंत्री की उपस्थिति में बुलाया गया। मीडिया के लोगों को धमकी देकर उनसे उनके कैमरे बंद करवाए गए और इसके बाद कमरे में बंद करके उनसे मारपीट की गई। इसके बाद मंत्री के समर्थकों द्वारा उन्हें कमरे के बाहर भी पीटा गया, उनके ऊपर गमले फेंके गए। मारपीट में दोनों अधिकारी लहूलुहान हो गए। परमार ने कहा कि उन दोनों अधिकारियों ने मीडिया के सहयोग से किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। सबसे शर्मनाक बात यह है कि मौके पर एसडीएम और पुलिस की मौजूदगी के बाद भी बीच बचाव करना तो दूर उन्हें प्रशासन और पुलिस द्वारा अस्पताल भी नहीं पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री कानून व्यवस्था अपने हाथ में लेने वाले मंत्री के खिलाफ कार्रवाई करें और उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें।



## राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण ने चामुंडा मंदिर में पूजा-अर्चना कर नवाया शीश



अनंत ज्ञान, चामुंडा। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने बुधवार सुबह श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर मां के चरणों में शीश नवाया। उन्होंने आरती में भी भाग लिया। पुजारी ओम व्यास और संजीव गोस्वामी ने उन्हें माता की चुनरी और सिरोपा भेंट किया। इस अवसर पर मंदिर अधिकारी राकेश कुमार और स्थानीय पदर पंचायत के उपप्रधान बॉबी गोस्वामी ने उन्हें मां चामुंडा की फोटो भेंट भी की।

## फर्जी कंपनियों से सावधान रहें युवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी धर्मशाला ने कांगड़ा जिले के समस्त आवेदकों अलर्ट किया कि कुछ निजी कंपनियां विदेशों में नौकरी दिलवाने के नाम पर बिना किसी अधिकृत अनुमति के साक्षात्कार आयोजित कर रही हैं। आवेदकों से भारी शुल्क वसूल रही हैं। ऐसी कंपनियां फर्जी हो सकती हैं, जिससे आवेदकों को विदेशों में गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि रोजगार कार्यालयों के माध्यम से विदेशी नियोजन की वैध व्यवस्था उपलब्ध है, जिसका लाभ उठाकर आवेदक सुरक्षित और विश्वसनीय तरीके से विदेशों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। फर्जी कंपनियों के झांसे व धोखाधड़ी के लिए संबंधित आवेदक स्वयं उत्तरदायी होंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध कंपनी द्वारा साक्षात्कार आयोजित करने की सूचना तत्काल पुलिस थाना अथवा रोजगार कार्यालय को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## कांग्रेस भ्रष्टाचार, अपराध और गुंडागर्दी का पर्याय : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**भाजपा** राष्ट्रीय परिषद के नवनिर्वाचित सदस्य त्रिलोक कपूर ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह द्वारा एनएचएआई के दो अधिकारियों पर हमला किए जाने का कड़े शब्दों में विरोध करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार बौखलाहट में मारपीट पर उतर आई है। कांग्रेस भ्रष्टाचार, अपराध और गुंडागर्दी का पर्याय है। इस मामले में मंत्री सहित सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। कानून सभी के लिए एक बराबर है। इस घटना में मंत्री व अन्य लोगों ने सरेआम कानून को अपने हाथों में लेकर उसकी धज्जियां उड़ाई हैं तथा ऐसे लोगों को किसी भी सूरत में माफ न किया जाए। त्रिलोक ने कहा कि मुख्यमंत्री को ऐसे मंत्री को तत्काल मंत्री पद से हटा देना चाहिए, क्योंकि जनता के दम पर मंत्री पद तक पहुंचे अनिरुद्ध सिंह को मंत्री बने रहने का कोई हक नहीं है। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारिक कर्तव्यों का पालन करने वाले अधिकारी के खिलाफ इस प्रकार की हरकत जनता की सुरक्षा को भी खतरे में डालती देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि मारपीट का शिकार हुए अधिकारी जिंदल ने कहा है कि मंत्री ने उनके सिर पर पानी से भरे जग से हमला किया तथा जब योगेश बचाव के लिए आगे आया तो उस पर भी हमला कर दोनों को लहूलुहान कर दिया। उन्होंने कहा कि देश भूमि में मंत्री द्वारा इस प्रकार की घटना को अंजाम देना दुभाग्यपूर्ण है। क्या यही सुक्खू सरकार का व्यवस्था परिवर्तन है? त्रिलोक ने कहा कि उक्त घटना के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू को भी अपने पद से इस्तीफा देकर जनता से माफी मांग लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ससंद में भी सविधान की दुहाई देने वाले कांग्रेस नेताओं ने गुंडागर्दी की सभी हदों को पार कर दिया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में अराजकता के माहौल को सहन नहीं किया जाएगा। त्रिलोक ने कहा कि जब से सुक्खू सरकार सत्ता में आई है प्रदेश की कानून-व्यवस्था पहले ही बिगड़ी हुई है।



**कहा- हिमाचल में अराजकता के माहौल को सहन नहीं किया जाएगा**

## पुलिस ने शाहपुर कंडी में चिट्टा पीते 2 युवक दबोचे



पंजाब पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार किए गए युवक।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पंजाब पुलिस ने नशे के खिलाफ मुहिम चलाई हुई है। इसी कड़ी में शाहपुर कंडी क्षेत्र में दो युवकों को चिट्टा पीते हुए पकड़ा है। शाहपुर कंडी पुलिस स्टेशन की एसएचओ सब इंस्पेक्टर अमनप्रीत कौर ने बताया कि मंगलवार देर शाम को पुलिस टीम बढोई रानीपुर गांव में गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस टीम एक निजी स्कूल के समीप पहुंची तो वहां पर दो युवक बिना नंबर बाइक के साथ सड़क किनारे खड़े थे।

पुलिस को देखकर दोनों घबरा गए। जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास एक सिल्वर पेपर मिला है। पूछताछ में युवकों ने बताया कि नशे को पूरा करने के लिए चिट्टा पी रहे थे। आरोपियों की पहचान रवि कुमार व ठाकुर दास निवासी शाहपुर कंडी के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एएसआई धर्म पाल ने बताया कि मामला दर्ज कर दोनों युवकों गिरफ्तार कर लिया है।

## समय का सदुपयोग करें स्टूडेंट्स : प्रदीप

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में पूर्व प्रवेश परामर्श एवं परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों को कॉलेज की शैक्षणिक, सह-पाठ्यक्रम एवं नैतिक संरचना से परिचित कराना रहा। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने कहा कि यह महाविद्यालय केवल डिग्री नहीं, जीवन निर्माण का मंच है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमितता, समय का सदुपयोग और डिजिटल संसाधनों के उपयोग की अपील की। प्रो. रेनू भाटिया ने नैतिक मूल्यों, चरित्र निर्माण और व्यवहारिक मर्यादाओं की आवश्यकता पर बल दिया।

## कस्बा डरोह में युवक पर दराट से हमला

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत कस्बा डरोह में सतीस कुमार निवासी गांव कस्बा डरोह, तहसील पालमपुर ने नरेंद्र कुमार निवासी गांव कस्बा डरोह पर दराट से हमला किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जयसिंहपुर कॉलेज की सोनल मिश्रा प्रथम



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में बीकॉम तृतीय वर्ष में शत- प्रतिशत परिणाम की उपलब्धि हासिल की है। प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने कहा कि हमें अपने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व है। यह हमारे शिक्षकों और छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। बीकॉम तृतीय वर्ष में सोनल मिश्रा ने 8.05 सीजीपीए के साथ प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अन्य विद्यार्थी भी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं, कॉलेज के प्राचार्य ने वाणिज्य विभाग के प्रो रविंद्र जग्गी, प्रो. अरविंद कुमार और प्रो. किरण शर्मा को बधाई दी।

# विवादों में उलझी नगर परिषद बैजनाथ पपरोला को नहीं 50 लाख की चिंता

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** आपसी ही विवादों में उलझी बैजनाथ-पपरोला नगर परिषद को 50 लाख रुपए की चिंता ही नहीं है। लगभग 10 साल पहले लोगों की सहूलियत को देखते हुए उपमंडल बैजनाथ के दोनों मुख्य कस्बों को मिलाकर नगर पंचायत का गठन किया गया था। नगर परिषद का दर्जा प्राप्त कर चुके ये दोनों कस्बे रोजाना या तो अखबारों की सुर्खियां या फिर गली मोहल्ले में चर्चा का विषय ही बने रहते हैं।

**नाम मात्र किराए पर दी नगर परिषद की दुकानें**

आपसी झगड़ों की वजह से नगर परिषद के नुमाइंदे तथा अधिकारी कर्मचारी यह भूल चुके हैं कि नगर परिषद को अपने किराएदारों से 50 लाख की लेनदारी बाकी है। बैजनाथ-पपरोला दोनों मुख्य कस्बों में लगभग 50 के करीब नगर परिषद की दुकानें हैं, जो कि नाम मात्र के किराए पर ही लोगों को दे रखी हैं। कम किराया होने के बावजूद भी अधिकतर दुकानदार किराए की अदायगी या तो करते ही नहीं है या फिर समय पर नहीं देते। हालांकि, कई दुकानदारों ने नगर परिषद से सस्ते किराए पर दुकान लेकर आगे कई गुना ज्यादा किराए पर दुकान आगे किसी और को दे दी है। दुकानदारों की जेबें तो भर रही है, लेकिन नगर पंचायत कि जेब फिर भी खाली की खाली ही है।

### 10 साल से डिफॉल्टरों के प्रति दरियादिली क्यों?

**पिछले** 10 वर्षों से नगर परिषद की डिफॉल्टरों के प्रति इतनी दरियादिली क्यों है। क्या इनको कोई प्रभावी संरक्षण प्राप्त है या फिर नगर परिषद के पदाधिकारी कर्मचारी और अधिकारी केवल मात्र अपनी जिम्मेदारी केवल मात्र दिखाने को ही कर रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि अतिशीघ्र नगर परिषद के अधीन आने वाले डिफॉल्टर दुकानदारों से किराए की उगाई की जाए, ताकि इस मोटी रकम को विकास कार्य में लगाया जाए। अगर कोई भुगतान नहीं करता है, तो उससे दुकान को छुड़ाकर किसी बेरोजगार को दिए जाएं, जिससे एक तो उसे रोजगार का अवसर मिलेगा और दूसरा नगर परिषद को किराया मिलना आरंभ हो जाएगा। लोगों का कहना है कि नगर परिषद की दुकानों का किराया तो कुछ भी नहीं है। हाल में ही जो बैजनाथ बस अड्डे में छोटी-छोटी दुकानें किराए पर दी गई हैं, उनका औसत किराया 20000 है।

### क्या कहते हैं नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी

**हाल** में ही कार्यभार संभाले कार्यकारी अधिकारी चमन लाल ने सभी दुकानदारों से अनुरोध किया है कि जिन दुकानदारों ने अपना किराया लंबे समय से नहीं दिया है, वे जल्द किराए का भुगतान करें, नहीं तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किराया न देने पर दुकानों से बेदखल किया जा सकता है।

## डीएसपी बैजनाथ ने बेतरतीब खड़े 13 वाहनों के काटे चालान



सड़क किनाने पार्क गाड़ी का चालान काटते डीएसपी अनिल शर्मा।

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**बेतरतीब** तरीके से सड़क किनारे खड़े वाहनों पर बैजनाथ पुलिस ने अब शिकंजा कसना आरंभ कर दिया है। बैजनाथ में मिनी सचिवालय से लेकर एचआरटीसी वर्कशॉप, पंडोल रोड तथा हॉस्पिटल रोड पर अक्सर कई वाहन सुबह से शाम तक खड़े रहते हैं। इस कारण आए दिन जाम लगना आम बात हो गई है।

बैजनाथ के पंडोल रोड में तो हालत काफी खस्ता हैं। लोगों ने सड़कों को मानो निजी पार्किंग ही बना रखा है। इसकी वजह से यहां पर रहने वाले लोग व स्कूल जाने वाले बच्चे हर समय जाम की वजह से काफी परेशान होते हैं। बुधवार सुबह भी भारी जाम लगने की वजह से यह मामला डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा के समक्ष पहुंचा। उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए यहां पर खड़े वाहनों को हटाया। वहीं, बेतरतीब तरीके से खड़े 13 वाहनों के चालान भी किए। इसके साथ मिनी सचिवालय के साथ लगते इलाके में भी दो बहनों के चालान किए गए। पुलिस की इस कार्रवाई का लोगों ने स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि वह भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## रणजीत सागर झील में तैनात दो कर्मियों को पीटा

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** रणजीत सागर डैम तीन तरफ से घिरा हुआ है। एक तरफ पंजाब, हिमाचल और तीसरी तरफ जम्मू-कश्मीर की सीमा लगती है। हर साल तीनों राज्यों से अपने-अपने हिस्से की ओर आने वाली झील का ठेका मछली पकड़ने वाले ठेकेदारों को दिया जाता है। यहां मछली पकड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा है और कोई झील में घुसकर मछली न पकड़ ले, उसके लिए ठेकेदार ने अपने 4 कर्मचारियों को रात के समय तैनात किया था, जो पंजाब सीमा में बैठे हुए थे। 2 को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रताड़ित किया है। पीड़ित फरीद मुहम्मद व सुगरदीन ने बताया कि वह झील की सुरक्षा के लिए पंजाब वाले हिस्से में बैठे हुए थे, तभी जम्मू-कश्मीर पुलिस आई और मारपीट की। इसके बाद में थाने ले गए, जहां पर उन्हें फिर से प्रताड़ित किया गया। परिजनों ने उन्हें बाहर निकालकर इलाज के लिए सिविल अस्पताल पठानकोट में भर्ती कराया। ठेकेदार आमसता मुहम्मद ने पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की है।

## गरली की परिधि ने राष्ट्रीय मंच पर झटका पहला स्थान



लिटिल फ्लावर में छात्रा परिधि के पहुंचने पर भव्य स्वागत किया।

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** लिटिल फ्लावर संस्कार हाई स्कूल गरली की छात्रा परिधि ने टीवी रियलिटी शो 'किसमें कितना है दम' की अंडर-14 पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

पंजाब के संगरूर में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभागियों ने भाग लिया, लेकिन परिधि की कल्पनाशीलता, रंग संयोजन और सामाजिक संदेश से भरपूर चित्रकला ने निर्णायकों का ध्यान खींचा। परिधि के विद्यालय पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। शिक्षकों और सहपाठियों ने तालियों, फूलों की वर्षा और स्लोगन कार्ड्स के साथ उसका अभिनंदन किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में स्कूल प्रबंधन ने परिधि को सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर उसकी उपलब्धि की सराहना की।

## न्यूज ब्रीफ

### दो मामलों में पकड़ी 40 पेटी अवैध शराब

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 40 पेटी अवैध शराब पकड़ी है। पहले मामले में पुलिस थाना जुब्बल के अंतर्गत कुड्डू बैरियर चेकपोस्ट पर पुलिस ने पिकअप एचपी 08ए 1802 से बिना परमिट के 36 पेटी अंग्रेजी शराब पकड़ी है। जिसमें एपिसोड विस्की 31 पेटी, ऑफिसर चॉइस 4 पेटी व रॉक स्टार 1 पेटी पाई गई है। पुलिस ने नरवीर (42) गांव चैजन, तहसील चौपाल जिला शिमला के खिलाफ आबकारी अधिनियम के उल्लंघन के तहत मुकद्दमा दर्ज किया है। वहीं पुलिस थाना चिड़गांव के अंतर्गत 1 जुलाई को पुलिस की टीम खरशाली के गडसारी कैंची में गश्त पर थी। पुलिस टीम को 9.30 बजे रात को अवैध शराब रखने के संबंध में एक गुप्त सूचना मिली। सूचना पर कार्रवाई करते हुए दिंयूची में छापा मारा गया। जिसमें देव प्रकाश (61) निवासी गांव जडकोट के कब्जे से देशी शराब मार्का संतरा नंबर-1 की 4 पेटी (48 बोतलें) बरामद की गई। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के उल्लंघन के तहत मुकद्दमा दर्ज किया है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

### चियोग स्कूल में एनएसएस शिविर आरंभ

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशला चियोग में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर आरंभ हुआ। जिसमें 43 स्वंयसेवक भाग ले रहे हैं। सीआईएसएफ के सेवानिवृत अधिकारी लक्ष्मी सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर स्वयंसेवियों ने एनएसएस गीत, लक्ष्य गीत व सरस्वती वंदना प्रस्तुत करके कार्यक्रम को रोचक बना दिया। मुख्य अतिथि ने एनएसएस के प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव सांझा किए और स्वयं सेवियों को आत्मनिर्भर और आत्मरक्षा के गुर बताए। प्रधानाचार्य संदीप कुमार शर्मा ने सात दिवसीय कार्य योजना बारे विस्तार से जानकारी दी।

### जिप वार्ड सरांह से छेड़छाड़ पर फिलहाल रोक

**सपना सूद, अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** चौपाल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जिला परिषद वार्ड सरांह से छेड़छाड़ के बाद जारी की गई नोटिफिकेशन पर फिलहाल रोक लग गई है। अब पहले आपत्ति जताने वाले लोगों की बात को जिला प्रशासन द्वारा सुना जाएगा, जिसके बाद ही इस बारे में ताजा नोटिफिकेशन जारी की जाएगी। गौर रहे कि बीती 17 मई को चौपाल विधानसभा क्षेत्र के तीन जिप वार्डों के स्थान पर 4 वार्ड बनाने का एक प्रपोजल बनाया गया। जिससे नये जिप वार्ड पौड़िया का उदय हो गया। पौड़िया को नया वार्ड बनाने का प्रप्रोजल जैसे ही सामने आया, चौपाल की राजनीतिक गलियारों में भूचाल शुरू हो गया। बड़ी बात यह है कि पौड़िया को नया बार्ड बनाने के लिए संभवत सरांह वार्ड की पंचायतों को शामिल किया गया था। इसमें पहले बमटा और पूंदर क्षेत्र की पंचायतों को शामिल किया गया था। सोशल मीडिया पर मचे बवाल के बाद पौड़िया वार्ड को प्रपोजल से गायब हो गया, जबकि चंदलोग नेरवा नया वार्ड के तौर पर सामने आ गया।

### बिजली का बिल ऑनलाइन चेक करें उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** उपमंडल चौपाल के तहत आने वाले विद्युत उपभोक्ताओं के लिए आरडीएसएस (पुनर्निर्मित वितरण क्षेत्र योजना) के तहत स्मार्ट मीटर परियोजना शुरू की गई है। उपभोक्ता जिनके पुराने इलेक्ट्रॉनिक मीटर को नए स्मार्ट मीटर में बदल दिया गया है उसका बिल स्वचालित रूप से इस मीटर द्वारा उत्पन्न होता है और सर्वर को सूचित किया जाता है और बिल हर महीने की 10 तारीख से पहले उत्पन्न होता है। यह बिल उपभोक्ता को मेल या संदेश के माध्यम से भेजा जाता है। सहायक अभियंता बिद्युत बोर्ड चौपाल हिमांशु नैनवाल ने कहा कि यदि उपभोक्ता को बिलिंग संदेश/मेल प्राप्त नहीं होते हैं तो वे मीटर रीडर के माध्यम से उपमंडल कार्यालय में अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं। उपभोक्ता एचपीएसईबीएल मोबाइल ऐप या जीपे जैसे किसी अन्य बिल भुगतान ऐप के माध्यम से ऑनलाइन बिजली बिल भी देख सकते हैं। यदि उपभोक्ता का मीटर एक महीने से अधिक समय पहले बदल गया है और बिल संदेश/मेल के माध्यम से प्राप्त नहीं हुआ है तो अपने बिल को ऑनलाइन ऐप के माध्यम से देखें या अपने बिल की जांच करने के लिए उपमंडल कार्यालय में जाएं और जल्द से जल्द भुगतान करें। किसी भी सहायता के लिए दूरभाष नं 01783-260031 पर संपर्क कर सकते हैं।

# प्रदेश की 5,000 करोड़ की सेब अर्थव्यवस्था पर मंडराया संकट

## कांग्रेस प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने अमेरिकी नीतियों को बताया भारत विरोधी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल की आर्थिक रीढ़ मानी जाने वाली 5,000 करोड़ रुपए की सेब अर्थव्यवस्था पर इन दिनों संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और ठियोग से विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने बुधवार को शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में सीधे तौर पर अमेरिका पर प्रदेश की सेब आर्थिकी को पूरी तरह तहस-नहस करने का आरोप लगाया। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों को पूरी तरह भारत विरोधी करार दिया है।

राठौर ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप एक व्यवसायी हैं और उनका पूरा ध्यान व्यापारिक लाभ पर रहता है। उन्होंने हाल ही में भारत-अमेरिका के बीच हुई व्यापार वार्ता का हवाला देते हुए बताया कि अमेरिका, विशेष रूप से रेड डिलिशियस किस्म के सेब पर आयात शुल्क में कटौती के लिए भारी दबाव बना रहा है। राठौर के अनुसार, यदि मौजूदा 50 प्रतिशत आयात शुल्क को और कम किया जाता है, तो यह हिमाचल के सेब उत्पादकों के लिए एक बड़ा झटका होगा और प्रदेश की सेब आर्थिकी पर इसका गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

इस गंभीर मुद्दे पर, कुलदीप राठौर ने देश के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को एक विस्तृत पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने प्रदेश के सेब उत्पादकों की चिंताओं को विस्तार से साझा किया। उन्होंने बताया कि हिमाचल में सेब उद्योग प्रदेश की अर्थव्यवस्था की आधारशिला है, जो सालाना लगभग 5,000 करोड़ रुपये का योगदान देता है। 1.5 लाख से अधिक परिवार सीधे तौर पर इस उद्योग से जुड़े हुए हैं। राज्य में सालाना लगभग 6.5 लाख मीट्रिक टन सेब का उत्पादन होता है, जो भारत के कुल सेब उत्पादन का लगभग 25 प्रतिशत है।

### हिमाचल में सेब उत्पादन की लागत कहीं अधिक

**राठौर** ने तुलनात्मक रूप से बताया कि अमेरिकी रेड डिलिशियस सेब का उत्पादन बड़े पैमाने पर मशीनीकृत होता है और उसे पर्याप्त सरकारी सब्सिडी का लाभ मिलता है, जिससे उसकी लागत कम आती है। वहीं, हिमाचल में सेब उत्पादन की लागत अमेरिका के सेब से कहीं अधिक है, जिससे प्रतिस्पर्धा और भी कठिन हो जाती है।



### बागवानों का संरक्षण करना जरूरी

**राठौर** ने इस पत्र की एक प्रति प्रदेश के सातों भाजपा सांसदों को भी भेजी है और उनसे आग्रह किया है कि वे इस मुद्दे को प्रधानमंत्री और वाणिज्य मंत्री के समक्ष मजबूती से उठाएं। उन्होंने सभी से सामूहिक प्रयास करने की अपील की ताकि हिमाचल प्रदेश के सेब बागवानों के हितों की रक्षा की जा सके और किसी भी बाहरी देश के दबाव को रोका जा सके। राठौर ने जोर देकर कहा कि हिमाचल प्रदेश के सेब उत्पादक केवल किसान नहीं हैं, बल्कि वे हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक भी हैं, जिनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

# दुग्ध उत्पादक संघ ने मिल्क प्लांट दत्तनगर में किया धरना-प्रदर्शन




दत्तनगर मिल्क प्लांट परिसर में दुग्ध उत्पादक संघ के सदस्य धरना-प्रदर्शन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

**हिमाचल** प्रदेश दुग्ध उत्पादक संघ द्वारा दत्तनगर मिल्क प्लांट परिसर में बुधवार को अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में रामपुर के अलावा कुमारसैन, ननखड़ी, निरमंड, आनी आदि क्षेत्र के दुग्ध उत्पादक मौजूद रहे।

उन्होंने अपनी मांगों का ज्ञापन भी मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश तथा मिल्क फेड अध्यक्ष को भेजा। दुग्ध उत्पादकों की मुख्य मांगे हैं कि दूध की पेमेंट समय पर की जाए, सोसाइटियों में दूध की गुणवत्ता मापने के लिए मशीनों दी जाए, अप्रैल 2025 से बड़े हुए दूध के दाम का एरिया तुरंत दिया जाए और मिल्क प्लांट में खाली पड़े पदों को भर जाए।

इस धरना प्रदर्शन को पूर्व विधायक राकेश सिंघा, संयोजक प्रेम चौहान, तुलाराम, सुभाष, सुदेश, संदीप, देवेंद्र, हरदयाल, कृष्णा राणा, नीलम, शोभा, हेमलता, मेरू देवी, रेखा ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि समय पर हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# छात्र संघ चुनाव, आर्थिक आरक्षण और छात्रावास सुविधाओं की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**एसएफआई** की हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई ने आज विश्वविद्यालय के कार्यकारी परिषद के सदस्यों को छात्रों की विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। एसएफआई ने इन मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने और उन्हें हल करने की मांग की है।

एसएफआई परिसर सह सचिव, कॉमरेड आशीष ने कहा कि 2013 से छात्र संघ चुनाव बंद होने से छात्र राजनीति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है और छात्रों को सही प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है। एसएफआई ने तुरंत प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग की।

एसएफआई ने यह भी बताया कि 2019 के संविधान संशोधन के बावजूद, विश्वविद्यालय आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को 10 फीसदी आरक्षण देने में विफल रहा है, जो संविधान का उल्लंघन है। संगठन ने इस आरक्षण को तुरंत लागू करने की मांग की। छात्रावास की समस्या पर एसएफआई ने कहा कि विश्वविद्यालय में लगभग 4000 छात्र हैं, लेकिन केवल 1200 को ही छात्रावास सुविधा मिल पाती है। उन्होंने नए छात्रावासों के शीघ्र निर्माण की मांग की।

एसएफआई विवि इकाई उपाध्यक्ष, कॉमरेड योगी ने शिक्षकों की फर्जी नियुक्तियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने आरटीआई से मिली जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि लगभग 70 फीसदी शिक्षक फर्जी दस्तावेजों के सहारे भर्ती हुए हैं। एसएफआई ने इन नियुक्तियों की न्यायिक जांच व राजनीतिक गतिविधियों में शामिल शिक्षकों पर कार्रवाई की मांग की। एसएफआई ने नई शिक्षा नीति 2020 का भी विरोध किया, इसे जन-विरोधी बताते हुए कहा कि यह शिक्षा का भगवाकरण कर रही ।

**छात्र मांगों को लेकर एसएफआई ने सौंपा ज्ञापन**

# ननखड़ी सीएचसी में डॉक्टरों के 3 पद खाली, 11 स्वास्थ्य केंद्रों में लटके ताले

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बशहर।** ननखड़ी तहसील की 17 पंचायत को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानखड़ी खुद बीमार नजर आता है। वैसे तो यहां पर पांच डाक्टरों के प्रतिकृति है लेकिन जिनमें से तीन पद खाली पड़े हैं। इसी प्रकार स्टाफ नर्स के चार पद स्वीकृत है जिनमें से दो खाली हैं। सीएससी में क्लास फोर के 7 पद हैं जिनमें से पांच खाली पड़े हैं। जबकि सफाई कर्मचारियों के सभी तीन पद रिक्त हैं ऐसे में अस्पताल की सफाई व्यवस्था किस हाल में होगी इसकी कल्पना ही की जा सकती है।

स्वास्थ्य खंड ननखड़ी के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 11 उप स्वास्थ्य केंद्र हैं लेकिन विडंबना है कि सभी उप स्वास्थ्य केदो पर ताले लगाते हुए हैं। इतना ही नहीं 6 पंचायतों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मात्र एक डॉक्टर के सहारे चल रहे हैं। वहां पर ना तो सफाई कर्मचारी है और ना ही चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी। पूरे ब्लॉक में फार्मासिस्ट के 8 पद हैं जिनमें से चार पद रिक्त पड़े हैं ब्लॉक में 11 मेल हेल्थ वर्कर के पद हैं लेकिन सब पद रिक्त पड़े हैं। जबकि 13 फीमेल हेल्थ वर्कर मे से 11 पद रिक्त होने से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं स्वास्थ्य सुविधा से महरूम हैं।

इसके अलावा यहां पर डॉक्टर और बीएमओ के आवास भी बनाए गए थे लेकिन आज उनकी हालत खस्ता है, और आज ये आवास असुरक्षित हैं। इस बारे भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कॉल सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार के घर द्वार स्वास्थ्य सुविधा देने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। उन्होंने उन्होंने कहा कि ननखड़ी सीएचसी में स्टाफ की कमी है इसके अलावा और उप स्वास्थ्य केदो में स्टाफ उपलब्ध न होने के कारण लोगों को भारी असुविधा हो रही है। पिछले सप्ताह ननखड़ी के तहसीलदार के माध्यम से प्रदेश सरकार को इस बारे ज्ञापन भी दिया गया था।



कुछ दिन पूर्व ही कार्यभार संभाला है। मेरी कोशिश रहेगी कि लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। **-डॉ. राजेश राणा, बीएमओ।**

# सुन्नी कॉलेज के ललित ने एमए प्रवेश परीक्षा में प्राप्त किया दूसरा स्थान

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी के छात्र ललित कुमार ने स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। छात्र के इस उपलब्धि से समस्त क्षेत्रवासियों तथा डिग्री कॉलेज सुन्नी के परिवार ने खुशी की है । कॉलेज कि प्राचार्य डॉ अंजलि चौहान ने बताया कि कॉलेज के छत्रललित कुमार ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एमए अर्थशास्त्र प्रवेश परीक्षा में पूरे राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त कर सुन्नी कॉलेज का नाम रोशन किया है । उन्होंने छात्र की उपलब्धि के लिए बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशा व्यक्त की कि क्षेत्र के अन्य छात्र भी उससे प्रेरित होकर अर्थशास्त्र का अध्ययन करेंगे। छात्र ललित कुमार ने इस सफलता का श्रेय कॉलेज के समस्त गुरुजनों को दिया है।



# डंगार में सुलभ शौचालय के कर्मी से की मारपीट




**जगदीश सेठी, डंगार चौक।** घुमारवीं उपमंडल के तहत डंगार पंचायत के डंगार चौक में सुलभ शौचालय पर रखे गए सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट व गाली-गलौज और जाति सूचक शब्द कहने का मामला सामने आया है। इस बारे में सफाई कर्मचारी नरेंद्र कुमार ने पंचायत को अवगत करवाया है। उसका कहना है कि सुलभ शौचालय के प्रांगण में पूर्व प्रधान व एक अन्य स्थानीय व्यक्ति आया और मेरे को मारपीट की गाली-गलौज की और जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग किया गया। उन्होंने कहा कि नलियां साफ नहीं है। शौचालय साफ नहीं है। इतना कहते ही मारपीट शुरू कर दी। नरेंद्र ने कहा कि पूर्व प्रधान ने फोन छीनकर 1100 नंबर पर पंचायत प्रधान अनीता धीमान के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई है। उन्होंने पूर्व पंचायत प्रधान व अन्य व्यक्ति के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, व्यापार मंडल के प्रधान व स्थानीय व्यापार मंडल के सदस्य भी प्रधान के पक्ष में पंचायत में एक अहम मीटिंग की गई और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की गई है। थाना प्रभारी को लिखित शिकायत पत्र में पूर्व प्रधान और स्थानीय व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# लोगों ने मंत्री राजेश धर्माणी के समक्ष रखीं सड़क, पेयजल व स्वास्थ्य समस्याएं

## तकनीकी शिक्षा मंत्री ने घुमारवीं में जनसुनवाई में कई समस्याओं का किया हल



घुमारवीं स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**तकनीकी** शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बुधवार को घुमारवीं स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने मंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। धर्माणी ने हर शिकायत को गंभीरतापूर्वक सुना और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। जटिल और विभागीय प्रक्रियाओं से जुड़ी शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मंत्री धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार 'जन सेवा, जन समर्पण' के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। इसी दृष्टिकोण से प्रत्येक विभाग और अधिकारी को जनता के प्रति जवाबदेह बनाया गया है। सरकार का प्रयास है कि पारदर्शिता, समयबद्धता और संवेदनशीलता के साथ हर समस्या का समाधान किया जाए। जनसुनवाई में नागरिकों ने सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याएं उठाईं। मंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि इन लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके।

# सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर करें कार्य: अर्शिया

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल में मानसून सीजन के दौरान संभावित आपदाओं से निपटने के लिए सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम झंडूता अर्शिया शर्मा ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मानसून के दौरान आपदा प्रबंधन की तैयारियों को दुरुस्त रखने पर जोर दिया गया। एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त डॉक्टरों, दवाइयों और एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीर, शुक्र और सयाली खड्ड के आसपास रहने वाले लोगों को जागरूक करने और आपदा से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाने पर बल दिया गया। एसडीएम ने कहा कि सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करना होगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आपदा प्रबंधन के दिशा-निर्देशों का पालन करें और सतर्क रहें। इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपनी तैयारियों और योजनाओं को साझा किया, ताकि मानसून के दौरान किसी भी संभावित खतरे से निपटने में कोई कमी न रहे।

**एसडीएम ने मानसून आपदा को लेकर अलर्ट मोड पर रहने के दिए निर्देश**

### समोह के नेरस में 40 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध करवाते हुए झंडूता विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत समोह के नेरस में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। आयोजक बृज लाल शर्मा ने बताया कि अस्पताल सेवा टीम ने स्वास्थ्य जांच शिविर मे 40 लोगों की स्वास्थ्य जांच करते हुए अच्छे स्वास्थ्य, संतुलित आहार, अच्छी दिनचर्या के प्रति लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य शिविर में बजुर्गों व महिलाओं के स्वास्थ्य एवं रक्त की निःशुल्क जांच की गई।

### अंकित ने पास की आरसीएसए भर्ती परीक्षा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** कोटधार की धनी पंचायत से संबंध रखने वाले अंकित कुमार ने जियो रिलायंस की आरसीएसए भर्ती प्रक्रिया में भाग लेते हुए शारीरिक एवं शैक्षणिक परीक्षाएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। यह भर्ती प्रक्रिया गुजरात के वडोदरा में आयोजित की गई थी। अंकित के पिता कृषक हैं और माता एक गृहिणी हैं। अंकित ने आरसीएसए की पहली ही भर्ती में सफलता हासिल कर यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण और कठिन परिश्रम से कोई भी मंजिल पाई जा सकती है। इस उपलब्धि पर पंचायत धनी के उपप्रधान मुकेश कुमार ने अंकित को बधाई दीं।

### पेंशनर्स संघ के जल्द करवाए जाएं चुनाव




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर की कार्यकारिणी की आपातकालीन बैठक प्रधान जगदीश दिनेश की अध्यक्षता में सर्किट हाउस बिलासपुर में हुई। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने राज्य कार्यकारिणी के चुनाव शीघ्र करवाने का निर्णय लिया। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि राज्य कार्यकारिणी के चुनाव 27 जून की चमाकड़ी पुल मे आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार करवाए जाएंगे। जिला महासचिव नरोत्तम धीमान द्वारा सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सदर खंड प्रधान जयकृष्ण शर्मा, स्वारघाट खंड से प्रधान चमन ठाकुर, झंडूता खंड प्रधान बीरबल धीमान, शहरी इकाई घुमारवीं के प्रधान हरि सिंह ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### बिलासपुर में कर्मचारियों के लंबित मुद्दों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ऑल हिमाचल पीडब्ल्यूडी आईपीएच एंड कॉंट्रैक्चुयल वर्कर्स यूनियन इंटक हिमाचल के प्रतिनिधिमंडल की बैठक प्रदेशाध्यक्ष दीप धीमान के नेतृत्व में व जल शक्ति विभाग की प्रमुख अभियंता अंजु शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें कर्मचारियों के विभिन्न लंबित मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें वर्क इंस्पेक्टरों की रुकी हुई पदोन्नति से सबंधित मुद्दे पर प्रमुख अभियंता ने यूनियन को आश्वस्त किया कि पदोन्नति से सबंधित सभी मुद्दों का हल करने के लिए विभाग प्रयासरत है। यूनियन ने मांग की कि पिछले तीन महीनों से आउटसोर्स कर्मचारियों का रुका हुआ मासिक वेतन शीघ्र अति शीघ्र जारी किया जाए। वित्त विभाग के साथ किए गए पत्राचार के प्रयासों से अवगत करवाया, ताकि आउटसोर्स कर्मचारियों को शीघ्र रुका हुआ मासिक वेतन जारी किया जा सके।

### विश्व हिंदू परिषद की बैठक में तैयारियों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** विश्व हिंदू परिषद की महिला इकाई दुर्गावाहिनी की ओर से देशभर में दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक खबडी देवी माता मंदिर में हुई, जिसमें प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। परिषद के प्रांत मंत्री तुषार डोगरा व प्रांत सत्संग प्रमुख मंगल ठाकुर ने बताया कि दुर्गावाहिनी सेवा, सुरक्षा, संस्कार के आधार पर कार्य करती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने धर्म के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले इस वर्ग में दुर्गाओं को दुर्गा वाहिनी की प्रशिक्षिका शगुन चंदेल, संस्कृति, मंगला, पूजा, शालिनी व पल्लवी मुख्य रूप से लाठी चलाना राइफल चलाना छुरीका जुड्डो कराटे सहित अन्य कई तरह के आत्मरक्षा के गुरु सिखाए जाएंगे। 12 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय महामंत्री बजरंग लाल बांगड़ा प्रशिक्षण शिविर का विधिवत रूप से शुभारंभ करेंगे, जबकि 18 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष केशव वर्मा समापन अवसर पर प्रदेशभर से आई दुर्गाओं को संबोधित करेंगे।

# भारी बारिश से मूकबधिर ओम प्रकाश का मकान ढहा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**पंजगाई** पंचायत में सोमवार रात हुई भारी बारिश के चलते एक रिहायशी मकान गिर गया। यह मकान ओमप्रकाश पुत्र स्वर्गीय रामदीतू का था, जो जन्म से मूकबधिर हैं। ओम प्रकाश मिट्टी के बर्तन बनाकर अपनी आजीविका चलाता है। भारी बारिश होने से मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे वह बेघर हो गया है। पूर्व पंचायत प्रधान सुशील कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और प्रशासन से मांग की कि ओम प्रकाश को तुरंत उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि उनका पुनर्वास संभव हो सके। उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश एक विशेष आवश्यकता वाले नागरिक हैं और ऐसे में प्रशासन को उनकी सहायता को प्राथमिकता देनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि राहत एवं पुनर्वास के तहत शीघ्र कदम उठाए जाएं।



प्रशासन से मुआवजा देने की उठाई मांग।

### फोरलेन निर्माण में बरती अनियमितताएं : गौरव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला परिषद के बामटा वार्ड के पार्षद गौरव शर्मा ने किरतपुर-मनाली फोरलेन निर्माण में कथित अनियमितताओं को लेकर गावर कंपनी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि यह कंपनी अपने घटिया कार्यों के लिए जानी जाती है और इसके कारण हिमाचल में लगातार हादसे हो रहे हैं। उन्होंने हाल ही में शिमला में घटित घटना का हवाला देते हुए कहा कि जिस मामले में कंपनी के एक अधिकारी द्वारा पंचायतीराज मंत्री पर एफआईआर दर्ज करवाई गई है, उसका केवल एकतरफा पक्ष ही मीडिया में उछाला गया, जबकि एनएचएआई के अधिकारियों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है, जिसे जानबूझकर नजरअंदाज किया गया। उन्होंने मीडिया से निष्पक्षता की मांग करते हुए कहा कि सरकार की संवेदनशीलता का प्रमाण यही है कि मंत्री के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होने के बावजूद कानून अपना कार्य कर रहा है, लेकिन जनता के सामने समग्र चित्र आना चाहिए।

**गावर कंपनी पर लगाए गंभीर आरोप**

# झंडूता बाजार की नालियों में गंदगी का अंबार




गंदगी से भरी नालियां।

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** उपमंडल झंडूता के मुख्य बाजार और आसपास के क्षेत्रों में पक्की नालियों में फैली गंदगी ने स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर समस्या खड़ी कर दी है। लंबे अरसे से नालियों की सफाई न होने के कारण गंदगी और कचरे का अंबार लगा हुआ है, जिससे सरकार के स्वच्छता अभियान के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। बस अड्डे के साथ-साथ अन्य नालियों में भी गंदगी का आलम यह है कि मक्खी-मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। बरसात के मौसम की शुरुआत के साथ ही स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन स्वच्छता के प्रति जागरूकता तो फैलाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। नालियों की दुर्दशा ने लोगों के स्वास्थ्य के साथ-साथ बाजार की साफ-सफाई और सौंदर्य को भी प्रभावित किया है।

### बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ा : रमेश

झंडूता के समाजसेवी रमेश कुमार ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि नालियों की सफाई न होने से गंदगी का ढेर लग गया है, अगर जल्द सफाई नहीं की गई तो बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाएगा। वहीं, लोगों ने भी लोक निर्माण विभाग से इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बारिश के मौसम में नालियों की गंदगी न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरा है, बल्कि जलभराव की समस्या को भी बढ़ा सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### अधीक्षक ग्रेड-वन के पद पर पदोन्नति के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में, न्यायधीश संदीप शर्मा की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता को अधीक्षक ग्रेड-वन के पद पर पदोन्नत करने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने विभाग को दो सप्ताह के भीतर विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक आहूत कर याचिकाकर्ता की पदोन्नति पर नवीन रूप से विचार करने का आदेश दिया। न्यायालय ने विभाग की दिनांक 1 दिसंबर 2022 को हुई डीपीसी की कार्यवाही को निरस्त कर दिया, जिसमें याचिकाकर्ता को अधीक्षक ग्रेड-वन के पद पर पदोन्नति से अस्वीकृत कर दिया गया था और उनकी पूर्ववर्ती पदोन्नति को भी त्रुटिपूर्ण ठहराया गया था। न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता की पदोन्नति को 2 दिसंबर 2022 से प्रभावी माना जाए। याचिकाकर्ता, जो वर्ष 1990 में दैनिक वेतनभोगी लिपिक के रूप में नियुक्त हुए थे और पश्चात् वरिष्ठ सहायक (मई 2010) तथा अधीक्षक ग्रेड 2 (1 जनवरी 2018) के रूप में पदोन्नत हुए थे, ने वर्ष 2021 में उच्च न्यायालय में अधीक्षक ग्रेड-वन की पदोन्नति के लिए याचिका दायर की थी।

### आईजीएमसी के विभाग नहीं होंगे स्थानांतरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने आईजीएमसी शिमला से विशिष्टता प्राप्त चमियाना में हृदय रोग (कार्डियोलॉजी सीवीएस) और मूत्र रोग (यूरोलॉजी) विभागों को तात्कालिक रूप से स्थानांतरित करने पर रोक लगा दी है। यह निर्णय विषम मौसम एवं भारी वर्षा की स्थिति को देखते हुए लिया गया। महाधिवक्ता ने न्यायालय को सूचित किया कि विभाग के 27 जून के आदेशों के अंतर्गत उक्त विभागों को तीन दिवसों के भीतर चमियाना स्थानांतरित किया जाना था, परंतु चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशों के अनुसार अब स्थानांतरण को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है। प्रकरण की अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी।

### अशुरा मुहर्रम 6 को मनाया जाएगा: शाकिर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** यंग मुस्लिम एसोसिएशन के अध्यक्ष शाकिर अली शाह ने बताया की इस वर्ष अशुरा मुहर्रम 6 जुलाई को मनाया जाएगा, जो इस्लामिक कैलेंडर के पहले महीने मुहर्रम के 10वें दिन के रूप में जाना जाता है। यह दिन इस्लामी इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना के रूप में माना जाता है, जब इमाम हुसैन, पैगंबर मुहम्मद के पोते, ने अपनी जान की कुर्बानी दी थी। अशुरा मुहर्रम का दिन मुस्लिम समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें वे इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद करते हैं और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हैं। यह दिन हमें शहादत, न्याय और मानवता के मूल्यों के प्रति जागरूक करता है। अशुरा मुहर्रम के दिन, मुस्लिम समुदाय के लोग विभिन्न तरीकों से इस अवसर को मनाते हैं, जैसे कि कुछ लोग इस दिन उपवास रखते हैं और इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद करते हैं।मजलिस और शोक सभाएं आयोजित करना लोग मजलिस और शोक सभाएं आयोजित करते हैं, जहां वे इमाम हुसैन की शहादत के बारे में चर्चा करते हैं और उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस दिन दान और सेवा करने पर विशेष जोर दिया जाता है, जिससे ज़रूरतमंद लोगों की मदद की जा सके। अशुरा मुहर्रम एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो हमें शहादत, न्याय और मानवता के मूल्यों के प्रति जागरूक करता है। आइए इस अवसर पर हम इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद करें और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें।

### पेंशनर वेलफेयर संघ सुन्नी यूनिट की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स कल्याण वेलफेयर एसोसिएशन की सुन्नी यूनिट के विशेष बैठक 3 जुलाई को यूनिट कार्यालय सुन्नी में आयोजित की जाएगी। यूनिट के अध्यक्ष ऋतु राज शर्मा अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में पेंशनरों द्वारा हर वर्ष दिए जाने वाले जीवन प्रमाण पत्र की पार्टियां आबंटित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि जीवन प्रमाण पत्र जमा करने का सरकार द्वारा निर्धारित समय 1 जुलाई से 30 सितंबर तक का रहता है इस बीच किसी भी कार्य दिवस पर आप अपने जीवन प्रमाण पत्र को अपने नजदीकी कोषागार के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। इस विषय को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025-2026 का सदस्यता शुल्क भी बैठक में लिया जाएगा। यदि कोई संगठन में नया सदस्य बनना चाहता है बैठक में उपस्थित हो कर सदस्यता ग्रहण कर सकता है। बैठक में पेंशनर्स के सभी प्रकार के हितों पर चर्चा की जाएगी।

### वनाधिकार अधिनियम पर कार्यशाला 8 को

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर विकास खंड के सभी 37 पंचायतों की वनाधिकार समितियों के सदस्यों के लिए 8 जुलाई को रामपुर कॉलेज के सभागार में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एसडीएम रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि वनाधिकार अधिनियम 2006 पर एक दिवसीय कार्यशाला रामपुर कॉलेज के सभागार में 8 जुलाई को प्रातः 10 बजे से आरंभ होगा और इस एक दिवसीय कार्यशाला में रामपुर विकास खंड के सभी 37 ग्राम पंचायतों में गठित वनाधिकार समितियों के प्रधान/ सचिव के साथ सम्बन्धित ग्राम पंचायत प्रधान/ सचिव तथा अध्यक्ष किसान बागवान यूनियन रामपुर भी भाग लेंगे। उन्होंने खंड विकास अधिकारी रामपुर को इस एक दिवसीय वनाधिकार अधिनियम 2006 के कार्यशाला में सभी प्रधान/सचिवों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है ।

### बारिश से पंचायत घर के अस्तित्व को खतरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** कोटली उपमंडल के ग्राम पंचायत तरनोह के बरयारा में मूसलाधार वर्षा से तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। गांव कुटल और बरयारा को जोड़ने वाली सड़क के माध्यम से कुटल नाले का पानी पंचायत घर बरयारा के पास पहुंचा और भारी तबाही मचाई। इस भारी जल सैलाब में जहां पंचायत घर के अस्तित्व को खतरा पैदा हो गया है तो वही पंचायत घर से होकर गुजरने वाली सड़क भी खोखली हो गई है। जब पानी का बहाव लोक निर्माण की सड़क से नीचे गया तो करीब 15 बीघा जमीन को खंडहर में बदल दिया। इस उपजाऊ जमीन पर मक्की, अदरक, चहरि, बाजरा और अन्य नगदी फसल बिजी हुई थी जो पूर्ण रूप से समाप्त हो गई है।

# ब्रेही पंचायत का कमाल, नौनिहालों को पीठ पर उठाकर पढ़ाया जा रहा है पाठ

## सड़क खराब होने के कारण अभिभावक पीठ पर उठाकर बच्चों को पहुंचा रहे स्कूल

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** ग्राम पंचायत ब्रेही में पैदल चलने योग्य सड़क खराब होने के चलते स्कूल के नौनिहालों को अभिभावक पीठ में उठाकर स्कूल पहुंचा रहे हैं। रास्ता खराब ऊबड़-खाबड़ व तंग होने के चलते यहां पर हर रोज एक दर्जन से अधिक बच्चे जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंच रहे हैं। रास्ता खराब होने के चलते कई बार स्कूल के बच्चे दुर्घटना का शिकार भी हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को स्कूल से वापस आते हुए एक बच्चा रास्ते से नीचे गिर गया जिसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। बार-बार शिकायत करने के बाद भी अभी तक ग्राम पंचायत व संबंधित विभाग की ओर से इस



**खराब रास्ते होने से एक बच्चे को आई चोटें**

और कोई भी सुध नहीं ली गई है। लिहाजा रोज यहां पर एक दर्जन से अधिक बच्चे जान जोखिम में डालकर अपने भविष्य को संवारने के लिए स्कूल पहुंच रहे हैं। हैरानी की बात यहां पर यह है कि यहां पर पंचायत द्वारा एक लाख का बोर्ड काम करने का भी लगाया हुआ है लेकिन धरातल पर काम बिल्कुल भी नहीं हुआ है। जबकि इस रास्ते से हर रोज घारी, सणूंह, ककई, अंदरौट, फांट, तुर, गदियाडा, कुगैठ, टप्पर और कुपवाड़ा गांव के लिए यही रास्ता है।

पिछले कई सालों से रास्ता खराब होने के चलते यहां पर हर रोज लोग दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं। रास्ता खराब होने के चलते यहां पर अभिभावकों को रोज अपने बच्चों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर हर रोज ग्राम लोगों या स्कूली बच्चों को डेढ से 2 किलोमीटर तक जान जोखिम में डालकर आना-जाना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी सुरेंद्र कुमार ने कहा है कि अगर जल्द रास्ते मरम्मत नहीं हुई तो वह अपने बच्चों व परिवार को लेकर उपायुक्त कार्यालय चंबा में भूखे पेट धरने पर बैठ जाएंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी पंचायत व प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा है की रास्ता खराब होने के चलते मंगलवार को उनका बच्चा स्कूल से घर वापस आते समय लगभग 20 मीटर नीचे गहरी खाई में गिर गया जिसके कारण उसकी सिर पर गहरी चोटें लगी है।

इस विषय पर विधायक डॉक्टर जनक राज ने कहा है कि सरकार व्यवस्था परिवर्तन की सरकार है इससे पहले उम्मीद करना बेकार है। जो कुछ भी करना पड़ेगा हमें स्वयंही करना पड़ेगा

# गद्दी नस्ल की भेड़ों के संरक्षण के लिए 81 चयनित नर मेंढे किए वितरित



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**पशुपालन** विभाग चंबा ने गद्दी नस्ल की भेड़ों के संरक्षण के लिए केंद्रीय प्रायोजित योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न उपमंडलों में 81 चयनित किए नर मेंढों का वितरण किया। यह जानकारी उप निदेशक पशुपालन विभाग चंबा डॉ मुंशी कपूर ने दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत गद्दी नस्ल की भेड़ों को पालने वाले किसानों का चयन किया गया था तथा उन्हें सामूहिक तौर पर एक एक गद्दी नस्ल का मेंढा दिया गया था। अब उनकी सन्तति का समय-समय पर जांच करने उपरांत नर मेंढ़ो को चयनित कर ऐसे भेड़ पालकों को निःशुल्क दिया जा रहा है। जिनके पास गद्दी नस्ल की कम से कम पचास भेड़ें हों। इस योजना का उद्देश्य जिले में विलुप्त हो रही गद्दी नस्ल की भेड़ों की संख्या को बढ़ाना है ताकि प्रदेश में गद्दी नस्ल की भेड़ों को बढ़ावा दिया जा सके। जिससे क्षेत्र के भेड़ पालकों की आजीविका में वृद्धि हो सके तथा जिले की पहचान गद्दी नस्ल की भेड़ों का संरक्षण हो सके।

# नप चंबा और डलहौजी के वार्डों के अंतिम परिसीमन का आदेश जारी

**उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जारी किए आदेश**

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने नगर परिषद चंबा एवं डलहौजी के तहत वार्डों के अंतिम परिसीमन आदेश जारी किए हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की अनुपालना के अंतर्गत नगर परिषद चंबा एवं डलहौजी को वार्डों को विभाजित करने और प्रत्येक वार्ड की सीमाओं को परिभाषित करने का प्रस्ताव 2 जून को जारी किया गया था। नगर परिषद चंबा के अंतर्गत सीमांकन प्रारूप आदेश पर 6 तथा नगर परिषद डलहौजी के तहत 5 आपत्तियां प्राप्त हुई थीं। सुनवाई के पश्चात 16 जून को राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना द्वारा निर्धारित समय सीमा के अनुसार निर्णय लिया गया। आदेश के विरुद्ध 23 जून तक आगामी अपील की अवधि निर्धारित की गई थी। परंतु इस संदर्भ में नगर परिषद चंबा एवं डलहौजी के तहत निर्धारित समयावधि में कोई भी अपील दायर नहीं हुई।



उपायुक्त एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने इसके दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश नगर पालिका चुनाव नियम-2015 के अंतर्गत नगर परिषद चंबा एवं डलहौजी के वार्डों को लेकर अंतिम परिसीमन आदेश जारी किए हैं।

वार्डों की अंतिम परिसीमन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए संबंधित उपमंडल दंडाधिकारी अधिकारी नागरिक (एसडीएम) एवं कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद (ईओ) के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# डलहौजी में चिट्टे सहित 3 गिरफ्तार

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी पुलिस ने चिट्टे सहित 3 युवाओं को गिरफ्तार किया है। डलहौजी सुभाष चौक पर की गई नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक कार नंबर पीबी 03ए 6802 तलाशी लेने के बाद तीनों युवकों से 12.24 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद की गई। डलहौजी के प्रभारी एसएचओ जगबीश सिंह ने बताया कि रात के समय नियमित जांच अभियान के तहत सुभाष चौक पर शक के आधार पर आने वाले वाहनों का निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान पंजाब से आ रही एक उक्त नंबर कार को जांच के लिए रोका गया। पुलिस को शक हुआ जब उनकी तलाशी ली गई तो कार में चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों युवकों को हिरासत में ले लिया है। आरोपियों की पहचान जसपाल सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह कमलजीत सिंह पुत्र अनायत सिंह, और समीर पुत्र अनायत सिंह के रूप में हुई है। तीनों आरोपी पंजाब के फिरोजपुर जिले के मलांवाला गांव के रूप में हुई है। पुलिस इन आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# फुटबाल, हॉकी व बॉक्सिंग के अभ्यास शिविर शुरू

## उपायुक्त ने किया शिविर का उद्घाटन, खिलाड़ियों को दिए सफलता के मंत्र

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** जिला खेल परिषद चंबा के तत्वावधान में बुधवार को चौगान नंबर-1 में फुटबाल, हॉकी और बॉक्सिंग के कैम्प्स का ग्रीष्मकालीन दैनिक अभ्यास शिविर प्रारंभ हुआ। प्रातः साढ़े सात बजे आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने युवा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व जैसी क्षमताओं को भी विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से इस शिविर का भरपूर लाभ उठाने का आह्वान किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। शिविर में प्रशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति जिला युवा सेवा एवं खेल विभाग द्वारा की गई है। हॉकी के लिए बिलासपुर से



चौगान नंबर-1 में फुटबाल, हॉकी और बॉक्सिंग के कैंप का ग्रीष्मकालीन दैनिक अभ्यास शिविर का शुभारंभ करते उपायुक्त चंबा मुकेश।

प्रसीप कालिया, बॉक्सिंग के लिए शिमला से टेक चंद, और फुटबॉल के लिए किन्नौर से विक्रम बिष्ट को प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी रूपेश कुमार की भूमिका उल्लेखनीय रही। उन्होंने शिविर के आयोजन और जिला में खेल गतिविधियों के विस्तार हेतु जो निरंतर प्रयास किए हैं, वह सराहनीय हैं। रूपेश कुमार का समर्पण और विज़न चंबा जिले में खेलों के उत्थान में एक प्रेरणास्त्रोत बन चुका है। अनुशिक्षक भागीरथ, संजय कुमार, हॉकी संघ चम्बा के सचिव मुकेश बेदी, पूर्व फुटबॉल कोच प्रेम भूषण, योगेश चौणा, बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष देवेंद्र पठानिया, सचिव धर्म सिंह, पूर्व हॉकी खिलाड़ी अनिल सिंह और अक्षय समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह अभ्यास शिविर युवाओं को खेलों में उच्च स्तर की तकनीकी प्रशिक्षण देने और जिला स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभा को तराशने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 का विरोध

## विभिन्न संगठनों और जागरूक लोगों ने असिस्टेंट कमिश्नर चंबा के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**वक्फ** संशोधन अधिनियम 2025 के खिलाफ चंबा जिले के विभिन्न संगठनों और जागरूक नागरिकों ने एकजुट होकर असिस्टेंट कमिश्नर चंबा पृथी पाल सिंह के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इसमें इस अधिनियम के कई प्रावधानों पर गंभीर आपत्ति जताते हुए इसे संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन बताया गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि यह अधिनियम मुस्लिम समुदाय की धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान को प्रभावित करता है व वक्फ संपत्तियों पर सरकारी नियंत्रण को अत्यधिक बढ़ाता है, जिससे धार्मिक संस्थाओं की स्वायत्तता और परंपरागत व्यवस्थाएं संकट में पड़ सकती हैं। प्रतिनिधियों ने अनुरोध किया कि इस ज्ञापन को महामहिम राष्ट्रपति महोदय तक पहुंचाया जाए और इस संबंध में यथाशीघ्र सूचना भी दी जाए। इस मौके पर स्थानीय नागरिकों ने शांतिपूर्वक विरोध प्रकट किया और संविधान व अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की पुरज़ोर मांग की।



**ये मांगें**

1. वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए। 2. वक्फ संस्थाओं की स्वायत्तता सुनिश्चित की जाए। 3. वक्फ बोर्ड व परिषद में केवल मुस्लिम प्रतिनिधियों की नियुक्ति की जाए। 4. मुतवल्लियों को कानूनी संरक्षण प्रदान किया जाए। 5. वक्फ संपत्तियों को संविधानिक संरक्षण दिया जाए।

**इन बिंदुओं पर आपत्तियां**

* जिलाधिकारियों को वक्फ संपत्तियों की जांच का अधिकार देना, जो धार्मिक संस्थानों की स्वायत्तता पर सीधा हस्तक्षेप है।
* वक्फ बोर्ड व परिषद में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति, जिससे संस्थागत पहचान पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।
* धारा 3सी के अंतर्गत मुतवल्लियों को कागजात के अभाव में दंडित करना, जो ऐतिहासिक धार्मिक संपत्तियों के अस्तित्व को संकट में डालता है।
* धारा 10, 13 और 16 जैसे प्रावधान, जो धार्मिक उद्देश्यों और स्थलों की पहचान और संरक्षण को कमजोर करते हैं।

### चंबा में 'आप' नेता मनीष सरीन का बड़ा दावा

# ई-ग्राम स्वराज पर फर्जीवाड़ा, 90 दिन में नहीं सुधरा तो होगा खुलासा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



चंबा में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते आप नेता मनीष सरीन व अन्य।

**चंबा** में प्रेस कॉन्फ्रेंस में आम आदमी पार्टी के डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी मनीष सरीन ने ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर पंचायतों द्वारा दर्ज किए जा रहे कार्यों को लेकर बड़ा बयान दिया। मनीष सरीन ने कहा कि ई-ग्राम स्वराज भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विकसित एक ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों में विकेन्द्रीकृत योजना, वास्तविक समय में प्रगति की रिपोर्टिंग और पारदर्शी लेखांकन को सुनिश्चित करना है। लेकिन, उन्होंने आरोप लगाया कि कई पंचायतें जमीनी स्तर पर कार्य किए बिना ही पोर्टल पर झूठे और गुमराह करने वाले आंकड़े दर्ज कर रही हैं।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि अब सिर्फ 90 दिनों की मोहलत है। यदि इस दौरान इन फर्जी आंकड़ों में सुधार नहीं किया गया, तो मैं पूरे डाटा और दस्तावेज़ों को राज्य पुलिस, राज्य विजिलेंस और सीआईडी के पास जांच हेतु सौंप दूंगा। ऐसे कई चेहरे हैं जो इन आंकड़ों के पीछे छिपे हैं और समय आने पर सबको बेनकाब किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि जनता के पैसे और लोकतांत्रिक प्रणाली की रक्षा के लिए है। मनीष सरीन ने जिला प्रशासन से मांग की कि ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर दर्ज हर कार्य की स्थलीय और तकनीकी जांच करवाई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके व दोषियों पर उचित कार्रवाई हो।

इस मौके पर मनीष सरीन के साथ समाजसेवी राकेश, इच्छाराम टंडन और विश्वजीत मल्होत्रा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने भी इस मुद्दे पर अपनी चिंता जताई और पारदर्शिता की मांग की।

### सूडोकु नवताल- 7479 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7478 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

# खलेही के रमेश चंद बने लेफ्टिनेंट कर्नल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भड़याड़ा के छोटे से गांव खलेही के बेटे रमेश चंद ने लेफ्टिनेंट कर्नल बनकर न केवल अपने गांव और जिला मंडी, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। रमेश चंद ने वर्ष 1994 में असम राइफल्स में लिपिक के पद पर सेवा आरंभ की थी। कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के बल पर वे अब द्वितीय कमान अधिकारी के पद तक पहुंचे हैं। 1 जुलाई को अरुणाचल प्रदेश के राजभवन ईटानगर में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें यह पदोन्नति प्रदान की गई। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केटी परनाइक (सेवानिवृत्त) ने वरिष्ठ अधिकारियों तथा उनकी धर्मपत्नी गीता सिंह की उपस्थिति में रमेश चंद को लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर पदोन्नत किया। वर्तमान में वे राज्यपाल के विशेष सहायक के रूप में कार्यरत हैं।



# अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

वीरवार, 3 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** अष्टमी (09:25) : **नक्षत्र** हस्त (13:46), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** परिघा (18:29), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:57-12:52)। **राहुकाल** (14:08-15:51)।

**विशेष दिन**

- 3 जुलाई 2025: ओडिशा में आज मनाई जाएगी परशुराम अष्टमी।
- 3 जुलाई 2025: मासिक दुर्गाष्टमी आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृषः** अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**मिथुनः** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**कर्कः** कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**सिंहः** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा व मित्रों से समागम भी होगा।

**कन्याः** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुलाः** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी।

**वृश्चिकः** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**धनुः** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। परिजनों के सहयोग से काम आसान होगा। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे।

**मकरः** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभः** विद्यार्थियों को लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। दुःक्षचतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। नैतिक दायरे में रहें।

**मीनः** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने की सरकाघाट में सीबीएसई स्कूल खोलने की घोषणा

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने बुधवार को जिला मंडी के धर्मपुर क्षेत्र के दौरे के उपरांत सरकाघाट का दौरा कर क्षेत्र में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने उपायुक्त को बारिश से हुए नुकसान का आकलन करने और प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री शीघ्र पहुंचाने के निर्देश दिए।

उन्होंने सरकाघाट में कन्या खेल छात्रावास का दौरा भी किया। उन्होंने खिलाड़ियों से बातचीत की और उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर शैक्षणिक अवसर प्रदान करने के लिए सरकाघाट में शीघ्र ही सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय की स्थापना की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि खेल आयोजनों में भाग लेने वाले छात्रों को अनुपस्थित के बजाय 'विशेष अवकाश' पर चिह्नित करें जैसा स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) प्रतियोगिताओं के लिए किया जाता है। सरकाघाट पहुंचने पर कांग्रेस नेता पवन ठाकुर के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर और अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे।

### सीएम ने पाड़छू पुल के पास हुए नुकसान का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को जिला मंडी के धर्मपुर क्षेत्र में पाड़छू पुल के निकट हुए नुकसान का निरीक्षण किया। हाल ही में क्षेत्र में पानी जमा होने से एक अस्थायी झील बन गई थी, जिससे उसके समीप बने मंदिर और शमशान घाट को नुकसान हुआ है। इस अवसर पर स्थानीय विधायक चंद्रशेखर ने मुख्यमंत्री को स्थिति से अवगत करवाया।

# कोमिक गांव में बैंक के नाम से होने वाली धोखाधड़ी के बारे दी जानकारी




काजा के कोमिक गांव में लोगों व पर्यटकों को बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सेवा संस्था के सौजन्य से वित्तीय साक्षरता केंद्र स्पीति द्वारा काजा के प्राचीन गांव कोमिक जो विश्व के सबसे ऊंचाई पर स्थित है और विश्व का सबसे ऊंचाई पर स्थित डाक विभाग कार्यालय हिक्किम में वित्तीय साक्षरता केंद्र स्पीति द्वारा शिविर का आयोजन किया।

भारत के हिमाचल प्रदेश की स्पीति घाटी में स्थित कोमिक गांव की ऊंचाई 15,027 फीट (4,580 मीटर) है। इसे अकसर दुनिया के सबसे ऊंचे योग्य गांवों में से एक माना जाता है। कोमिक गांव में 500 साल पुराना लुंडुप त्सेमो गोम्पा बौद्ध मठ है और यह दुनिया के सबसे ऊंचे गांवों में से एक है। इस जागरूकता शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और बैंक से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी वित्तीय साक्षरता केंद्र की ओर से दी गई। इस शिविर में वित्तीय साक्षरता केंद्र चंबा व लाहौल-स्पीति के प्रतिनिधि प्रवीण वर्मा, परविन्दर ठाकुर, लाहौल केन्द्र से सुलक्षणा जी, स्पीती केन्द्र से तंज़िन लौटे, उरज्ञान टशी उपस्थित रहे। वहां पर स्थानीय लोगों व पर्यटकों को बैंक के नाम से होने वाली धोखाधड़ी व साइबर क्राइम के बारे में बताया गया।

**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं, भवनीत कौर नागपाल** पत्नी रमित गुप्ता पुत्री मंगलजीत सिंह, निवासी मकान नंबर 385/11, पुराना बाजार, संदरनगर, जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि मेरे दसवीं के प्रमाण पत्र और सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम भवनीत कौर नागपाल है। जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम भवनीत है। अतः भवनीत कौर नागपाल और भवनीत दोनों मेरे ही नाम हैं। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

**मैं, शिवानी** (37 वर्ष) पत्नी जिशान बेदी सपुत्र श्री कुलदीप बेदी निवासी 15बी इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) यह घोषणा करता हूँ कि मेरी बेटी के जन्म प्रमाणपत्र में मेरी बेटी का नाम गलती से नीलांशी बेदी दर्ज किया गया है जबकि उसका सही नाम सरगुन बेदी है। कृपया सभी संबंधित इसे नोट करें।

‘एक महिला को सशक्त बनाओ और तुम एक पूरे समुदाय का उत्थान करोगे। –सावित्रीबाई फुले

## संपादकीय

# अफवाहों का खतरा

इस बार का मानसून सीजन हिमाचल के लोगों के लिए आफत बनकर आया है। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश, बादल फटने की घटनाएं और भूस्खलन ने पूरे प्रदेश में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। खासकर मंडी, कुल्लू, कांगड़ा जिलों में हालात बेहद खराब हैं। अभी तक 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। साथ ही वर्षा जनित घटनाओं में 50 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। कहीं घर बह गए, कहीं सड़कें टूटीं और कहीं पुल ढह गए। जिन लोगों के आशियाने उजड़ गए हैं, उनके लिए यह त्रासदी किसी बुरे सपने से कम नहीं है। उनके पुनर्वास का सवाल सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती बनकर खड़ा हो गया है। मंडी जिला इस आपदा का सबसे बड़ा शिकार बना है। यहां कई इलाकों में भूस्खलन के कारण घर जमींदोज हो गए हैं। सड़कें बंद हैं और कई गांवों का संपर्क पूरी तरह कट चुका है। नदियों का जलस्तर खतरनाक स्तर से ऊपर चला गया है।

ब्यास, सतलुज और यमुना जैसी नदियां रौद्र रूप में हैं। कई जगहों पर छोटे-बड़े पुल बह चुके हैं। ग्रामीण अपने घर-बार छोड़कर सुरक्षित जगहों की तलाश में भटक रहे हैं। राहत और बचाव कार्य जारी हैं, लेकिन लगातार बारिश के चलते इन कार्यों में बाधा आ रही है। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बादल फटने की घटनाओं ने तबाही को और ज्यादा बढ़ा दिया है। नालों ने रिहायशी इलाकों में तबाही मचाई। खेत, मकान और रास्ते सब कुछ पानी में बह गया। कई जगहों पर रात के अंधेरे में लोगों को अपना घर छोड़कर भागना पड़ा। पहाड़ टूटकर घरों और सड़कों पर आ गिरे। सैकड़ों मकान ढह चुके हैं, जबकि सैकड़ों आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। कई जगहों पर गोशालाएं बह गईं और मवेशी मारे गए। किसानों की फसलें तबाह हो गईं। सेब, मटर, गोभी और अन्य सब्जियों की खेती करने वाले किसानों को करोड़ों का नुकसान हुआ है। टूरिज्म सेक्टर भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ऐसे मुश्किल समय में एक और समस्या सिर उठाने लगी है और वह है सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहें।

आपदा की स्थिति में गलत जानकारी और भ्रामक खबरें लोगों में दहशत फैला रही हैं। कोई कह रहा है कि फलां डैम टूट गया है, तो कोई किसी इलाके में बड़े भूस्खलन या पुल टूटने की झूठी खबर फैला रहा है। इस पर सख्ती दिखाते हुए डीजीपी अशोक तिवारी ने सख्त आदेश जारी किए हैं। उन्होंने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों और बटालियन कमांडेंट्स को निर्देश दिया है कि वे सोशल मीडिया पर गलत जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करें। इस तरह की अफवाहें संकट के समय लोगों में डर और भ्रम पैदा करती हैं, जो कि बेहद आपत्तिजनक है। डीजीपी ने पुलिस बल को हाई अलर्ट पर रखा है। सभी जिलों में कंट्रोल रूम सक्रिय कर दिए गए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष टीमें तैनात की गई हैं। पुलिस, होमगार्ड्स, आपदा प्रबंधन विभाग और एनडीआरएफ की टीमें लोगों को सुरक्षित निकालने में जुटी हुई हैं। हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिए गए हैं, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति तत्काल मदद के लिए संपर्क कर सके।

सोशल मीडिया पर झूठी खबरें फैलाना गंभीर अपराध है। आईटी एक्ट और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे सिर्फ सरकारी स्रोतों से आई जानकारी पर ही विश्वास करें और किसी भी अनधिकृत स्रोत से आई खबर को आगे न बढ़ाएं। भारी बारिश और आपदा से निपटना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। एक ओर जहां प्रभावित इलाकों में लोगों को बचाना और राहत पहुंचाना प्राथमिकता है, वहीं दूसरी ओर भविष्य में ऐसे हादसों से बचाव के उपाय ढूंढना भी जरूरी है। पहाड़ों में अनियंत्रित निर्माण, नालों और खड्डों में अतिक्रमण, सड़कों की गलत डिजाइन और जंगलों की अंधाधुंध कटाई ने इस आपदा को और ज्यादा गंभीर बना दिया है। जिन परिवारों के घर तबाह हो गए हैं उनके सामने पुनर्वास का बड़ा संकट है। पहाड़ों में जमीन की उपलब्धता बेहद सीमित है।

सरकार की ओर से तुरंत टेंट और अस्थायी शेल्टर की व्यवस्था तो की जा रही है, लेकिन स्थायी पुनर्वास में लंबा वक्त लग सकता है। साथ ही जिन किसानों की फसलें तबाह हो गई हैं, उनके लिए आर्थिक सहायता बेहद जरूरी है। इस कठिन समय में सरकार और प्रशासन लगातार प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में आम जनता की जिम्मेदारी है कि वह संयम बनाए रखे, अफवाहों से दूर रहे और सिर्फ अधिकृत जानकारी पर ही भरोसा करे। यदि आप किसी संकट में हैं या किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की जानकारी है, तो तुरंत जिला प्रशासन या पुलिस को सूचित करें। हिमाचल प्रदेश के लिए यह मानसून सीजन एक गंभीर चेतावनी है। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ का नतीजा अब सामने दिख रहा है। हमें पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होना होगा और आपदा प्रबंधन के प्रति और ज्यादा सजग रहना होगा। साथ ही सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करना भी बेहद जरूरी है। संकट की घड़ी में अफवाह फैलाना न सिर्फ अमानवीय है, बल्कि यह कानूनन भी अपराध है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### महावीर चक्र से सम्मानित सैनिक

**दिगेंद्र** सिंह भारत के वह नायक, जिन्हें 30 साल की उम्र में तत्कालीन राष्ट्रपति केआर नारायणन ने देश दूसरे सबसे बड़े गैलेंट्री अवॉर्ड 'महावीर चक्र' से नवाजा था। कारगिल युद्ध के दौरान उन्होंने अपनी टीम के सहयोग से 48 पाकिस्तानी सैनिकों को मारकर न केवल देश को बड़ी कामयाबी दिलाई बल्कि पांच गोलियां लगने के बावजूद पाकिस्तानी मेजर मारते हुए तोलोलिंग की चोटी पुन: फतह की और 13 जून, 1999 की प्रभात बेला में तिरंगा लहरा दिया। राजस्थान के सीकर जिले की नीमकाथाना तहसील के एक गांव में जाट परिवार में जन्मे सिंह बचपन से सैन्य माहौल में पले-बढ़े। उनके नाना स्वतंत्रता सेनानी रहे थे तो पिता भारतीय सेना के वीर योद्धा रहे। 1947-1948 के युद्ध के दौरान दिगेंद्र के पिता शिवदान सिंह के जबड़े में 11 गोलियां लगी थीं, फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी थी। हालांकि, इसके बाद सिंह का उपचार दो-तीन साल तक चलता रहा और बाद में वे अनफिट करार दिए जाने के बाद सेना से रिटायर हो गए। उनके योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें 'महावीर चक्र' से सम्मानित किया। ■



दिगेंद्र सिंह
जन्म : 3 जुलाई, 1969



कविता

### बरसात का मौसम

राकेश डोगरा, गांव कौना हल्दरा, पालमपुर

*आया जब बरसात का मौसम।*
*हवा का झोंका करता शोर,*
*नाच उठे जंगल में मोर।*
*चिड़िया, तोता, भालू, बंदर,*
*बन जाएं सब मस्त कलंदर।*
*कोयल बोले मीठी वाणी,*
*बादल बरसे छम-छम पानी।*
*खेतों में हरियाली आए,*
*किसान देख कर खुश हो जाए।*
*रुचि कह उठे अपनी मां से,*
*मिलूंगी मैं राकेश मामा से।*
*यह कैसा अंधकार है मम्मी,*
*दिन भी लगता रात का मौसम।*
*आया जब बरसात का मौसम।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# आपरेशन सिंदूर के प्रहार से भी नहीं सुधरा पाकिस्तान

भारतीय सेना की दास्तान ए सुजात का रुतबा व जंगी ताकत की हैसियत अपनी बुलंदियों की सरहदों को लांघ चुकी है। आपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को नेस्तानाबूद करके भारत ने दुनिया को एहसास करा दिया था कि राष्ट्र के स्वाभिमान के लिए भारतीय सेना परमाणु बम की हनक दिखाने वाले मुल्क पर हमला करने में संकोच नहीं करेगी, लेकिन आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना से पिटने के बाद भी पाक सिपहसालार आसिम मुनीर की हनक कम नहीं हो रही।



लेखक : प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

28 जून 2025 को कराची में पाकिस्तान की नेवल अकादमी में पासिंग आउट परेड समारोह में आसिम मुनीर ने एक बार फिर कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस करार देकर आतंकियों की हिमायत की। आपरेशन सिंदूर की स्ट्राइक से स्पष्ट हो गया था कि भारतीय सेना की मारक क्षमता व रणनीतिक कौशल के आगे पाकिस्तान ज्यादा समय तक नहीं टिक सकता। भारत के हमले से पाकिस्तान के आसमान में आधी रात को सिंदूर का रंग नजर आ रहा था। आपरेशन सिंदूर के रद्दे अमल में पाक सेना के आपरेशन 'बुनियान अल मरसूश' को भारतीय सशस्त्र बलों ने खाक में मिला दिया। भारतीय हमलों की गर्जना से खौफजदा होकर पाक सेना का पूर्व मेजर व सांसद ताहिर इकबाल अपने मुल्क की सलामती के लिए 'मजलिस ए शूरा' में अश्क बहाकर सजदा करने लगा था।

पाक वजीरे आजम शहबाज शरीफ आपरेशन सिंदूर से हुई बर्बादी की दास्तान मजलिस ए शूरा में पेश कर रहे थे तो लर्जिश चेहरे पर साफ झलक रही थी। पाक के आतंकी अड्डों को ध्वस्त करके नूरखान, भोलारी व सरगोधा एयरबेस पर बारूद बरसा कर भारतीय सेना ने दुनिया को पैगाम दे दिया कि पाकिस्तान की परमाणु संरचना भारत की अचूक मारक क्षमता से महफूज नहीं है। पाकिस्तान की 'स्ट्रैटेजिक प्लान्स डिवीजन' का मुख्यालय तथा



पाक सेना का जीएचक्यू भी नूरखान एयरबेस के पास रावलपिंडी में ही है।

पाकिस्तान के सीनेटर 'उमर फारूक' ने मजलिस ए शूरा में पाक सेना की नाकामी पर सवाल उठाते हुए फरमाया था कि भारत द्वारा जीएचक्यू के पास बम बरसाना बेहद खौफनाक है। उमर फारूक के इस बयान ने अपनी शिकस्त पर जश्न मना रही पाकिस्तान की कठपुतली हुकूमत के सभी दावों की हवा निकाल दी। सिंदूर के प्रहार से पाकिस्तान को अपनी तबाही व बर्बादी पर पर्दा डालना मुश्किल हो रहा है। पाक एयरफोर्स के साबिक एयर चीफ मार्शल मसूद अख्तर ने एक साक्षात्कार में तस्लीम किया था कि दस मई 2025 की रात को पाक के भोलारी एयरबेस पर भारतीय मिसाइलों के हमले में पाकिस्तान ने अपना एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम विमान खो दिया तथा स्क्वार्डन लीडर 'उस्मान युसूफ' सहित पाक वायुसेना के कई सैनिक हलाक हुए। दुनिया के कई रक्षा विशेषज्ञों ने आपरेशन सिंदूर की जमकर तारीफ की थी। अमेरिका के अर्बन वारफेयर विशेषज्ञ कर्नल जॉन स्पेंसर ने कहा कि भारत की ब्रह्मोस के प्रहार से पाक सेना का चीनी एयर डिफेंस सिस्टम 'एचक्यू 9' बर्बाद हुआ।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

नतीजतन चीन के हथियारों पर निवेशकों का भरोसा कम हो रहा है। जॉन स्पेंसर ने आपरेशन सिंदूर को 'आधुनिक युद्ध में एक निर्णायक जीत' करार दिया। आस्ट्रिया के सैन्य इतिहासकार 'टाम कूपर' ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर में भारत स्पष्ट विजेता रहा है। 'इंटरनेशनल सेंटर फार काउंटर टेररिज्म' की हालिया रिपोर्ट के अनुसार आपरेशन सिंदूर भारत की आतंक विरोधी नीति में एक अहम बदलाव है। जो सक्रिय जवाबी कारवाई पर जोर देता है। बहावलपुर व मुरीदके के आतंकी ठिकानों के अलावा पाकिस्तान के ग्यारह एयरबेस सहित कई फाइटर जेट्स भी भारतीय हमलों का शिकार बने। पीओके के आंतकी कैंपों पर सिंदूर के प्रहार से दहशत इस कदर थी कि मुजफ्फराबाद में मौजूद पाक सेना की '75वीं ब्रिगेड' के कमांडर अपने सैनिकों सहित मुख्यालय को छोड़कर भाग गए थे। हाजीपीर सेक्टर में तैनात 16वीं बलोच के कैप्टन 'हसनैन शाह' भारतीय फायरिंग में हलाक हुए।

हसनैन शाह की लाश को एबोटाबाद में तैनात पाक सेना की 'छठी ब्रिगेड' ने उठाया। भारत ने मजबूत स्ट्राइक से पाकिस्तान को उसकी औकात दिखा दी। मगर समझना होगा कि सिंदूर के सीजफायर से पाकिस्तान को संभलने का मौका मिल गया। भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था तथा बढ़ती सैन्य ताकत से विश्व के कई मुल्क परेशान हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की तरफ से जारी आतंकवाद की सूची में विश्व में सबसे ज्यादा आतंकी जमातें पाकिस्तान में मौजूद हैं। इंटरपोल के वांटेड ज्यादातर आतंकी पाकिस्तान में ही मौजूद हैं। परमाणु बम की धौस दिखाकर पाकिस्तान एक मुद्दत से आतंकियों का सरपरस्त बना है। इसके बावजूद आतंक के आलमी मरकज पाकिस्तान के अमाल पर वैश्विक समुदाय में खामोशी की रजामंदी है। जून 2018 में पाकिस्तान 'एफएटीएफ' की ग्रे लिस्ट में था मगर अक्तूबर 2022 में पाक को ग्रे लिस्ट से हटा दिया गया।


आपरेशन सिंदूर की गर्जना से सबसे ज्यादा बेचैन अमेरिका था। इसीलिए अमेरिका सहित कई मुल्क अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान के साथ खड़े हैं। भारत के कहर से पाकिस्तान को बचाने के लिए अमेरिका हमेशा विशेष भूमिका निभा रहा है। हाल ही में पाकिस्तान के वजीरे दिफा ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने ब्रिटिश 'स्काई न्यूज' से गुफ्तगू के दौरान तस्लीम किया था कि उनका मुल्क तीन दशकों से अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए आतकी जमातों की सरपरस्ती करके गंदा काम कर रहा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# वन महोत्सव एक संजीवनी उत्सव, वन हैं तभी हम हैं

वन महोत्सव एक वार्षिक वृक्षारोपण उत्सव है जिसमें पूरे देश में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है। सन 1950 से भारत में हर वर्ष 1 जुलाई से 7 जुलाई तक यह साप्ताहिक उत्सव मनाया जाता है। भारत में एक सप्ताह के वृक्षारोपण वन महोत्सव की शुरुआत कन्हैयालाल मनिकालाल मुंशी ने की थी। वन महोत्सव का उद्देश्य भारत देश के प्रत्येक नागरिक को हफ्ते में एक पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित करना तथा साथ ही पेड़ों के लाभ और संरक्षण व पेड़ों को काटने से होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक करना है। जनसंख्या विस्फोट तथा औद्योगिक क्रांति, आधुनिकरण का सीधा प्रभाव वनों पर पड़ा है।



लेखक : लकेश चंदेल
बिलासपुर (हि.प्र.)

परिणामस्वरूप वनों की अंधाधुंध कटाई हुई है तथा वनों की संख्या में एक भारी गिरावट के कारण पूरा पर्यावरण असंतुलित होने के कारण विभिन्न प्राकृतिक आपदाएं आने लगी। वन महोत्सव जिसे पेड़ों का त्योहार भी कहा जाता है, एक उत्सवों का महा उत्सव है, क्योंकि अगर वन है तभी हम हैं।

पेड़ पौधे पर्यावरण में ऑक्सीजन प्रदान करते हैं जो कि मनुष्य तथा विभिन्न जीव-जंतुओं को जीवित रहने के लिए बहुत ही जरूरी है। ऑक्सीजन को हम सांस के रूप में अंदर लेते हैं तथा कार्बन डाइऑक्साइड को बाहर छोड़ते हैं। इसी कार्बन डाइऑक्साइड को पेड़ पौधे प्रकाश संश्लेषण विधि द्वारा उपयोग में लाकर पर्यावरण को संतुलित तथा शुद्ध रखते हैं। पेड़ पौधे भूस्खलन, बाढ़, आंधी तूफान इत्यादि को रोकने में भी बहुत लाभदायक होते हैं, क्योंकि इनकी जड़ें मिट्टी को जकड़े रखती है। पेड़ पौधों से विभिन्न जीवों को रहने के लिए आश्रय ,भोजन, फल ,विभिन्न औषधियां प्राप्त



होती है। संपूर्ण विश्व जैसे-जैसे उन्नति की राह पर अग्रसर हो रहा है, वैसे ही वह बहुत अधिक स्वार्थी तथा लालची बन गया है। आज मनुष्य भूल रहा है कि वह वनों की अत्यधिक कटाई करके वह सिर्फ पर्यावरण को ही नहीं, बल्कि खुद को भी नष्ट कर रहा है। ग्लोबल वार्मिंग, वायु प्रदूषण, सूखा पड़ना यह सब वनों की संख्या कम होने के कारण ही है।

पेड़ पौधे वर्षा लाने में बहुत सहायता करते हैं। आज वनों को बचाना बहुत आवश्यक है। हमारा अस्तित्व वनों पर निर्भर करता है वनों को काटने से पृथ्वी पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन लगातार बिगड़ता जा रहा है कई जीव जंतुओं की प्रजातियां विलुप्त हो रही है समय रहते हम सभी को सतर्क हो जाना चाहिए, अन्यथा हम सब कुछ खो बैठेंगे और प्रकृति अपना विकराल रूप धारण कर लेगी। जो आज भूकंप, भूस्खलन, सुनामी, तूफान आ रहे हैं।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यह सब प्रकृति का विकराल रूप ही है। एक समय था जब हमारी पृथ्वी के कुल क्षेत्रफल पर आधे से अधिक क्षेत्र वनों से भरे पड़े थे। आंकड़ों के अनुसार देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल पर 33 प्रतिशत वन होने चाहिए, परंतु आज हालात यह है कि हमारे कुल भौगोलिक क्षेत्रफल पर 30 प्रतिशत से भी कम वन रह गए हैं। जो कि एक बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है। इस समस्या का एकमात्र समाधान है वन महोत्सव रूपी महापर्व को पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाए।

इस महापर्व का आगाज विश्व स्तर पर होना चाहिए तथा वन महोत्सव जैसे महायज्ञ में सबको वृक्ष लगाकर अपनी आहुति देनी चाहिए। तुलसी का पौधा, पीपल, केले, आम के वृक्ष ऐसे पेड़ पौधे हैं जिनकी हमारे पूर्वज पुराने समय से पूजा पाठ करते आ रहे हैं। इन सब पहलुओं से पता चलता है कि पुराने समय में से ही पेड़ पौधों की महत्वता व उपयोगिता को समझा जा रहा है। सभी मनुष्यों को यह संकल्प लेना चाहिए कि अगर जरूरत के लिए एक वृक्ष काटना है तो उसके बदले कम से कम बीस वृक्ष लगाने हैं ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को एक संतुलित व शुद्ध पर्यावरण प्रदान कर सकें। सभी देशवासियों को 1 से 7 जुलाई तक धूमधाम से वन महोत्सव मनाना चाहिए, क्योंकि भारत देश एक विश्व गुरु है तथा समस्त विश्व को भारत देश ही एक नई राह दिखाता है, जिससे विश्व कल्याण होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भारतीय** शिक्षा व्यवस्था को काफी समय से बदलने की मांग होती रहती थी, परंतु किसी भी सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया। वर्तमान सरकार ने अपने चुनावी वादे को निभाते हुए, शिक्षा व्यवस्था में कमियों को दूर करते हुए, नई शिक्षा नीति को अंगीकृत किया। चाहे देर से सही, लेकिन अपनाया तो गया, जिसके लिए पूरा देश आज सरकार को बधाइयां दे रहा है। नई शिक्षा नीति में योग्यात्मक मूल्यांकन की जगह नियमित और रचनात्मक मूल्यांकन का प्रस्ताव है। नई मूल्यांकन प्रणाली अधिक योग्यता पर आधारित है। इससे छात्रों के विकास और सीखने के कौशल में वृद्धि होगी। शिक्षा मानव जीवन में उजाले का कार्य करती है। शिक्षा हर मनुष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिससे मनुष्य हर अच्छे बुरे की परचान करता है।

**अनिकेत गुप्ता, पालमपुर**

# भारतीय जाति जनगणना सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य

वर्ष 1871-72 से जनगणना की शुरुआत हुई थी और प्रत्येक 10 वर्ष उपरांत यह प्रक्रिया दोहराई जा रही है। वर्ष 1931 में जातियों की गणना को भी शामिल किया गया था, जिसके अनुसार कुल आबादी 27 करोड़ बताई गई। इस गणना के अनुसार सबसे ज्यादा ब्राह्मण, जाटव, राजपूत थे और जातियों की संख्या लगभग 4100 दर्शाई गई। वर्ष 1941 जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक नहीं हुए थे। 1947 में भारत आजाद हुआ और आजाद भारत की पहली जनगणना 1951 में करवाई गई, परंतु इस जनगणना में जातियों की गणना को शामिल नहीं किया गया था। वर्ष 2011 में यूपीए सरकार ने जनगणना में जाति गणना को शामिल तो किया, परंतु जातियों की संख्या के बिना अन्य आंकड़े पुरुष, महिला, कुल संख्या, धर्म, एससी, एसटी सार्वजनिक कर दिए गए। जातियों के बारे जानकारी नहीं बताई गई, क्योंकि जातियों की संख्या लाखों में बताई गई।



लेखक : योगिंद्र पाल वालिया
डडौर, तहसील बल्ह, मंडी

सामान्य वर्ग और उससे उपजे एक अन्य वर्ग ओबीसी की जातियों के आंकड़ों का सही ढंग से आंकलन नहीं हुआ। लोगों ने अपनी मूल जाति की जगह अपना गोत्र, उपजाति या सरनेम आदि लिखवा दिए हैं। 2014 में एनडीए सरकार आई, उसने भी जातियों की संख्या सार्वजनिक नहीं की, और इस तरह समस्त आंकड़े फाइलों में ही रह गए। जाति जनगणना का मुद्दा लोकसभा चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों ने उठाया। सामाजिक ढांचे को प्रत्येक दल अपने ढंग से आंकलन करता आया है। लोगों को बांटो, कुर्सी प्राप्त करो की राजनीति को प्रत्येक दल अपनी प्राथमिकता में रखते हैं। राजनीतिक दलों ने अपने संगठन में अनेक तरह के जाति आधारित मोर्चे बना रखे हैं। इस मुद्दे को राजनीतिक दल अपने ढंग से समय-समय पर हवा देते रहते हैं।

आखिरकार एनडीए सरकार ने 2021 की जनगणना जो अप्रैल 2026 में शुरू होगी, उसमें जातियों की गणना करवाने का निर्णय भी किया है। मार्च 2027 तक जनगणना कार्य पूर्ण हो जाएगा और पहली बार जनगणना डिजिटल ढंग से करवाने के निर्णय से कुल आबादी सहित अन्य तरह के समस्त आंकड़े 2027 के अंत तक सार्वजनिक हो सकते हैं। सवाल उठता है कि जातियों की गणना सही ढंग से हो पाएगी? या फिर वर्ष 2011 की तरह ही परिणाम देखने को मिलेंगे। अभी तो जातियों के चार वर्ग सामान्य, एससी, एसटी, ओबीसी सरकारी प्रचलन में है। एससी, एसटी, ओबीसी की जातियों की सूची सरकारी कार्यालयों में उपलब्ध है, परंतु सामान्य वर्ग की कोई सूची उपलब्ध नहीं है। इसलिए यह माना जाता है कि इन तीन वर्गों से बाहर जो जातियां हैं, वह सभी सामान्य वर्ग से संबंधित हैं। कई जातियों ने ओबीसी में शामिल करने की मांग कर रखी है।





सामान्य वर्ग से कोई व्यक्ति अपनी मूल जाति की जगह सरनेम लिखवाता है तो उसे किस वर्ग में रखा जाएगा? व्यक्तियों के सरनेम या उपजाति नाम सभी वर्गों में एक जैसे देखने को मिल रहे हैं। एक राज्य में जो जाति ओबीसी में है, परंतु वही जाति अन्य दूसरे राज्य में ओबीसी सूची में नहीं है। केंद्र व राज्यों की सूचियों में भी भिन्नता दिखती है। इस तरह जातियों के आंकड़ों में खिचड़ी सी पकती नजर आ रही है, लेकिन सरकार किस तरह का प्रारूप लाती है, उसी से तस्वीर साफ दिखेगी या धुंधली सी रह जाएगी। जाति जनगणना मुद्दा बहुत ही संवेदनशील है। सही आंकलन करना कठिन रहेगा।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यह सही है कि जनगणना के आंकड़ों से सरकारें सामाजिक न्याय व समानता स्थापित करते हुए कल्याणकारी व उत्थान की योजनाएं बनाती है, लेकिन जाति जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक होने के बाद किसी वर्ग में संख्या घटती या बढ़ती है, तो क्या वर्तमान आरक्षण का दोबारा मूल्यांकन किया जाएगा ? क्या आरक्षण सीमा को घटाया या बढ़ाया जाएगा? सामान्य वर्ग की जातियों में विभाजन कर क्या कोई अन्य वर्ग को बनाया जाएगा? जातियों का विवरण किस तरह सार्वजनिक होगा ? जातियां सभी धर्मों में है। क्या इन धर्मों के उपवर्ग अलग बनाए जाएंगे? भारत की पहचान विविधता में एकता की है। क्या यह पहचान बनी रहेगी? क्या इस पहचान को नुकसान तो नहीं होगा? आर्थिक आधार पर आरक्षण का क्या फार्मूला बनाया जाएगा? इस तरह के प्रश्नों की चर्चा हो रही है, परंतु इनका उत्तर दो वर्षों उपरांत 2027 में सामने आएगा। जैसा कि राजनीतिक दल कह रहे हैं कि जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी।

नारा तो सुंदर है, परंतु सामाजिक ताना बाना अशांति भी फैला सकता है। हमें याद रखना होगा। वर्ष 1990 की घटना को, जब मंडल आयोग द्वारा जारी सिफारिश को सरकार ने माना और नया वर्ग ओबीसी बनाकर 27 प्रतिशत आरक्षण दिया था। उस समय विरोध के स्वर उठे। हिंसक घटनाएं भी हुई। मामला उच्चतम न्यायालय भी गया, जहां सरकार द्वारा दिया गया आरक्षण तो वैध माना, परंतु अधिकतम आरक्षण सीमा 50 प्रतिशत तक निर्धारित कर दी। इस फैसले के कारण कई राज्य यह चाहते हुए भी आरक्षण सीमा को नहीं बढ़ा पा रहे हैं। भारतीय समाज में जातियों की असमानता और जातियों में विभाजन किसी से छुपा नहीं है। कल्याणकारी नीतियों को बनाने के लिए जनगणना महत्वपूर्ण है, लेकिन जातियों की गणना से सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुंचे तो यह जाति गणना प्रश्नों के घेरे में आ सकती है। सरकार के लिए कार्य चुनौती पूर्ण है। इस चुनौती को सरकार किस तरह से देखेगी, यह आने वाला समय ही बताएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जनता की सेवा से सत्ता तक डॉ. बिंदल की जनसमर्पित यात्रा

राजनीति का रास्ता कठिन होता है। यह तपस्या है, यह समर्पण है, यह जीवन को जनता के लिए अर्पित कर देने की भावना है। इस राह पर जो लोग चलते हैं, वे पद के लिए नहीं, परिवर्तन के लिए काम करते हैं।

डॉ. राजीव बिंदल ऐसे ही एक सच्चे जननायक हैं, जिनकी राजनीतिक यात्रा समर्पण, संघर्ष, सेवा और संकल्प की मिसाल बन चुकी है। सन 1995 में जब डॉ. बिंदल पहली बार नगर परिषद सोलन के चुनाव में उतरे और अध्यक्ष बने, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह सरल और विनम्र व्यक्तित्व भविष्य में प्रदेश की राजनीति का एक मजबूत स्तंभ बनेगा। सोलन की गलियों से लेकर विधानसभा तक उनकी गूंज आज भी लोगों के दिलों में है। यह कोई राजनीतिक आरंभ नहीं था, यह एक मिशन की शुरुआत थी। जनता के हर दु:ख को अपना मानने और हर जरूरत को प्राथमिकता देने की भावना से ओतप्रोत। वर्ष 2000 में पहली बार भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में सोलन विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर वे विधानसभा पहुंचे।



लेखक : राजीव मैहता
जुब्बल-कोटखाई

यह केवल एक जीत नहीं थी, बल्कि यह उस जनसमर्थन का प्रमाण था जो उनके व्यवहार, सरलता और सेवा भावना से जुड़ा था। जल्द ही उन्हें हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जहां उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को लेकर महत्वपूर्ण कार्य किए। 2003 और 2007 में लगातार दो बार सोलन से विधायक चुने



जाने के बाद, उन्हें प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं आयुर्वेद मंत्री का दायित्व सौंपा गया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में क्रांतिकारी कार्य किए, विशेष रूप से ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ बनाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। 2012 में जब सोलन सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हुई, तो उन्होंने नाहन विधानसभा क्षेत्र को अपना नया कर्मक्षेत्र चुना और यहां से विजय प्राप्त की। यह बदलाव बताता है कि उनके लिए कोई क्षेत्र पराया नहीं, बल्कि हर क्षेत्र एक सेवा का अवसर है। 2017 में फिर से विधायक चुने गए और 2018 में उन्हें हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष का उत्तरदायित्व मिला यह न केवल सम्मान की बात थी, बल्कि यह जनभावनाओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की मर्यादा को निभाने की बड़ी जिम्मेदारी भी थी।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

2020 में उन्हें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया। यह जनता और कार्यकर्ताओं के उनके प्रति भरोसे का प्रतीक था। डॉ. बिंदल ने संगठन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ने का उनका तरीका, उनके नेतृत्व की विशेषता रहा। 2022 में विधानसभा चुनाव भले ही जीत में नहीं बदल पाए, लेकिन डॉ. बिंदल ने हार को कभी रुकावट नहीं बनने दिया। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया, संगठन को मजबूती दी और हर मंच पर एक सेनापति की भूमिका निभाई। वह आज भी हर जनमंच, हर कार्यक्रम, हर संघर्ष में अग्रिम पंक्ति में खड़े रहते हैं। 23 अप्रैल 2023 को एक बार फिर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाए गए। उनके कुशल नेतृत्व, कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद और संगठनात्मक समझ ने भाजपा को नई ऊर्जा दी और अब 1 जुलाई 2025 को पुन: प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने का निर्णय, यह न केवल पार्टी का विश्वास है, बल्कि हिमाचल की जनता के आशीर्वाद की पुन: अभिव्यक्ति है।

डॉ. राजीव बिंदल की यह यात्रा केवल एक राजनीतिक जीवन नहीं है, यह जनसेवा की एक प्रेरणादायक कथा है। यह उस वृक्ष की तरह है, जो वर्षों से छाया देता आ रहा है। किसी स्वार्थ में नहीं, बल्कि अपने मूल स्वभाव से। उन्होंने दिखाया कि राजनीतिक पद केवल अधिकार नहीं, उत्तरदायित्व होता है। उनकी सफलता में कोई शोर नहीं, पर हर मोड़ पर एक संदेश है सत्ता का असली उद्देश्य सेवा है, और सेवा कभी हारती नहीं। आज जब वे फिर से प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, तो यह स्पष्ट है कि डॉ. राजीव बिंदल का सफर रुकने वाला नहीं, क्योंकि वह जनआशीर्वाद से चलता है, और जनता का आशीर्वाद अमर होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# बल्द्वाड़ा में पलटी एचआरटीसी बस ,17 घायल

## जाहू से सुंदरनगर जा रही थी बस, नगरोटा के शिव मंदिर के पास सड़क से फिसलकर खाई की तरफ पलटी

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान



बल्द्वाड़ा में एचआरटीसी की दुर्घटनाग्रस्त बस को देखते हुए पुलिस कर्मी व अन्य।

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के तहसील बल्द्वाड़ा के अंतर्गत बुधवार सुबह हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस नगरोटा के शिव मंदिर के पास सड़क से फिसल कर खाई की तरफ पलट गई। बस पलटने से हादसा स्थल पर चीखों-पुकार मच गया। हादसे में बस में सवार चालक परिचालक सहित 17 लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार हिमाचल पथ परिवहन निगम सुंदरनगर डिपो की बस न. एचपी 31बी 6792 जाहू से बल्द्वाड़ा, खल्याणा, बल्हड़ा, लेदा होते हुए सुंदरनगर जा रही थी, तो बल्द्वाड़ा से दो किलोमीटर दूर नगरोटा शिव मंदिर के पास पहुंचने पर सड़क में फिसलन होने के कारण बाद फिसल कर नगरोटा खड्ड की तरफ ढांक में पलट गई। गनीमत यह रही की बस पलटकर एक पेड़ से टकराकर रुक गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस थाना हटली के थाना प्रभारी बृज लाल शर्मा पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस और निजी गाड़ियों से तत्काल बचाव अभियान शुरू किया व घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्द्वाड़ा पहुंचाया। खंड चिकित्सा अधिकारी बल्द्वाड़ा अनिल शर्मा ने बताया की सभी घायलों की हालत स्थिर है तथा उनका इलाज किया जा रहा है।

पुलिस थाना हटली ने दुर्घटना का कारण जानने के लिए जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने की है।

### घायलों की सूची

**अरुणा** कुमारी (49) पत्नी प्रेम दास गांव नल्टा सरसेहडा डाकघर हरिबैहना जिला मंडी, सुमना कुमारी(44) पत्नी कुलदीप गांव व डाकघर कोट तहसील घुमारवीं, बस परिचालक अजय कुमार (34) पुत्र जगदीश चंद गांव व डाकघर गाहर तहसील सरकाघाट, बस चालक मनी राम (55) पुत्र बृज लाल गांव जधरयानी डाकघर पटड़ीघाट जिला मंडी, कमलेश चंद (45) पुत्र लश्करी राम गांव व डाकघर बल्द्वाड़ा, जीवन कुमार (52) पुत्र जय राम गांव व डाकघर बल्द्वाड़ा, सिमरन (15) पुत्री गगी राम गांव व डाकघर बल्द्वाड़ा, अंजू कुमारी (44) पत्नी कुलदीप सिंह गांव व डाकघर बल्द्वाड़ा, रेशमा कुमारी (37) पत्नी गगी राम गांव व डाकघर बल्द्वाड़ा, अमर नाथ (29) पुत्र शाली राम गांव व डाकघर बल्द्वाड़ा, विरनु कुमार (21) पुत्र राम वरन पंडित गांव व डाकघर मधास बिहार, लालू कुमार (28) पुत्र राम वरन पंडित गांव व डाकघर मधास बिहार, सोनू (18) पुत्र सुधीर सदा गांव बसंत पुर डाकघर व तहसील मधास बिहार, रणधीर सिंह (48) पुत्र कृष्ण चंद गांव पध्याण डाकघर बल्द्वाड़ा, गगी राम (40) पुत्र छडू राम गांव व डाकघर बल्द्वाड़ा, डंडू राम (66) पुत्र घेबर राम गांव नबरोट डाकघर ढलवान बल्द्वाडा व सुनील (50) पुत्र तुलसी राम गांव व डाकघर खुडला जिला मंडी।

# बारिश से गोहर की बस्सी पंचायत में भी हुआ करोड़ों का नुकसान, कई मकान क्षतिग्रस्त

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान



**गोहर।** बीती रात हुई बारिश से उपमंडल गोहर की ग्राम पंचायत बस्सी में करोड़ों रुपए का नुकसान आंका गया है। प्रधान ग्राम पंचायत बस्सी गुरुदेव ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र में लगभग डेढ़ दर्जन गौशालाएं 7-8 के करीब पानी से चलने वाले पुरातन घराट व कई मकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। बारिश के साथ हुए भूस्खलन में कई गाड़ियां मलबे में दब गई है। उन्होंने बताया गोहर के निजी स्कूल डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर की बस एक पिकअप जीप एक एमजी हेक्टर गाड़ी 2-3 कारें व कई दो पहिया वाहन मलबे में दब गए हैं। गनीमत है इस आपदा के दौरान किसी का जानी नुकसान नहीं हुआ यद्यपि रात को 1:00 बजे के करीब कई मकानों के गिरने से उसके अंदर रह रहे लोग फंस गए थे जिन्हें स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत करके सुरक्षित बाहर निकाला। कुछ मवेशियों के मारे जाने की सूचना है जिसकी जानकारी प्रशासन को दे दी दिया गई है।

वहीं पर प्रधान ग्राम पंचायत बस्सी गुरुदेव ठाकुर ने बताया कि लगभग 18 घंटे बीत जाने के बाद भी ना तो प्रशासन की तरफ से कोई हमारा हाल पूछने आया नहीं किसी भी पार्टी या सरकार की तरफ से कोई नुमाइंदा बस्सी पंचायत का मुआवना करने अभी तक आया। गुरुदेव ठाकुर ने बताया एक ही रात में ग्राम पंचायत बस्सी में लगभग 12 से 15 करोड़ रुपए का नुकसान सहना पड़ा है। जितने भी संपर्क मार्ग थे जितने भी पैदल चलने योग्य वह जीप चलने वाले पुल थे सब बह गए हैं। हमारी पंचायत उपमंडल कार्यालय से पूरी तरह से कट गया है केवल पैदल ही पहुंचा जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### आवासीय कॉलोनी पर भूस्खलन का खतरा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वरिष्ठ नागरिक सुधार सभा अप्पर सैण/मट ने उपायुक्त मंडी को लिखे पत्र में कहा है कि मट्ट के सामने अप्पर सैण आवासीय कालोनी को भारी बारिश के कारण भूस्खलन से नुकसान होने का खतरा बन गया है। प्रधान भूपेंद्र पाल डोगरा ने बताया कि भारी बारिश से मलबा सड़क पर आ गया है जिस कारण से लोगों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। सड़क पर लगातार बड़ी बड़ी चट्टानें आ रही हैं व मिट्टी भर गई है। गणपति मंदिर से लेकर मट्ट तक बुरा हाल है। लोक निर्माण विभाग यहां से मलबे को नहीं उठा रहा है जिस कारण से आवासीय कालोनी को खतरा पैदा हो गया है।

### पवन और दलीप ठाकुर ने जाना हालचाल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** तहसील बल्द्वाड़ा के अंतर्गत शिव मंदिर नगरोटा के पास हुये बस हादसे की सुचना मिलते ही सरकाघाट विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व महासचिव पवन ठाकुर ने नागरिक अस्पताल बल्द्वाड़ा पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। उधर, सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर ने कहा की वह शिमला में हैं और जैसे ही उन्हें बस हादसे की खबर मिली तो तुरंत ही उन्होंने स्थानीय प्रशासन को अवगत करवाया और अस्पताल प्रशासन को बस हादसे में घायल लोगों को बेहतर उपचार देने के निर्देश। उन्होंने घायलों से फोन के माध्यम से उनका का हाल-चाल पूछा और सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

### जोगिंद्रनगर के व्यापारी के निधन से शोक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** गांव झलवान निवासी और जोगिंद्रनगर के व्यापारी सुनील शर्मा का बीती रात टांडा मेडिकल कॉलेज में निधन हो गया। वह बीते मंगलवार को निचला गरोडू में दोपहिया वाहन स्किड होने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे में उन्हें सिर में गहरी चोट आई थी, जिसके बाद परिजनों ने उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया था। कई दिनों तक उपचार के बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं हो पाया और सोमवार रात उन्होंने अंतिम सांस ली। दिवंगत सुनील शर्मा के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर बाद मच्छयाल धाम में किया जाएगा।

### सुंदरनगर में नूतन सत्र 2025-26 का आगाज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर में नूतन सत्र 2025-26 का शुभारंभ विधिवत पूजा एवं हवन के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त स्टाफ सदस्य तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर खुशवंत सिंह ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं और सफलता के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने शिक्षा के प्रति गंभीरता, अनुशासन और नियमितता को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम का समापन सभी की मंगल कामनाओं के साथ हुआ।

### 19 शिक्षकों को मिलेगा संस्कृत गौरव सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद् के त्रैवार्षिक अधिवेशन में 19 संस्कृत शिक्षकों को राज्यस्तरीय संस्कृत गौरव सम्मान एवं 3 शिक्षकों को संस्कृत सेवा सम्मान देने की घोषणा की है। यह सम्मान कार्यक्रम 6 जुलाई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बथांलग, जिला सोलन में एक भव्य अभिनंदन समारोह के साथ आयोजित किया जा रहा है। हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद् के संगठन मंत्री आचार्य ललित शर्मा द्वारा पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं की सूची सार्वजनिक कर दी गई है। राज्यस्तरीय संस्कृत गौरव सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में डॉ मनोज कुमार, नीताराम भारद्वाज, ओंकार चन्द, डॉ अमनदीप शर्मा, संजीव कुमार, डॉ. अमन शर्मा, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. शिवकुमार, सुभाष शर्मा, डॉ. अमित शर्मा, नरेश मलोटिया, डॉ गिरिराज गौतम, शिवकुमार, नांगे ठाकुर, कमलकांत गौतम, डॉ. योगेश अत्रि, डॉ नरेंद्र कुमार, डॉ विवेक शर्मा, डॉ. मनोज कुमार, डा. प्रेम प्रकाश को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। उसी प्रकार राज्यस्तरीय संस्कृत सेवा सम्मान दिनेश अत्रि, हीरालाल, व दीपिका शर्मा को प्रदान किया जाएगा।

### 'किसमें कितना है दम' में छाई बल्ह की दिव्याना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पंजाब हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कशमीर व उतराखंड राज्यों के प्रतिभागियों के लिए करवाए जा रहे रियलटी शो केकेएचडी यानी किसमें कितना है दम में मंडी जिले की बल्ह घाटी के गांव बैहना की दिव्याना राठौर जो लोक कलाकार प्रेम सिंह राठौर की पोती व नवीन कुमार राठोर की बेटी है ने ग्रैड फिनाले की सिंगिंग केटागिरी में खिताब अपने नाम करके अपनी गायकी का लोहा मनवाया है। इस प्रतियोगिता में इन राज्यों के लगभग 1520 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी गायकी का प्रदर्शन किया। दिव्याना राठौर ने सबको पछाड़ते हुए यह खिताब अपने नाम करके घाटी, गांव, जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया।

### 50 प्रतिशत पद बैचवाइज से भरे सरकार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** प्रदेश मंत्रिमंडल की 28 जून को हुई बैठक में लिए गए उस निर्णय जिसमें लेवल 11 वेतनमान पदों के लिए हिमाचली युवाओं को ही पात्र माना जाएगा, का बेरोजगारों ने स्वागत किया है। इसमें राज्य सरकार ने ग्रुप की श्रेणी के इन पदों को ग्रुप सी में वर्गीकृत करने का निर्णय लिया है। इससे हजारों बेरोजगार युवाओं जिन्होंने जेई सिविल/इलेक्ट्रिकल में डिप्लोमा या डिग्री प्राप्त की है को इसका लाभ मिलेगा। बेरोजगार युवाओं राहुल ठाकुर, अश्वनी कुमार, प्रशांत ठाकुर, अभिषेक कुमार, रोहित ठाकुर, हरशील, सुनील, अंशुल व नवीन आदि ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए यह आग्रह किया है कि सरकार इसमें 50 प्रतिशत पद बैचवाइज व 50 प्रतिशत कमीशन के माध्यम से भरे ताकि हजारों युवक जो अपनी 30 से 35 साल तक की आयु पूरी कर चुके हैं उन्हें भी रोजगार के अवसर मिल सकें।

### साइगलू व ननावां में होगी खेलकूद स्पर्धा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वार्षिक खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन के लिए वार्षिक बैठक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला साइगलू में प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें साइगलू खंड के सभी प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक, डीपीई, पीइटी ने भाग लिया। इसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता करवाई जाएगी जिसकी तारीख कर दी जाएगी जबकि इसके स्थान तय कर दिए गए हैं। इसमें छात्रों की खंड स्तरीय प्रतियोगिता साइगलू में तथा छात्राओं की ननावां स्कूल में होगी।

### व्यापारियों को जीएसटी नियमों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में राज्य कर एवं आबकारी विभाग द्वारा 'जागो ग्राहक जागो' अभियान के अंतर्गत व्यापार मंडल के साथ एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक आयुक्त संगीता गुरुंग ने की। उन्होंने व्यापारियों को जीएसटी की नियमावली, ई-वे बिल और एचएसएन कोड की अनिवार्यता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 50,000 से अधिक मूल्य पर ई-वे बिल आवश्यक है, लेकिन कुछ व्यापारी इससे बचने के लिए कम मूल्य के बिल काटते हैं, जो गलत है। बी2बी बिक्री में एचएसएन कोड का उल्लेख न करने पर 50,000 तक जुर्माना हो सकता है। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष भास्कर गुप्ता सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

## बस्सी पावर हाउस का ट्रांसफार्मर खराब

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड जोगिंद्रनगर ने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि मुख्य विद्युत स्रोत बस्सी पावर हाउस में लगे 132/33 केवी, 16 एमवीए पावर ट्रांसफारमर में तकनीकी खराबी आ गई है। विभाग के अनुसार ट्रांसफारमर की मरम्मत व रखरखाव में कम से कम एक सप्ताह का समय लग सकता है। अधिशाषी अभियंता पूर्ण चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रांसफार्मर की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू कर दिया गया है व विभाग की ओर से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं कि उपभोक्ताओं को न्यूनतम असुविधा हो। उन्होंने कहा कि मरम्मत की अवधि के दौरान विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए शानन पावर हाउस, बैजनाथ, विजनी (मंडी) व धर्मपुर जैसे वैकल्पिक स्रोतों से बिजली दी जाएगी।

## विधायक अनिल शर्मा ने मंडी शहर में बारिश से हुए नुकसान का लिया जायजा



मंडी के रघुनाथ का पधर में बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेते हुए विधायक अनिल शर्मा।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**मंडी** सदर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिल शर्मा ने मंडी शहर में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने बुधवार को सुबह रघुनाथ का पधर, टारना, जेल रोड सहित अन्य प्रभावित जगहों का निरीक्षण किया।

उन्होंने बारिश व भूस्खलन से हुए नुकसान तथा आपदा प्रभावितों को नगर निगम और प्रशासन की ओर से उचित राहत प्रदान करने के दिशा निर्देश दिए। अनिल शर्मा ने नगर निगम के आयुक्त को नुकसान की रिपोर्ट तैयार करने और टारना में हुए लिंक रोड के निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी आयुक्त को जांच करने के बारे में कहा। उन्होंने जिला प्रशासन, आयुक्त नगर निगम, पुलिस व अग्निशमन विभाग का भी धन्यवाद किया। इस मौके पर नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट, टारना वार्ड की पार्षद दीपाली जसवाल, पूर्व पार्षद बंसी लाल सहित वार्ड के लोग उपस्थित रहे।

## किसान सभा एकत्रित करेगी सहायता राशि

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर किसान सभा लौंगनी ग्राम पंचायत के स्याठी गांव के बेघर हुए एक दर्ज़न परिवारों की सहायतार्थ गांव गांव से सहयोग राशि एकत्रित करेगी। जिसका निर्णय आज अंबेडकर भवन सजओपिपलू में रणताज राणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में लिया था। सहयोग राशि एकत्रित करने के लिए 3 से 7 जुलाई तक गांव गांव में अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत 3 जुलाई को एक टीम गरली, घरवासड़ा, डरवाड़ और छतरेणा और दूसरी टीम पाड़छु, सजयोड़ी, सजाओ, भराड़ी में चंदा एकत्रित करेगी। चार 4 जुलाई को चस्वाल, भड्डू, अंसवाई, पिपली, बीडी,कौहन, करनोहल, गदोहल और रटकेल तथा 5 जुलाई को भेड़ी, गरौड्डू, चौकी, बलदवाड़ा, जोढन, हुककल इत्यादि गांवों में सहयोग राशि एकत्रित की जाएगी।

## धाड़ता-सरकाघाट की समस्याओं को लेकर सीएम को सौंपा मांगपत्र

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**एनएच निर्माण के लिए बने एग्रीमेंट में संशोधन की मांग**

**सीएम** सुक्खू के सरकाघाट दौरे के दौरान धाड़ता क्षेत्र से संबंध रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ने क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र उन्हें व्यक्तिगत रूप से सौंपा। मांगपत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए बने कॉन्ट्रैक्ट एग्रीमेंट में संशोधन कर जनता हित में बदलाव करवाना, ठेके में स्थानीय ठेकेदारों और मजदूरों को प्राथमिकता देना, गावर कंपनी सहित अन्य कंपनियों को कार्य से हटाना तथा पाड़छू व चोलथरा पुल का निर्माण विशेषज्ञों की निगरानी में करवाना शामिल है।

इसके अलावा, सरकाघाट में एससी, एसटी निगम का कार्यालय बंद न किया जाए, धाड़ता क्षेत्र के लिए अलग विकास खंड स्थापित किया जाए, ठाठी (मसेरन) व सरौन पंचायत के हयोड़ वार्ड को सड़क सुविधा से जोड़ा जाए, सरकाघाट में परिवहन सुविधा बढ़ाई जाए व बस स्टैंड से अस्पताल तक नियमित सेवा चलाई जाए। इन मांगों का समर्थन हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति, चोलथरा पंचायत के प्रधान मेहर चंद गारला, अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों ने किया। इस दौरान विधायक चंद्रशेखर, एसडीएम सरकाघाट, डीसी मंडी, मीडिया प्रतिनिधि हाकम चंद सहित कई उपस्थित रहे। सीएम ने एनएच निर्माण से जुड़ी मांगों को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से व्यक्तिगत रूप से बात करने का आश्वासन दिया है।

# बालीचौकी-थाची सड़क छोटे वाहनों के लिए बहाल

## अभी भी कुछ सड़कें, बिजली और पेयजल बहाली में समय लगेगा

नूतन प्रकाश ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बालीचौकी।** 30 जून रात्रि की भारी बारिश के उपरांत हुई तबाही से सराज हल्के का आधे से ज्यादा इलाका तीसरे दिन भी मूलभूत सेवाओं के लिए जुझता रहा। बुधवार सुबह तक जहां सराज हल्के की बालीचौकी तहसील के सभी संपर्क सड़क मार्ग बंद थे। वहीं बुधवार दोपहर बाद तक कुछ सडकें छोटे वाहनों के लिए खोल दी गई थी। मेजर डिस्ट्रिक रोड बालीचौकी-थाची दोपहर बाद छोटे वाहनों के लिए बहाल कर दिया गया था। इसके अलावा बालीचौकी-थाटा सड़क मार्ग को भी खनेठी तक बहाल किया गया। भारी बारिश के कारण जलशक्ति विभाग की 55 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि बुधवार देर शाम तक 18 पेयजल योजनाओं को सुचारू कर दिया जाएगा। वहीं इस बार क्षेत्र मे बिज़ली विभाग को गाड़ागुसैणी अनुभाग को छोड़कर अन्य अनुभागों में कम नुकसान झेलना पड़ा है, इस बार बालीचौकी अनुभाग के अधिकांश भागों में भारी बारिश में भी बिजली आपूर्ति बाधित नहीं हुई है। विभाग का कहना है कि जिन क्षेत्रों मे बिजली बाधित हुई है बुधवार देर शाम तक बहाल कर दी जाएगी।

### कुकलाह में प्रभावितों को बांटी राहत सामग्री



**बुधवार** को बाढ़ की त्रासदी से सबसे ज्यादा प्रभावित कुकलाह पंचायत में बालीचौकी प्रशासन ने एसडीएम देवी राम के नेतृत्व में राहत सामग्री का वितरण किया। एसडीएम ने बताया कि प्रभावित लोगों को तिरपाल, कम्बल और अन्य जरूरी राहत सामग्रियों का वितरण किया गया। वहीं पूरे उपमंडल में तीसरे दिन भी स्कूल बंद रहे। पैदल रास्तों के ख़राब होने से आने वाले समय मे भी स्कूली छात्रों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

# सराज में सदी की सबसे बड़ी आपदा: हवाई सर्वेक्षण से किया जाए नुकसान का आकलन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



सराज क्षेत्र में हुई तबाही का मंजर।

**पर्यावरण** संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय संस्था हिमालय नीति अभियान समिति ने सराज में बारिश से हुई तबाही को सदी की सबसे बड़ी त्रासदी करार दिया है। हिमालय नीति अभयान के संयोजक गुमान सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सराज क्षेत्र, विशेष रूप से थुनाग उपमंडल में पहली जुलाई की रात को हुई प्राकृतिक आपदा ने अभूतपूर्व तबाही मचाई है।

उन्होंने कहा कि कई क्लाउडबर्स्ट और फ्लैश बाढ़ ने इस क्षेत्र को तहस-नहस कर दिया, जिसे स्थानीय लोग सदी की सबसे भीषण आपदा बता रहे हैं। इससे लगभग 80,000 की आबादी प्रभावित हुई है, और सैकड़ों लोग बेघर हो गए हैं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, थुनाग बाजार में 150 से अधिक मकान और दुकानें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं, जबकि उपमंडल में 400 से अधिक मकान आंशिक या पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। आपदा ने थुनाग उपमंडल के साथ-साथ जरोल, देजी पखैरर और पांडवशीला जैसे क्षेत्रों को भी बुरी तरह प्रभावित किया है। जरोल बाजार पूरी तरह बर्बाद हो चुका है व थुनाग में बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। सभी सड़कें प पुल ध्वस्त हो गए हैं, जिससे क्षेत्र पूरी तरह कट गया है। संयोजक गुमान सिंह और हिमालय नीति के हेम सिंह ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने सरकार से तत्काल हवाई सर्वेक्षण और सेना की मदद की अपील की है, ताकि नुकसान का सटीक आकलन और तेजी से राहत कार्य किए जा सकें। मोबाइल नेटवर्क के ठप होने से सूचनाएं एकत्र करना मुश्किल हो रहा है।

# सुखबाग के पास एनएच-154 धंसने की कगार पर, दुर्घटना की आशंका

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



बारिश से हुई एनएच की दुर्दशा।

**मंडी-पठानकोट** राष्ट्रीय राजमार्ग-154 पर जोगिंद्रनगर उपमंडल के अंतर्गत सुखबाग के पास सड़क का एक हिस्सा धंसने की कगार पर पहुंच गया है। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते सड़क की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है और कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दिनों से सड़क के किनारे मिट्टी खिसक रही है, लेकिन विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सड़क के कमजोर होने के बावजूद भारी वाहन इसी मार्ग से गुजर रहे हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है।

इस संबंध में एनएचएआई के अधिकारी विकास सुरजेवाला ने कहा कि अभी बरसात का मौसम चल रहा है, जैसे ही मौसम साफ होता है, इस सड़क को पूरी तरह से ठीक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तब तक अस्थाई समाधान के तहत आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं ताकि यातायात प्रभावित न हो और किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। इस बीच स्थानीय लोगों ने एनएचएआई विभाग से मांग की है कि जब तक स्थायी मरम्मत कार्य शुरू नहीं होता, तब तक संवेदनशील स्थान पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं ताकि वाहन चालक सतर्क रहें और दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके।

## इंस्पेक्टर राज से व्यापारियों को राहत दे केंद्र सरकार: एनके पंडित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



एनके पंडित।

**मंडी** सदर कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता एनके पंडित ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि वह व्यापारियों को इंस्पेक्टर राज से राहत दिलाए। उन्होंने कहा कि जीएसटी के नाम पर व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है, जो उचित नहीं है। एन के पंडित ने मंडी में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी लागू करते समय देश की जनता से वादा किया था कि इससे व्यापार करना आसान होगा और इंस्पेक्टर राज समाप्त होगा, लेकिन आज स्थिति इसके विपरीत ब्राउन दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों पर बिना उचित कारण के भारी-भरकम पेनल्टी लगाई जा रही है और निरीक्षण के नाम पर उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज सरकार को फरवरी से कर देकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में व्यापारियों का मनोबल गिर रहा है। एन के पंडित ने हिमाचल प्रदेश सरकार से भी आग्रह किया कि राज्य में व्यापारियों को अनावश्यक दबाव से राहत दी जाए और संबंधित विभागों को निर्देशित किया जाए कि वे कानून का पालन करते हुए संयमित कार्यशैली अपनाएं, ताकि वे निश्चिंत होकर अपना व्यवसाय कर सकें और देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग दे सकें।

## बिंदल के पुन: प्रदेशाध्यक्ष बनने से भाजपा होगी और अधिक मजबूत: रणवीर



**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान, मंडी।** भाजपा द्वारा डॉ. राजीव बिंदल को एक बार पुन: प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर मंडी से पूर्व जिला अध्यक्ष और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणवीर सिंह ने इसे संगठन को और अधिक मजबूत करने वाला निर्णय बताते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि बिंदल संयमित, सौम्य और समर्पित व्यक्तित्व वाले वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं व पार्टी संगठन के प्रति किए उनके कार्य हमेशा प्रशंसनीय रहे हैं। उनके निर्वाचित होने से कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार हुआ है, जिसका परिणाम आने वाले समय में दिखेगी। उन्होंने कहा कि साधारण कार्यकर्ता के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू करने वाले राजीव बिंदल अपनी क्षमता और त्याग के कारण आज तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर पहुंचे हैं जो भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है।

**वायरल का खतरा** डॉ. रंजना कपूर ने अभिभावकों को दी सतर्क रहने की सलाह

# बच्चों में तेजी से फैल रही हैंड, फुट एंड माउथ डिजीज

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर क्षेत्र में बरसात के साथ ही वायरल बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। खासतौर पर छोटे बच्चों में एक संक्रामक बीमारी हैंड, फुट एंड माउथ डिजीज तेजी से फैल रही है, जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। यह बीमारी 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को अधिक प्रभावित कर रही है।

अनंत ज्ञान से खास बातचीत में चिकित्सक डॉ. रंजना कपूर ने बताया कि वर्तमान समय में वायरल संक्रमणों का खतरा बहुत बढ़ गया है और हैंड, फुट एंड माउथ उनमें सबसे प्रमुख बनकर उभरा है। यह बीमारी कॉक्ससैकी वायरस ए16 व एंटरोवायरस 71 जैसे वायरसों के कारण होती है और यह बेहद संक्रामक है। बच्चों में इस बीमारी के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं, खासकर स्कूल व डे-केयर सेंटर जैसी जगहों पर। डॉ. कपूर ने बताया कि इस बीमारी के प्रमुख लक्षणों में बुखार, गले में खराश, मुंह के अंदर छाले, और हाथ-पैरों पर लाल दाने या फफोले शामिल हैं। कई बच्चों में चिड़चिड़ापन, सुस्ती, भूख न लगना और पानी की कमी जैसे लक्षण भी देखे जा रहे हैं। मुंह के छालों के कारण बच्चे कुछ भी खाने-पीने से कतराने लगते हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ सकती है।

उन्होंने बताया कि यह संक्रमण मुख्यत: संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने, नाक और गले के स्राव, थूक, छालों के तरल या संक्रमित सतहों को छूने से फैलता है। बच्चों का डायपर बदलते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि यह वायरस मल के जरिए भी फैल सकता है।

डॉ. कपूर ने कहा कि इस बीमारी का कोई विशिष्ट इलाज नहीं है क्योंकि यह एक वायरल संक्रमण है। मरीज को आराम देना, तरल पदार्थों का अधिक सेवन कराना और बुखार या दर्द होने पर पेरासिटामोल जैसी दवाएं देना ही मुख्य उपचार हैं। मुंह में छालों से राहत के लिए बच्चों को ठंडी चीजें जैसे आइसक्रीम या ठंडा दूध दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों की साफ-सफाई का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। बच्चों को बार-बार हाथ धोने की आदत डालें और उनके खिलौनों व रोजमर्रा की वस्तुओं को नियमित रूप से साफ करते रहें।

### स्कूलों व शिक्षण संस्थानों में भी बरतें सावधानी



**डॉ.** रंजना कपूर ने सुझाव दिया कि बीमारी की रोकथाम के लिए स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में भी विशेष सावधानी बरती जानी चाहिए। भीड़भाड़ से बचना, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना और अभिभावकों को जागरूक करना आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी लोगों से अपील की गई है कि वे मौसम को देखते हुए लापरवाही न बरतें।

## चरस मामले के दो दोषियों को 5 वर्ष कठोर कारावास व 70 हजार जुर्माना

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**जुर्माना न देने पर होगी 3 माह की अतिरिक्त सजा**

**अदालत** स्पेशल जज सरकाघाट डॉक्टर अबीरा वासु ने सरकार बनाम राजेश कुमार वह अन्य प्रकरण में राजेश कुमार पुत्र नूराता राम गांव बजौरा डाकघर भुक्कड़ तहसील भोरंज जिला हमीरपुर तथा प्रदीप कुमार पुत्र रमेश चंद्र गांव मुंडखड़ तहसील भोरंज हमीरपुर को एनडीपीएस एक्ट के तहत 390 ग्राम चरस रखने के जुर्म में 5 वर्ष का कठोर कारावास वह 70000 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है व जुर्माना न अदा करने की सूरत महीने 3 महीने की अतिरिक्त सजा सुनाई है।

उप जिला न्यायवादी राजीव शर्मा ने बताया कि 9 फरवरी 2019 को थाना धर्मपुर में एएसआई राजकुमार ने अपने दल के साथ सरकारी गाड़ी में यातायात चेकिंग हेतु लौंगनी में नाकाबंदी की थी तो उस समय रात 10:40 पर एक मोटरसाइकिल पर जो जोगिंद्रनगर की तरफ से आ रहा था जिस पर दो व्यक्ति बैठे थे। दोनों व्यक्ति घबराए हुए थे जिस पर पुलिस दल ने दोनों की तलाशी ली जिस पर आरोपी राजेश कुमार के पास 288 ग्राम तथा प्रदीप के पास 102 ग्राम चरस कुल 390 ग्राम चरस बरामद हुई व उसको नियम अनुसार कपड़ा पुलिंदा में बंद करके सील बंद किया व कब्जा पुलिस में लिया आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने तफ्तीश करने के बाद चालान माननीय अदालत में पेश किया। उप जिला न्यायालय राजीव शर्मा ने बताया कि इस प्रकरण में अभियोजन पक्ष ने 25 गवाहों के बयान न्यायालय में दर्ज करवाए व साक्ष्य पेश किए गवाहों की टेस्टो मनी व साक्ष्य के आधार पर माननीय अदालत ने सजा सुनाई है।

## न्यूज ब्रीफ

### मां उषा मंदिर में 10 को गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**अनंत ज्ञान, बडूही।** उपमंडल बंगाणा की चौकीमन्यार पंचायत स्थित उषा माता मंदिर में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 10 जुलाई को भव्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों एवं सभी शिष्यों से इस शुभ दिन पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। महोत्सव में 11 बजे सामूहिक आरती का आयोजन होगा। आरती उपरांत विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे।

### चौकीमन्यार के कई क्षेत्रों में कल बिजली बंद रहेगी

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बडूही।** चौकीमन्यार विद्युत अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में 4 जुलाई को आवश्यक रखरखाव के चलते सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस अवधि में 17 ट्रांसफार्मर, 1 मेगावॉट शिव शक्ति सोलर पावर प्लांट व बैरिया और इसके आसपास के क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति को अस्थायी रूप से बंद किया जाएगा। प्रभावित गांवों में बैरिया, भलौण छतेड़ बसलेहड़ बरमार, बल्दोह, नंदग्रा,, मसूई और पनबड़ी इत्यादि शामिल हैं। यह जानकारी सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल चौकी मनियार ई. ब्रिज मोहन द्वारा दी गई है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील की है।

# स्वां में 15 फुट गहराई तक अवैध खनन

## रात को नहीं, अब दिन के उजाले में भी माफिया सरेआम छलनी कर रहा नदी का सीना

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**



स्वां नदी में दिन के उजाले में भी खनन माफिया सरेआम खनन कर रहा है, जिसके लिए बाकायदा मशीनरी का प्रयोग कर रहा है।

**पंजावर।** स्वां नदी में खनन माफिया प्रतिबंध के बावजूद सरकारी आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए धड़ल्ले से काम कर रहा है। एक ओर बरसात के कारण स्वां नदी के बीच खनन से बने गड्ढे प्रशासन के लिए चुनौती बने हुए हैं, वहीं यह खनन माफिया प्रशासन की नींद हराम करने लगा है। चारों ओर खनन का शोर है। ज्यादा मामले स्वां नदी में खनन से जुड़े सामने आ रहे हैं। अब लोहारली गांव के पास खनन सरेआम दिन के उजाले में हो रहा है।

अगर सरकार ने बरसात में हिमाचल में खनन पर प्रतिबंध लगा रखा है, तो लोहारली और अन्य स्थानों से हो रहे खनन के लिए इजाजत कौन दे रहा है। क्रशर लॉबी ही इसके पीछे है, लेकिन सत्ता या प्रशासन को कुछ पता न हो, यह हो नहीं सकता। स्वां नदी का सीना छलनी किया जा रहा है। तटबंधों से नीचे स्वां नदी का बैड चला गया है। खनन इतना हुआ है कि कई जगह दस से पंद्रह फुट तक खुदाई हो चुकी है। गड्ढे ऐसे हैं अगर कोई सामान्य बहाव समझते हुए बरसात में स्वां नदी को पार करने का प्रयास करेगा, तो नतीजा ऐसे होगा, जैसे हम सबने दो दिनों में देखा गया है। स्वां नदी में सामान्य बाढ़ का पानी एक से दो फुट तक था, लेकिन अनुचित खुदाई होने के कारण किनारों में खाई होने से लोग उनमें फंस गए। स्वां के बीच में वे सुरक्षित थे, लेकिन साइड पर गहराई के कारण निकल नहीं पा रहे थे। यह सिर्फ अवैध खनन के कारण ही हुआ है।

विभाग हमेशा की तरह अब भी दावा ठोकने से पीछे नहीं है कि स्वां में खनन बंद है, लेकिन हकीकत तस्वीरें और मौके की परिस्थितियां बयां करती नजर आ रही हैं। लोहारली हो या आसपास के इन गांवों में अवैध खनन नासूर बन चुका है। गगरेट के तहत लोहारली गांव के स्वां नदी में अवैध माइनिंग पूरे जोरों से चल रही है, प्रशासन द्वारा लगाए गए 1 जुलाई से लेकर 15 सितंबर तक पूर्ण प्रतिबंध लगाया है, इसके बावजूद भी अवैध रूप से खनन किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों में नरेश, अशोक कुमार, सौरभ आदि का कहना है कि बरसात में भी स्वां नदी में अवैध माइनिंग रुकने का नाम नहीं ले रही, दिन-प्रतिदिन इन माइनिंग की चोरी पूरे जोरों से चल रही है। प्रशासन सो रहा है और बिलकुल भी इस पर गौर नहीं की जा रही है। फिर से स्वां नदी में लगे हुए तटबंध को काफी नुकसान हो सकता है, जिससे बाढ़ की स्थिति बन सकती है। आम जनता के खेतों व घरों में पानी घुसने के पूरे तरह से खतरा बना हुआ है। खनन विभाग के अधिकारी नीरजकांत का कहना है कि स्वां में खनन बंद है। उनकी जानकारी में ऐसी कोई शिकायत नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा कुछ किया जा रहा है तो इसकी छानबीन की जाएगी।

## पंजाब विस स्पीकर ने मां चिंतपूर्णी में की पूजा-अर्चना

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने परिवार सहित माता चिंतपूर्णी के दरबार में पूजा-अर्चना की। इस मौके पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी नव कालिया ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना करवाई।

**मंदिर अधिकारी रहे उपस्थित :** इस मौके पर मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया और माता की पूजा-अर्चना के दौरान उपस्थित रहे।

**भेंट की गई चुनरी और फोटो :** विधानसभा अध्यक्ष को माता की चुनरी भेंट की गई और इसके अलावा मां चिंतपूर्णी की एक फोटो भेंट स्वरूप दी गई। विधानसभा अध्यक्ष ने माता की पूजा-अर्चना के बाद आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में अपनी श्रद्धा और आस्था प्रकट की और माता की कृपा की कामना की।

## गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल से प्रिंसिपल सेवानिवृत्त

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल से प्रिंसिपल राजेश कुमार सेवानिवृत हो गए उन्होंने लगभग 29 वर्ष सेवाएं शिक्षा विभाग में दीं, सेवा पूरी होने के अवसर पर उन्होंने स्कूल के लिए 15 हजार और बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 1100 रुपए दिए।

# नेचर कैंप में ऊना के छात्रों ने प्रकृति को नजदीक से जाना



शोगी साइंस म्यूजियम में नेचर कैंप की तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन।

**अनंत ज्ञान, पंजावर**

ऊना जिले के विभिन्न स्कूलों के ईको क्लब से जुड़े छात्र-छात्राएं और अध्यापक इन दिनों तीन दिवसीय नेचर कैंप में भाग ले रहे हैं, जो कि साइंस म्यूजियम, शोगी (शिमला) में आयोजित किया गया है। इस कैंप में छात्रों ने विज्ञान, प्रकृति और नवाचार से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता दिखाई। आज नेचर कैंप के समापन समारोह की अध्यक्षता संस्थान के डायरेक्टर रवि शर्मा ने की। इस अवसर पर ऊना जिले के विज्ञान पर्यवेक्षक राजन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

नेचर कैंप के आखिरी दिन सूर्योदय से पहले ही समस्त छात्र-छात्राओं को पक्षियों की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन करवाने के लिए प्रकृति की गोद में ले जाया गया, जहां बच्चों ने विभिन्न प्रकार के छोटे-बड़े रंग-बिरंगे पक्षियों की विभिन्न गतिविधियों का दूरबीन और व अन्य वैज्ञानिक उपकरणों की मदद से अवलोकन किया। इसके उपरांत शूलिनी यूनिवर्सिटी से आए हुए रिसोर्स पर्सन डॉ. हिमानी ने समस्त बच्चों को प्लांट आइडेंटिफिकेशन की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की।

प्रवक्ता राजीव राणा ने कहा कि कैंप का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना और रचनात्मकता को विकसित करना है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों और मार्गदर्शकों में राजन शर्मा, राजीव राणा, बलविंदर, राजू, निखिल, लेख, मनोज कुमार, राजेश कुमार, सीमा सैनी, सुनीता देवी, मनीषा देवी, रितु शर्मा, संजीव कुमार और निशा रानी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## जिले में बच्चों का नया भविष्य गढ़ रही इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना

# 2189 बच्चों को मिली 1.92 करोड़ की मदद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना का लाभ लेने वाले लाभार्थी।

हिमाचल सरकार की इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना बच्चों का नया भविष्य गढ़ने के साथ जरूरतमंद परिवारों के लिए जमीनी बदलाव का माध्यम बन चुकी है। ऊना जिले में इस योजना में अब तक 2189 बच्चों को कवर करते हुए 1 करोड़ 92 लाख 69 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जा चुकी है, जिससे अभावग्रस्त घरों में शिक्षा का उजियारा हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर शुरू हुई यह योजना उन बच्चों के लिए संजीवनी बन रही है जिनकी माताएं विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता या निराश्रित हैं या फिर जिन के माता-पिता 70 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता से पीड़ित हैं, सरकार ऐसे बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक 1 हजार रुपए प्रतिमाह की सहायता देती है ताकि उनकी प्रारंभिक शिक्षा, पोषण और बुनियादी जरूरतें पूरी हो सकें।

वहीं, उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे 18 से 27 वर्ष के युवाओं को यदि छात्रावास सुविधा उपलब्ध न हो, तो 3 हजार रुपए प्रतिमाह की सहायता दी जाती है। ऊना जिले के सभी विकास खंडों में यह योजना प्रभावी ढंग से कार्यान्वित की जा रही है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) नरेंद्र कुमार बताते हैं कि यह योजना उन परिवारों के लिए राहत का बड़ा जरिया बनी है, जिनके लिए बच्चों की पढ़ाई जारी रखना एक आर्थिक चुनौती थी।

**योजना पर क्या बोले डीसी :** वहीं ऊना के डीसी जतिन लाल का कहना है कि इस योजना को मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया गया है और प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि कोई पात्र बच्चा इस लाभ से वंचित न रहे।

योजना का वास्तविक असर लाभार्थी परिवारों की जुबानी साफ देखा जा सकता है। ऊना वार्ड नंबर 6 की पूजा पुरी बताती हैं कि पति के देहांत के बाद दो बेटियों की पढ़ाई का खर्च उठाना मुश्किल हो गया था, लेकिन छह महीने में 12 हजार रुपए की सहायता ने बड़ा संबल दिया। वहीं, कोटला कलां की सरोज बाला और ऊना की रेणु देवी जैसी कई महिलाओं ने इस योजना को संजीवनी करार देते हुए मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया है।

तन्मय, जो अब ग्यारहवीं में पढ़ रहे हैं, का कहना है कि पिता के निधन के बाद परिवार पर आया आर्थिक बोझ इतना था कि उसे पढ़ाई छोड़नी पड़ सकती थी, लेकिन सुख शिक्षा योजना उनके लिए वरदान साबित हुई। अब वे पढ़ रहे हैं और सुनहरे भविष्य के नए सपने गढ़ रहे हैं।

## घर-द्वार पर धान बेच सकेंगे किसान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना ज़िला में वर्ष 2025-26 के लिए धान की खरीद का कार्य हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अधिकृत नोडल एजेंसी हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से किया जाएगा। इस व्यवस्था के तहत किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर अपनी फसल घर-द्वार के पास ही बेचने की सुविधा उपलब्ध होगी। ज़िला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, ऊना राजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को उनकी फसल का भुगतान मात्र 48 घंटे के भीतर उनके पंजीकृत बैंक खाते में भेज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला के किसान धान की बिक्री हेतु https://hpappp.nic.in/ पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। सीजन आरंभ होने के बाद किसान इसी पोर्टल के माध्यम से अपना टोकन बुक कर नजदीकी मंडी में अपनी फसल बेच सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ग्रेड-ए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2389 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

# चिकित्सक बड़ी ही ईमानदारी से निभाते हैं फर्ज : डॉ. हरजिंद्र



डॉ. हरजिंद्र सिंह ने चिकित्सक दिवस पर चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों को दी बधाई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

स्थानीय अद्वैता हार्ट एंड मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. हरजिंद्र सिंह ने चिकित्सक दिवस पर समस्त चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों को बधाई दी है।

उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि चिकित्सक किसी भी क्षेत्र में सेवा दे रहा हो तो उनका सहयोग किया जाना चाहिए। चिकित्सक के लिए अपना पेशा एक साधना के तौर पर निभाता है। हर कोशिश होती है कि रोगी कैसे ठीक किया जाए। अपने परिवार से अधिक अपने पेशे को समय देने वाला एक चिकित्सक होता है। कुछ लोग किसी मामूली अथवा किसी बात के लिए चिकित्सकों पर आरोप लगाते हैं, लेकिन कोई चिकित्सक नहीं चाहता कि उसका रोगी ठीक न हो।

हर चिकित्सक का प्रयास बेहतर होता है, ऐसे में चिकित्सक के प्रति संदेह की भावना रखना गलत है। डॉ. हरजिंद्र सिंह ने अपने अस्पताल में मीडिया के समक्ष अपने चिकित्सकों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर निदेशक मोनिका सिंह के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 'एक शाम पंज पीरों के नाम' कार्यक्रम ने बांधा समां



पंज पीरी लोक कल्याण कमेटी संतोषगढ़ के धार्मिक कार्यक्रम में शामिल लोग।

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान**

**टाहलीवाल।** पंज पीरी लोक कल्याण कमेटी संतोषगढ़ की ओर से वार्षिक 'एक शाम पंज पीरों के नाम' धार्मिक आयोजन किया गया। इसमें प्रसिद्ध सूफी गायक परवेज आलम ने एक से बढ़कर एक सर्वधर्म समभाव की प्रस्तुतियां दीं।

आयोजन में मौजूद श्रद्धालुओं की मांग पर असी सीधे साधे बिंग बल नहीं पांदे, तांगा तेरियां, फकीर बंदे अली दे दर तो, पांच पीरां नाल प्रीता पक्कियां ने, भोले दी बारात, मां मेरी, रविदास गुरु जैसी प्रस्तुतियों से सभी को झूमने पर विवश कर दिया।

इससे पहले कार्यक्रम में मशहूर गायक ईशान पुरी व मूल राज कौशल ने भी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। आयोजन में कमेटी के अध्यक्ष जेई अमर सिंह सैनी की अध्यक्षता में अनु महंत नंगल, माइयूल्स से राजनदीप आदि गण्यमान्य मौजूद रहे। सेवादार संजू पुरी, रोहित कौशल, अक्षय कौशल, कृष्ण सैनी, विजय पुरी, योगेश पुरी, महेंद्र सैनी, चंदन कौशल आदि ने बताया कि धार्मिक आयोजन का महत्व सर्व धर्म समभाव का संदेश देना था। आयोजन को वर्षों के चलते स्थानीय निजी पैलेस में कराया गया है।

इस दौरान आए गए अतिथियों को आयोजक मंडल ने पंज पीरों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कमेटी सदस्यों ने शहरवासियों का आयोजन में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष भी धार्मिक आयोजन को नगरवासियों के सहयोग से बढ़-चढ़कर किया जाएगा।

# ऊना डाक मंडल में हुई सेवा भाव सप्ताह की शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना डाक मंडल में पहली जुलाई से 'सेवा भाव सप्ताह' की शुरुआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को डाक विभाग की आधुनिक, डिजिटल और जनकल्याणकारी सेवाओं के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान विशेष रूप से इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है।

डाक अधीक्षक भूपिंदर सिंह के नेतृत्व में पूरे मंडल के प्रत्येक डाकघर में छोटी-छोटी टीमों का गठन किया गया है, जिन्हें अपने-अपने क्षेत्र में जाकर आम जन को डाक विभाग की सेवाओं से जोड़ने का दायित्व सौंपा गया है।

भूपिंदर सिंह ने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में ऊना डाक मंडल में सेवा भाव सप्ताह पूरे उत्साह, जनभागीदारी और सेवा भावना के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर महिलाओं को डिजिटल लेन-देन की प्रक्रिया भी समझाई गई।




सेवा भाव सप्ताह कार्यक्रम के तहत प्रचार करते डाक विभाग के अधिकारी।

# कंवर ने दिल्ली में नड्डा से की शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अखिल भारतीय वॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने हाल ही में राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच वॉलीबाल खेल के उत्थान से जुड़े मुद्दों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर भी गहन चर्चा हुई।

वीरेंद्र कंवर ने कहा कि नड्डा का हिमाचल प्रदेश की विकास यात्रा में विशेष योगदान रहा है। उन्होंने विशेष रूप से बिलासपुर जिले का उल्लेख करते हुए कहा कि नड्डा के आशीर्वाद और केंद्र सरकार की नीतियों के चलते ही हिमाचल को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जैसा बड़े चिकित्सा संस्थान की सौगात मिली। पूर्व मंत्री ने यह भी बताया कि ऊना मुख्यालय पर 500 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा पीजीआई सैटेलाइट अस्पताल भी नड्डा के मार्गदर्शन और केंद्रीय सहयोग से ही संभव हो पाया है। कंवर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भी सराहना की



नड्डा से बातचीत करते वीरेंद्र कंवर।

और कहा कि उनके सफल 11 वर्षों के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश को जितनी सौगातें मिली हैं, उतनी आज तक किसी भी सरकार के कार्यकाल में नहीं मिलीं। कंवर ने विशेष रूप से इस बात का उल्लेख किया कि प्रदेश में जब-जब प्राकृतिक आपदाएं आईं, तब-तब केंद्र सरकार ने बिना देर किए सहायता राशि भेजी और राहत कार्यों को प्राथमिकता दी। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल की मौजूदा सुक्खू सरकार को अढ़ाई वर्षों में सबसे अधिक वित्तीय सहायता केंद्र से मिली है और इसके पीछे केंद्रीय नेतृत्व, विशेष रूप से जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का भरपूर सहयोग रहा है।

कंवर ने वॉलीबाल खेल के संबंध में आग्रह किया कि इस खेल को देशभर में अधिक प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि फेडरेशन की योजना है कि देश एवं राज्य में ग्रामीण स्तर पर वॉलीबाल को बढ़ावा दिया जाए, ताकि युवाओं को खेल के क्षेत्र में अधिक अवसर मिलें और वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहें।

## कंवर ने डॉ. बिंदल को दी शुभकामनाएं

**बंगाणा।** अखिल भारतीय वॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने डॉ. राजीव बिंदल को हिमाचल प्रदेश भाजपा का नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. बिंदल संगठनात्मक कार्यों में कुशल, अनुभवी व जनप्रिय नेता हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा पहले भी सशक्त रूप से कार्य कर चुकी है और अब आने वाले समय में और मजबूती के साथ 2027 के विधानसभा चुनावों में प्रदेश में सरकार बनाएगी। बिंदल का नेतृत्व पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा।

**आदेश** डीसी ने निरीक्षण कर स्थायी भवन तैयार होने तक बनाई व्यवस्था

# बेहड़ जसवां में लगेंगी केवी नंदपुर की कक्षाएं

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** ऊना के डीसी जतिन लाल ने बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बेहड़ जसवां का दौरा कर वहां संचालित की जाने वाली केंद्रीय विद्यालय नंदपुर की अस्थायी कक्षाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम अंब सचिन शर्मा सहित शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया कि जब तक केंद्रीय विद्यालय नंदपुर का स्थायी भवन तैयार नहीं हो जाता, तब तक उसकी कक्षाएं बेहड़ जसवां स्कूल परिसर में ही संचालित की जाएंगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सभी भौतिक सुविधाएं और अनुकूल शिक्षण वातावरण उपलब्ध करवाने हेतु



नंदपुर में केंद्रीय विद्यालय के भवन के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण करते डीसी।

सभी जरूरी प्रबंध किए जा रहे हैं। उद्देश्य यह है कि विद्यार्थियों की पढ़ाई पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और उन्हें एक सकारात्मक, शांतिपूर्ण एवं प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण प्राप्त हो।

**स्थायी भवन हेतु प्रस्तावित भूमि का भी निरीक्षण :** निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने केंद्रीय विद्यालय नंदपुर के स्थायी भवन के लिए चयनित भूमि स्थल का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि परियोजना की प्राथमिक रूपरेखा शीघ्र तैयार की जाए और सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ें ताकि विद्यालय का अपना स्थायी भवन जल्द साकार हो सके।

# खैर कटान में रसूखदारों के नाम आने से हड़कंप

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

### रामगढ़धार में अवैध खैर कटान पर हुए खुलासे

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत आने वाली रामगढ़धार के वनों से आच्छादित पहाड़ियों में अवैध खैर कटान का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। हाल ही में वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर खैर की अवैध लकड़ी के मोछे (टुकड़े) बरामद किए हैं। शुरुआती जांच में पकड़े गए कुछ वन काटुओं ने इस कटान में शामिल बड़े रसूखदारों के नाम उगले हैं, जिससे विभागों में हड़कंप मच गया है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

अब सवाल उठता है। क्या वाकई पुलिस और वन विभाग की टीम इन कथित 'बड़े रसूखदारों' तक पहुंचेगी या फिर यह मामला भी बाकी मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा? सूत्रों के अनुसार वन विभाग की पकड़ में आए कुछ आरोपियों ने यह स्वीकार किया है कि वे रामगढ़धार क्षेत्र में खैर के पेड़ों की अवैध कटाई में शामिल थे। इन लोगों ने दावा किया है कि उन्होंने यह कटान किसी प्रभावशाली व्यक्ति या वन माफिया के कहने पर की। पूछताछ में उन्होंने कुछ ऐसे नाम बताए हैं, जो पहले भी इस तरह के मामलों में संदिग्ध रह चुके हैं, लेकिन कभी आरोप सिद्ध नहीं हो पाए। इन कथनों के आधार पर अब संयुक्त टीम रामगढ़धार के उन स्थानों की जांच कर रही है, जहां से खैर की लकड़ी के अवशेष या मोछे बरामद हुए हैं। फॉरेस्ट रेंज बंगाणा आसपास के क्षेत्रों में नजरें गढ़ी हुई हैं।

यह पहली बार नहीं है कि रामगढ़धार या बंगाणा क्षेत्र से अवैध कटान की खबर सामने आई हो। बीते कुछ वर्षों में दर्जनों ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां अवैध रूप से खैर जैसे बहुमूल्य वृक्षों को काटा गया, लेकिन बहुत कम मामलों में आरोपियों को न्यायिक सजा मिल पाई। वन विभाग ने कई बार कथित वन काटुओं को पकड़ा है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, मगर या तो जांच अधूरी रही या फिर कानूनी पेचीदगियों के चलते ये आरोपी आसानी से छूटते गए। इससे आम जनता और स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों के मन में विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर गहरे सवाल खड़े हो रहे हैं।

**'रसूखदारों' की भूमिका संदिग्ध**

उपमंडल बंगाणा वन काटुओं द्वारा जिन बड़े नामों की तरफ इशारा किया गया है, यदि इन आरोपों में सच्चाई है, तो यह साफ संकेत है कि वन माफिया की पहुंच केवल जंगल तक ही सीमित नहीं, बल्कि राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों तक भी है। यही वजह है कि स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं। क्या वाकई पुलिस और वन विभाग इन नामचीन लोगों तक पहुंचेगा या फिर मामूली वन काटुओं को बलि का बकरा बनाकर केस रफा-दफा कर दिया जाएगा? जिन स्थानों पर कटान हुआ है, वहां से खैर की लाखों रुपए की लकड़ी के मोछे निकालना आसान काम नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे कटान रात के अंधेरे में किए जाते हैं और यह काम बिना स्थानीय स्तर पर मिलीभगत के संभव नहीं है।

# हिमाचल की कांग्रेस सरकार में कुछ भी ठीक नहीं : चौधरी

**अनंत ज्ञान, अंब**



प्रेस वार्ता के दौरान बलबीर (मध्य), शाम मिन्हास व कुलदीप।

पूर्व विधायक बलबीर चौधरी ने अंब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सरकार पर चुनावों से पहले कर्मचारियों को लुभावने वादे करने और सत्ता में आने के बाद उन्हें भूल जाने का आरोप लगाया। बलबीर चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने चुनाव से पूर्व ओल्ड पेंशन स्कीम को बहाल करने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद उस पर अमल नहीं किया गया। उन्होंने प्रदेश सरकार के मंत्रियों के व्यवहार पर भी सवाल उठाए और कहा कि अब हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि मंत्री कर्मचारियों को धमकाने और उन पर हमला करने पर उतर आए हैं।

पूर्व विधायक ने विशेष रूप से मंत्री अनिरुद्ध सिंह पर निशाना साधते हुए उन पर नेशनल हाईवे के एक प्रोजेक्ट मैनेजर पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है और अब सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। चौधरी ने यह भी कहा कि पेंशन न मिलने के कारण प्रदेश के बुजुर्ग और कर्मचारी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। 'पांच महीने बाद पेंशन मिल रही है, ऐसे में लोग अपना गुजारा कैसे करें' उन्होंने सवाल उठाया।

बलबीर चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता और कर्मचारियों की आवाज को दबाने की कोशिश दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह अपने वादों को निभाए और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। इस मौके पर बलबीर चौधरी के साथ जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास और चिंतपूर्णी अपर मंडल महामंत्री कुलदीप ठाकुर भी उपस्थित रहे।

# मानसून की दस्तक के साथ ही पर्यटन नगरी मनाली में छाया सन्नाटा

## समय से पहले ही समर सीजन खत्म, पर्यटन कारोबारियों के चेहरे पर दिख रही चिंता की लकीरें

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश में मानसून ने दस्तक दे दी है। मानसून की दस्तक के साथ ही पर्यटन नगरी मनाली में सन्नाटा छा गया है।

मनाली के अधिकांश होटलों में ऑक्यूपेंसी शून्य हो गई है। ऐसे में मनाली के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में भी पर्यटकों की संख्या गिनी-चुनी रह गई है। वहीं, विश्व प्रसिद्ध रोहतांग दर्रा में भी अब पर्यटक वाहन कम ही जा रहे हैं। बुधवार को रोहतांग के लिए डीजल के 40 और पेट्रोल के 44 वाहनों ने ऑनलाइन बुकिंग की, जिससे पता चलता है कि मनाली में पर्यटकों की संख्या न के बराबर है। आमतौर पर मई से जुलाई के प्रथम सप्ताह तक मनाली में पर्यटन सीजन माना जाता है। इस बार मई महीने में भारत-पाकिस्तान की तनातनी और ऑपरेशन सिंदूर के कारण मनाली का पर्यटन सीजन प्रभावित हुआ है। वहीं, जून में सीजन ठीक चल ही रहा था कि प्री मानसून की दस्तक से पर्यटन सीजन का अंत जून के अंतिम सप्ताह से पहले ही हो गया। समय से पहले ही पर्यटन सीजन समाप्त होने से मनाली के अधिकांश पर्यटन कारोबारियों के चेहरे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। ऐसे में पर्यटकों की संख्या कम होने से पर्यटन कारोबारियों को काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है। पर्यटन कारोबारियों को अब बैंकों की किस्तें और बढ़े हुए बिजली, पानी की दरों का भुगतान करना मुश्किल हो रहा है। स्थानीय पर्यटन कारोबारी रमेश, अमर सिंह, रोशन लाल, नरेंद्र सूद ने बताया कि इस साल मनाली में पर्यटन सीजन महज 30 दिन का ही रहा है। इससे पर्यटन कारोबारियों को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि मई में युद्ध के कारण सीजन नहीं चल पाया और जून में ठीक सीजन चल रहा था कि समय से पहले मानसून ने दस्तक दे दी। मानसून की शुरुआत के साथ ही मनाली, कुल्लू और मंडी में बादल फटने की घटना से पर्यटन कारोबार समाप्त हो गया, अब पर्यटन कारोबारियों की उम्मीद दशहरा सीजन पर है, अगर इस सीजन में सब कुछ ठीक रहा, तो पर्यटन कारोबारियों को कुछ राहत मिल सकती है। लिहाजा, पर्यटन नगरी मनाली में जहां करीब दो सप्ताह पूर्व सभी पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का जमावड़ा लगा हुआ था और रोजाना हजारों पर्यटक वाहन मनाली पहुंच रहे थे। वहीं, अब मानसून की शुरुआत होते ही और बादल फटने की घटनाओं के बाद अब माल रोड सहित सभी पर्यटन स्थल पर्यटकों के बिना सुनसान हो गए हैं।



मानसून की दस्तक के साथ ही पर्यटकों के बिना सुनसान पड़ा मनाली का माल रोड।

# सड़क पर वाहन पार्क कर दूसरे वाहन का रोका रास्ता, वाहन जब्त

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**



**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित हणोगी सराय के समीप एक वाहन चालक द्वारा सड़क पर अपना वाहन पार्क कर दूसरे वाहन का रास्ता रोकने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रास्ता रोककर व्यवधान डालने वालों पर शिकंजा कसते हुए वाहन को अपने कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर दिया है।

हणोगी सराय के समीप एक वाहन चालक महिला द्वारा सड़क में अपना वाहन खड़ा कर पीछे खड़े अन्य वाहन का रास्ता रोका था, जिस कारण पीछे खड़े उक्त वाहन चालक को अपना वाहन निकालने में दिक्कत हो रही थी। साथ ही सड़क से गुजरने वाले अन्य वाहनों और राहगीरों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। पुलिस को जब इस बारे जानकारी मिली, तो पुलिस टीम मौके पर पहुंची और रास्ता रोकने को लेकर उक्त वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया साथ ही वाहन को भी अपने कब्जे में ले लिया है। नगर परिषद कुल्लू के वार्ड नंबर-9 में एक कार पार्किंग को लेकर मामला इतना अधिक बढ़ गया कि रोजाना यहां पर झगड़ा होता है। इसको लेकर आसपास के लोग भी परेशान हैं। दरअसल, मामला यह है कि यहां कमेटी की जमीन पर एक तरफ कार्तिक नाम के व्यक्ति द्वारा बकायदा कमेटी की आज्ञा से ही पर अपनी गाड़ी पार्क की गई, जिसे लेकर रास्ते के साथ ही लगते एक अन्य घर के मालिक द्वारा भी अपनी गाड़ी उसी की गाड़ी के आगे इस तरह से खड़ी कर दी गई कि कार्तिक की गाड़ी का मार्ग अवरूद्ध हो गया। इसी बात को लेकर मामला पुलिस में दर्ज करवाया गया, जब पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने शांतिपूर्वक तरीके से समझा बूझकर मामला निपटने की कोशिश की, लेकिन जिस व्यक्ति द्वारा अपनी गाड़ी से रास्ता रोका गया था वह और उसका परिवार गुस्से से बेकाबू हो गए और पुलिस का आदेश मानने से भी इंकार करने लगे। बात यहीं तक नहीं रुकी, सरेआम बहसबाजी और शोर शराबे में तबदील हो गई। शोरगुल सुनकर आसपास के बहुत से लोग बड़ी तादाद में इकट्ठा हो गए, साथ ही प्रेस के कुछ लोग भी मौके पर पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए वीडियो बनाने लगे, तो उक्त वाहन मालिक महिला व उसके पति व बेटी ने मीडिया कर्मियों के साथ बहसबाजी शुरू कर दी। हालांकि, अंत में पुलिस द्वारा गाड़ी जब्त कर ली गई और मामला धारा 126/2 बीएनएस के तहत दर्ज कर लिया गया है। मामले को लेकर जब थाना प्रभारी कुल्लू निर्मल सिंह से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उक्त परिवार पर ऑब्स्ट्रक्शन यानी बाधा उत्पन्न करने का केस दर्ज कर लिया गया है और सब इंस्पेक्टर अमर सिंह मामले की तफ्तीश कर रहे हैं।

# राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए करें आवेदन: पूनम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कुल्लू पूनम बिष्ट ने कहा कि हर साल की तरह इस वर्ष भी राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन की प्रकिया शुरू कर दी गई है। पात्र सभी वर्गों के शिक्षकों से आग्रह है कि वह अपनी फाइल 15 जुलाई तक उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा के कार्यालय में जमा करें। इस संदर्भ में सभी प्रधानाचार्यों, मुख्याध्यापकों तथा समस्त खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कुल्लू को भी कार्यालय द्वारा सूचित किया गया है। हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को राज्य स्तरीय अवॉर्ड से सम्मानित किया जाता है। कुल्लू जिले से भी हर साल शिक्षकों को राज्य स्तरीय अवॉर्ड मिलता है। अभी तक जिले के कई शिक्षकों को यह सम्मान मिल चुका है। इसी कड़ी में इस बार भी राज्य स्तरीय अवॉर्ड की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा जिला कुल्लू पूनम विष्ट ने पात्र सभी वर्गों के शिक्षकों से आग्रह किया है कि पात्रता के आधार पर अपनी फाइल कार्यालय में जमा करवाएं।



एसडीएम कार्यालय में बागवानों, ट्रक ऑपरेटर्स सहित अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम आनी ।

# सेब सीजन के दौरान सड़कें दुरुस्त करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, आनी**

एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट ने सेब सीजन के दौरान संपर्क मार्गों और एनएच को दुरुस्त करने के निर्देश जारी किए हैं।

एसडीएम कार्यालय में बागवानों, ट्रक ऑपरेटर्स सहित अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग संपर्क मार्गों को जल्द बहाल करे, ताकि बागवानों को सेब मंडियों में पहुंचाने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इस दौरान विभिन्न हितधारकों से सेब सीजन से निपटने के लिए चर्चा की।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने भी संपर्क मार्ग खोलने में पेश आ रही दिक्कतों और उनके समाधान को लेकर आग्रह किया। एसडीएम ने इस दौरान सभी उपस्थित हितधारकों से सेब सीजन के दौरान सहयोग करने की अपील की। इस दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि सेब की ढुलाई दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। उन्होंने बागवानी विभाग के अधिकारियों से सेब सीजन को लेकर फीडबैक भी लिया। इस दौरान विभिन्न अधिकारी कर्मचारी, ट्रक ऑपरेटर्स और बागवान संगठनों के लोग उपस्थित रहे।

# आनी में एनसीसी कैडेट्स की एनरोलमेंट प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, आनी**



राजकीय महाविद्यालय आनी स्थित हरिपुर में एनसीसी के सीनियर कैडेट्स ने प्रथम वर्ष के स्टूडेंट्स के लिए एनरोलमेंट प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इस बार कॉलेज में कुल 36 कैडेट्स की भर्ती की जाएगी। आनी कॉलेज की एनसीसी आठवीं बटालियन रामपुर के अधीन कार्यरत है।

एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अशोक भारद्वाज ने बताया कि कॉलेज में दो वर्षों के बाद बी सर्टिफिकेट और तीन वर्षों के बाद सी सर्टिफिकेट प्राप्त किया जा सकता है, जो युवाओं को सेना, नेवी और एयरफोर्स में अनेक अवसर प्रदान करता है। साथ ही पुलिस, रेलवे, वन मित्र, वन रक्षक जैसे विभागों में भी बोनस अंक का लाभ मिलता है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने कहा कि एनसीसी छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास को निखारता है। साथ ही एनसीसी सर्टिफिकेट से कैडेट्स सेना में उच्च अधिकारी बनने की पात्रता भी प्राप्त कर सकते हैं।

# पूर्व सांसद महेश्वर सिंह ने बिजली महादेव रोपवे के सिविल वर्क का किया भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



देवभूमि कुल्लू जिले में बिजली महादेव रोपवे के निर्माण सिविल वर्क का शुभारंभ पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक महेश्वर सिंह ने हवन, पूजा-पाठ कर किया।

एनएचएमएल की प्रोजेक्ट मैनेजर रीना पवार, बर्नाड सिविल इंजीनियर जतिन, बीएस बरवाल, वर्नाड सुपरवाइजर, केके शर्मा कंसलटेंट, एलएनराव जनरल मैनेजर इंफ्रा, सौरभ मैनेजर इंफ्रा की मौजूदगी में अन्य कंपनी प्रबंधन अधिकारियों ने सिविल वर्क का शुभारंभ हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट बिजली महादेव रोपवे निर्माण को लेकर स्थानीय विधायक सुंदर सिंह ठाकुर की अनुसंशा पर केंद्रीय भूतल एवं राजमार्ग, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 5 मार्च, 2025 में बिजली महादेव रोपवे का 274 करोड़ रुपए से शिलान्यास किया है। पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक महेश्वर सिंह ने रोपवे निर्माण को लेकर हमेशा देवनीति देवी-देवताओं का हवाला देकर विरोध किया, ऐसे में अब बिजली महादेव रोपवे के निर्माण सिविल वर्क का पूजा-पाठ में शामिल होकर पूर्व सांसद महेश्वर सिंह का होना स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बन गया है। पिछले 2 दशक से बिजली महादेव रोपवे के निर्माण को लेकर पिछली भाजपा सरकार में भी कार्य शुरू नहीं हो पाया, ऐसे में मौजूदा प्रदेश सरकार के नेतृत्व में स्थानीय विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के व्यक्तिगत प्रयासों से बिजली महादेव रोपवे धार्मिक पर्यटन को धरातल पर उतारने के लिए प्रयास किए गए हैं। इसके लिए बिजली महादेव मंदिर कमेटी प्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर रोपवे निर्माण को धरातल पर कार्य को पूरा किया जा रहा है।

# 40 साल के बाद बशौणा काहिका में होगा कसोली नारायण व कपिल मुनि का महामिलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

40 सालों के बाद बशौणा काहिका में कसोली नारायण व कपिल मुनि का महामिलन होने जा रहा है। 15 जुलाई से 18 जुलाई तक मनाए जाने वाले बशौणा काहिका में 40 सालों बाद यह महामिलन होगा।

15 जुलाई को सायंकाल सबसे पहले देवता कपिल मुनि के भंडार से देवता की करड़ी निकाली जाती है। उसके बाद नड़नी और नड़ का बाजे के साथ स्वागत किया जाता है। उसके तुरंत बाद में काहिका खड़ा कर दिया जाता है। सभी हारियानों का अपना-अपना खंबा होता है। बाद में आरती होती है नड़नी अपने राग (गीत) लगाती हैं। 16 जुलाई को सुबह 8 बजे देवता कपिल मुनि का रथ सजाया जाता है। उसके बाद पूजा होती है और रथ को बाहर निकाला जाता है और मंदिर के चारों ओर परिक्रमा होती है और नड़नी रथ के आगे-आगे जौ के साथ नृत्य करेंगी और गांव की महिला देवता को धूप देती हैं। बाद में नड़नी छिद्रा करती हैं। शाम के 5 बजे के लगभग मणिकर्ण के कसोल से नारायण भगवान 40 साल के बाद बशौणा काहिका में अपने हारियानों के साथ लाव-लश्कर के साथ आ रहे हैं। 17 जुलाई को एक बजे से नाटी शुरू होगी और 6 बजे नड़ मूर्छित होगा और उसके बाद दिव्य शक्ति के द्वारा जीवित किया जाएगा। इस अवसर पर वॉलीबाल और खेलकूद प्रतियोगिता भी रखी हैं व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। 18 जुलाई को सुबह से ही लोकल नाटी होगी और शाम के समय नड़नी सभी लोगों के साथ नाचेगी। कारदार चुने राम शर्मा का कहना है कि कसोल के नारायण भगवान इस बार 40 सालों के बाद बशौणा काहिका में आ रहे हैं। भंडारी अमर चंद ठाकुर ने कहा कि इस बार बशौणा काहिका समस्त हारियान व कपिल युवक मंडल बशौणा, जोगनी महिला मंडल व सरस्वती मंडल बशौणा दुर्गा महिला मंडल व लक्ष्मी महिला मंडल तुनीसेरी आदि सभी लोग काहिका बनाने में सहयोग कर रहे हैं।

# राजेंद्र बने एनएचपीसी के अस्थायी अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, सैंज।** राजेंद्र प्रसाद गोयल को अस्थायी तौर पर एनएचपीसी में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्ति मिली है। लिहाजा, पार्वती प्रोजेक्ट में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनकी नियुक्ति पर बधाई दी है। एनएचपीसी के मुख्यालय फरीदाबाद में निदेशक (वित्त) के पद पर कार्यरत राजेंद्र प्रसाद गोयल को निगम ने 1 जुलाई को भारत सरकार के नवरत्न उद्यम में अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। पार्वती प्रोजेक्ट चरण-2 के ग्रुप महाप्रबंधक प्रभारी रंजीत सिंह ने बताया कि राजेंद्र प्रसाद गोयल ने कंपनी के प्रति अत्यधिक उत्तरदायित्व, नैतिकता और समर्पण की प्रबल भावना से अपने प्रोफेशनल करियर में उत्तरोत्तर प्रगति की है, जबकि उनके पास एनएचपीसी में 36 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है।

# 80 सालों से मनाया जा रहा बंजर मेला

## आज होगा दंगल, देश-विदेश के पहलवान बढ़ाएंगे अखाड़े की शोभा

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

भुंतर स्थित शाढ़ाबाई के बंजर में बुधवार को देवता बालक महेश्वर बजौरा, माता हडिंबा व माता कोयला नगवाई के आगमन पर दो दिवसीय मेला शुरू हो गया। आज 3 जुलाई को कुश्ती के आयोजन के साथ मेले का समापन होगा।

मेला कमेटी ने यहां देवी-देवताओं के पधारने पर उनकी विधिवत पूजा की और साथ में देवलुओं का स्वागत किया। हर वर्ष की भांति इस बार भी मेले के साथ दंगल बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। देवी-देवता और यहां पर सजी दुकानें मेले की शोभा बढ़ा रही हैं। मेला एवं कुश्ती कमेटी के प्रधान जगदीश चंद ने बताया कि भुंतर स्थित शाढ़ाबाई बंजर में दो दिवसीय मेले का आगाज विधिविधान के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि यह मेला देवता बालक महेश्वर बजौरा, माता हडिंबा भुंतर व माता कोयला नगवाई के सम्मान में मनाया जाता है। श्रद्धालू देवताओं से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मेले के दूसरे दिन कुश्ती के आयोजन के साथ मेले का समापन होता है। कुश्ती कमेटी की ओर से अखाड़े में दर्शकों को बैठने के लिए अच्छा इंतजाम रहता है। कमेटी द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को उचित ईनाम दिया जाता है। कुश्ती कमेटी बंजर के प्रधान जगदीश व समस्त सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष मेले एवं कुश्ती को सफल बनने में आसपास के क्षेत्र की जानता, गांव वासियों कलैहली मार्केट के तमाम दुकानदारों, मारवल वाले व गुग्गा जाहर पीर हार्डवेयर कलैहली, महिला मंडलों व युवक मंडलों आदि का भरपूर सहयोग रहता है हम सभी का धन्यवाद करते हैं। कमेटी ने सभी पहलवानों व कुश्ती के शौकीनों को सादर आमंत्रित किया है।



बंजर में शुरू हुए मेले में पहुंचे देवता बालक महेश्वर के दर्शनों के लिए पहुंचे भक्त।

# अमिता शमशेर सिंह को अध्यक्ष मीनाक्षी को महासचिव की कमान

**अनंत ज्ञान, मनाली**





रोटरी क्लब मनाली की मंगलवार को बैठक हुई। इसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

सर्वसम्मति से अमिता शमशेर सिंह ठाकुर को रोटरी क्लब मनाली का अध्यक्ष, जबकि मीनाक्षी को महासचिव चुना गया। रोटरी क्लब ने अपना रोटरी वर्ष अन्नपूर्णा दिवस के रूप मे मनाया। पदाधिकरियों व सदस्यों ने सहारा वृद्धा आश्रम क्लाथ में राशन व 315 लीटर का फ्रिज भेंट कर अपना पहला दिन मनाया। अध्यक्ष बनी अमिता शमशेर सिंह ठाकुर व मीनाक्षी ने कहा कि महिलाओं के उत्थान में बेहतरीन कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। अमिता शमशेर सिंह ठाकुर ने कहा कि लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया जाएगा और अधिक से अधिक रक्तदान शिविर लगाने का प्रयास किया जाएगा। अमिता ने कहा कि रोटरी क्लब के सभी सदस्यों के साथ मिलकर समाज के उत्थान में बेहतरीन भूमिका निभाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोट्रेक्ट क्लब के युवा सदस्यों के साथ मिलकर स्वच्छता, पौधरोपण जैसे अभियान चलाए जाएंगे। समाज के जरूरतमंद लोगों की यथासंभव मदद की जाएगी। बैठक में अध्यक्ष बनी अमिता शमशेर सिंह ठाकुर व मजसचिव मीनाक्षी सहित रोटेरियन प्रेम ठाकुर, रोटेरियन प्रवीण आचार्य, आरटीएन गजेंद्र ठाकुर, आरटीएन अजय अबरोल, आरटीएन अनुराग सूद, आरटीएन विनीत मेहंदीरत्ता, आरटीएन, अनिला डाबरा, आरटीएन अलका चौहान और आरटीएन कुंगा ढेफेल ने अपने अपने विचार रखे।

**दौरा** पतलीकूहल सब्जी मंडी बनकर तैयार, उद्घाटन का इंतजार

# उद्घाटन में देरी से बागवान परेशान

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** पतलीकूहल सब्जी मंडी भवन बनकर तैयार हो गया है और अब घाटी के बागवानों को उद्घाटन का इंतजार है।

कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने सरकार से आग्रह किया कि पतलीकूहल सब्जी मंडी का सेब सीजन शुरू होने से पहले विधिवत उद्घाटन किया जाए। बुधवार को कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने सब्जी मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आढ़तियों से भी मुलाकात की। शर्मा ने आदर्श सब्जी पतलीकूहल के कार्य पर खुशी जताते हुए सरकार और विधायक भुवनेश्वर गौड़ का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी लगभग बनकर तैयार है, लेकिन इसके औपचारिक उद्घाटन में हो रही देरी के कारण क्षेत्र के बागवानों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। प्रेम शर्मा ने बताया कि मंडी का उद्घाटन न होने के कारण नवनिर्मित दुकानें अभी तक आढ़तियों को आवंटित नहीं की गई हैं। इससे आढ़ती फिलहाल अपने हिसाब से दुकानें चला रहे हैं, जिससे किसानों और बागवानों को शौचालय और पीने के पानी जैसी आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। यह स्थिति विशेष रूप से सेब सीजन के दौरान बागवानों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन सकती है। शर्मा ने जोर देकर कहा कि कृषि उपज एवं विपणन समिति पतलीकूहल सब्जी मंडी के जो भी बचे हुए कार्य हैं, उन्हें शीघ्रता से पूरा करें और बागवानों को असुविधा से बचाने के लिए सेब सीजन से पहले मंडी का उद्घाटन सुनिश्चित करें, ताकि वे सभी उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठा सकें। इस कदम से न केवल बागवानों को राहत मिलेगी, बल्कि मंडी में सुचारु रूप से व्यापार भी हो पाएगा।



पतलीकूहल सब्जी मंडी भवन बनकर तैयार, अब घाटी के बागवानों को उद्घाटन का इंतजार।

# रोटरी क्लब कुल्लू ने नवचेतना संस्था के साथ मिलकर मनाया अन्नपूर्णा दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

नवचेतना स्पेशल स्कूल व चारु फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों को रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा फिल्म सितारे जमीन पर शोभला थियेटर में दिखाई गई।

फिल्म के साथ दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। इसका बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। यह फिल्म दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों व स्कूल के स्टाफ के लिए एक प्रेरणा रही। इस मौके पर शोभला होटल के मैनेजिंग डायरेक्टर भाविक ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। रोटरी क्लब कुल्लू की नवनियुक्त अध्यक्ष रोटेरियन पूजा मलिक का कहना है कि रोटरी क्लब कुल्लू हर वर्ष 1 जुलाई का दिन अन्नपूर्णा दिवस के रूप में इन्हीं दिव्यांग बच्चों के साथ मनाता आया है। रोटरी क्लब कुल्लू नवचेतना संस्था के साथ हमेशा जुड़ा है और निकट भविष्य में भी इनके उत्थान के लिए कटिबद्ध है। इन बच्चों के साथ समय बिताना सच में जनमानस के लिए एक अलग प्रेरणा है।

इस अवसर पर रोटरी क्लब कुल्लू आई हॉस्पिटल के चेयरमैन रोटेरियन इंदीवर मेहता, उनकी धर्मपत्नी, रोटरी क्लब कुल्लू के नवनियुक्त महासचिव राजीव सिंह, क्लब फाउंडर मेंबर रोटेरियन वीके कपूर व रोटेरियन ज्ञान बांगा, रोटेरियन अनुज मलिक, रोटेरियन राजेश सूद, रोटेरियन अमन भल्ला, रोटेरियन मोहित चावला, रोट्रेक्टर दीपक सोनी व उनकी धर्मपत्नी, नवचेतना के सचिव एसआर सरेली विशेष रूप से उपस्थित रहे व उनके साथ मिलकर फिल्म देखी साथ में दोपहर के भोजन का आनंद लिया।




नवचेतना स्पेशल स्कूल व चारु फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों के साथ गणमान्य लोग।

# संसार में कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं: रवि

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली के धार्मिक स्थल सोलंगनाला में आराध्यदेव नाग मंदिर के प्रांगण में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार को कथा व्यास रवि शर्मा ने भगवान कृष्ण के जन्म व लीलाओं की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा वाचक रवि शर्मा ने कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है, जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी, तो संसार गायब हो जाएगा।

प्रश्न यह है कि परमात्मा संसार में घुले-मिले हैं, तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश क्यों नहीं होता। इसका उत्तर यही है कि भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है और बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर भी आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर भी परमात्मा गायब नहीं होते। रवि शर्मा ने कहा कि संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के घरों से माखन चोरी की। इस घटना के पीछे भी आध्यात्मिक रहस्य है। दूध का सार तत्व माखन है। उन्होंने गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया। रवि ने कहा कि प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर भी अपनी धर्म पत्नी रजनी ठाकुर सहित श्रीमद्भगवत कथा सुनने सोलंग नाला पहुंचे।

उन्होंने देवी-देवताओं के दरबार में माथा टेककर सुख-समृद्धि का आशीवार्द लिया। उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा आयोजन करने के लिए आयोजकों को बधाई दी और यथा संभव मदद की बात कही। आयोजक एवं कुल पुरोहित बुद्ध राम शर्मा में पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर का स्वागत किया व धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए आभार जताया।



श्रीमद्भगवद्गीता कथा के चौथे दिन पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर व अन्य लोग कथा सुनते हुए।

# मिड-डे मील के बर्तन चुराने पर चोरों को 5 साल की सजा

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संख्या-1 विकास गुप्ता की अदालत ने पांवटा साहिब में 10 साल पुराने चोरी के मामले में दो युवकों को दोषी करार देते हुए कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी अक्षय उर्फ वोडा और अर्जुन, दोनों गांव माजरा के निवासी हैं। अदालत ने आईपीसी की धारा 457 के तहत 5 साल की कैद और 5,000 जुर्माना तथा धारा-380 के तहत 3 साल की कैद और 2,000 जुर्माने की सजा सुनाई है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। यह मामला 27 नवंबर, 2015 को सामने आया था, जब राजकीय उच्च पाठशाला सैनवाला से मिड-डे मील के बर्तन चोरी हो गए थे। शिकायत स्कूल के मुख्याध्यापक दिनेश कुमार ने दर्ज करवाई थी, जिसके बाद माजरा पुलिस चौकी में एफआईआर संख्या 412/15 दर्ज हुई। एएसआई प्यार सिंह ने मामले की जांच की। 2 दिसंबर, 2015 को माजरा इलाके में वाता पुल के पास पुलिस को सफेद बोरे लेकर जाते दो युवक दिखे, जो पुलिस को देखकर घबरा गए। शक के आधार पर उन्हें पकड़ा गया और तलाशी लेने पर मिड-डे मील के चोरी हुए बर्तन बरामद हुए, जिनकी पहचान स्कूल प्रधानाचार्य ने की।



अदालत में पेश हुए 9 गवाह, न्यायिक प्रक्रिया पूरी मामले में सहायक जिला न्यायवादी गौरव शर्मा ने अभियोजन की ओर से 9 गवाहों के बयान अदालत में दर्ज करवाए। सबूतों और बयानों के आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी पाया। यह फैसला न्यायपालिका की प्रभावशीलता और कानून के सम्मान की पुष्टि करता है।

# बारिश का असर : सिल्ट आने से गिरि, अश्वनी पेयजल परियोजनाएं ठप

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** प्रदेश भर में हुई मूसलाधार बारिश से पेयजल स्रोतों में बड़ी मात्रा में सिल्ट और गंदगी आने से उठाऊ पेयजल योजनाएं भी ठप पड़ गई।

इससे पेयजल योजनाओं पर निर्भर खासकर शहरी क्षेत्रों में पानी की समस्या का संकट खड़ा हो गया है। जिला मुख्यालय सोलन में भी ऐसी ही स्थिति बन गई है, जहां शहर की प्यास बुझाने वाली गिरि और अश्वनी खड्ड में भारी मात्रा में सिल्ट और गाद आने से पेयजल योजनाएं ठप हो गई हैं। गाद के कारण गिरि और अश्वनी पेयजल योजनाओं से पानी की लिस्टिंग बंद होने से शहरवासियों को चार दिन से पेयजल नहीं मिला। यदि कहीं पानी आया भी है, तो वह मटमैला है, जो पीने योग्य नहीं है। ऐसे में यदि मौसम के मिजाज ऐसे ही बने रहे तो आने वाले दिनों में पेयजल संकट गहरा जाएगा। अब, अश्विनी पेयजल योजना से सोलन शहर के लिए मांग अनुसार पानी नहीं मिल रहा है, जबकि अश्विनी पेयजल योजना को बंद कर दिया गया है। सूरतेहाल ये है कि नगर निगम के पेयजल टैंकों में अब आपात स्थिति लायक ही पानी बचा है। ऐसे में नगर निगम को शहर की प्यास बुझाना चुनौती बन गया है। जानकारी के मुताबिक टैंक रोड के तीन टैंकों में 4 लाख गैलन पानी बचा है, जबकि इसकी स्टोरेज क्षमता करीब 18 लाख गैलन है। नगर निगम को रोज 18 लाख गैलन पानी की जरूरत रहती है, जबकि इनदिनों पेयजल योजनाओं में सिल्ट आने से जल शक्ति विभाग से मात्र 6 लाख गैलन पानी ही मिल पा रहा है। ऐसे में शहर में रोटेशन के आधार पर चार से पांच दिन बाद पेयजल की आपूर्ति होगी। शहर के वार्ड-4 के चंबाघाट, फॉरेस्ट कॉलोनी, मोहन पार्क, अल्पाइन अपार्टमेंट, कपूर नर्सिंग होम, बेर खास, मोहन कॉलोनी और ब्रुरी में ही पेयजल की आपूर्ति हो पाई। दरसल गिरि नदी में बारिश के कारण आ रही गाद के चलते पर्याप्त मात्रा में पानी की लिफ्टिंग नहीं हो पा रही है। निगम को जल शक्ति विभाग के मुताबिक गिरि पेयजल योजना से 4 लाख गैलन और अश्विनी पेयजल योजना से 1.94 लाख गैलन पानी की लिफ्टिंग की गई, जबकि रोटेशन प्रणाली के तहत नगर निगम को 15 से 18 लाख लीटर पानी की आवश्यकता है। क्लब टैंक, लोअर बाजार, लक्कड बाजार, हरी मंदिर, ठोडो ग्राउंड, धोबीघाट, चेला साइड, सन्नी साइड, डिग्री कॉलेज कोटलानाला, पटराल, साइंटिस्ट कॉलोनी, पवन विहार और नेगी कॉलोनी सहित सपरून, क्लीन और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पानी की मांग बढ़ गई है।



प्रदेशभर में हुई मूसलाधार बारिश से गिरि पेयजल योजना में आई सिल्ट।



नगर निगम की आयुक्त एकता कापटा ने बताया कि गिरि नदी में बारिश के कारण सिल्ट आने से गिरि पेयजल योजना से नगर निगम को मांग के मुताबिक पानी नहीं मिल रहा, ऐसे में अब चार से पांच दिन बाद पेयजल की सप्लाई की जाएगी। निगम स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# सिविल अस्पताल अर्की में हुई बीएमओ की तैनाती

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** उपमंडल अर्की के मुख्यालय में स्थित सिविल अस्पताल में आखिरकार बीएमओ की तैनाती हो गई। इससे अब प्रशासनिक कार्यों का जिम्मा संभाल रहे मेडिसिन स्पेशलिस्ट की सेवाएं भी रोगियों को नियमित रूप से मिलेंगी। इसी के साथ ही अस्पताल में आँर्थो स्पेशलिस्ट ने भी ज्वाइन कर दिया है। ऐसे में अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होने की उम्मीद है।

बता दें कि अस्पताल में लंबे समय से बीएमओ के पद सहित ऑर्थो स्पेशलिस्ट और ओपथोलिक असिस्टेंट के पद रिक्त होने के मामले को अनंत ज्ञान ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। बीएमओ की तैनाती से लोगों ने स्थानीय विधायक की कार्यशैली की प्रशंसा की है। साथ ही मुख्यमंत्री का भी आभार व्यक्त किया है। लोगों की मांग है कि अन्य पद भी तुरंत भरे जाएं। अभी तक कार्यकारी बीएमओ का कार्य संभाल रहे डॉक्टर को प्रशासनिक व फाइनेंशियल कार्य में व्यस्त रहना पड़ता था। इसके साथ ही प्रतिदिन कोई न कोई शिविर या बैठक चली

अनंत ज्ञान खबर का असर

रहती है। इसके चलते उक्त चिकित्सक अस्पताल आए मरीजों को पूर्ण समय नहीं दे पा रहे थे।

वहीं, आँर्थो स्पेशलिस्ट के आदेश हुए दो माह हो गए हैं, लेकिन अभी तक उसके द्वारा ज्वाइन न करने के चलते यह पद रिक्त था, जबकि अस्पताल से ओपथोलिक असिस्टेंट को स्थानांतरित हुए लगभग दो वर्ष हो गए है, लेकिन आजतक यह पद भी रिक्त पड़ा है, जिस कारण अस्पताल में आंखों की जांच को आने वाले मरीजों को भटकना पड़ता है। अर्की अस्पताल में प्रतिदिन मेडिसिन की 300, नाक कान की 60, सर्जरी की 45, पेट संबंधित रोग की 35, आंखों के रोग की 45, स्किन रोग की 165 व गायनी की 230 की कुल मिलाकर 880 ओपीडी होती है। इसमें सबसे ज्यादा मेडिसिन की ओपीडी होती है। स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की कमी से अर्की अस्पताल में आने वाले रोगियों को शिमला रेफर कर दिया जाता था।

## न्यूज ब्रीफ

### मुकुल ने संभाला एसएचओ दाड़लाघाट का पदभार

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** मुकुल शर्मा ने एसएचओ दाड़लाघाट थाना का पदभार संभाल लिया है। दाड़लाघाट से पहले मुकुल शर्मा नालागढ़, लाहौल-स्पीति, कुनिहार थानों में सेवाएं दे चुके हैं। पुलिस थाना प्रभारी मुकुल शर्मा ने कहा कि उनकी प्राथमिकताओं में इस क्षेत्र में नशे का अवैध कारोबार खत्म करना रहेगा। वहीं ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त अभियान चलाया है। इस अभियान को दाड़लाघाट में और तेज किया जाएगा। पुलिस और जनता के बीच से प्रभावित लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार पर अधिक ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि कानून और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर रखने में पुलिस का सहयोग करें।

### धर्माणी आज सोलन जिले के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा तथा व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 3 जुलाई को सोलन जिले के प्रवास पर होंगे। राजेश धर्माणी 3 जुलाई को 12 बजे सोलन के वाकनाघाट स्थित बाहरा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम 'सितारे हिमाचल के सम्मान-2025' में मुख्यातिथि होंगे।

### छह दशक पुराना निरीक्षण कुटीर चढ़ा अग्नि की भेंट

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ ब्लॉक के दूरदराज गांव ठंडीधार में वर्ष-1965 में वन विभाग द्वारा निर्मित निरीक्षण कुटीर जलकर राख हो गया। वन उपअरण्यपाल राजगढ़ ने बताया कि किसी अज्ञात शरारती तत्व ने वन विभाग की इस छह दशक पुरानी धरोहर को रात्रि में करीब साढ़े 12 बजे आग लगाकर नष्ट कर दिया। अतीत में वन विभाग के अतिरिक्त इस क्षेत्र के प्रवास पर आने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए रात्रि को ठहरने का एक मात्र स्थान उपलब्ध था। वन विभाग द्वारा इस निरीक्षण कुटीर का उपयोग वर्तमान में ठंडी धार बीट की वन रक्षक चौकी के रूप में किया जा रहा था। ठंडीधार बीट में कार्यरत वन रक्षक फूला राम इसमें रह रहे थे। यह वन निरीक्षण कुटीर राजगढ़ वन मंडल के हाब्बन रेंज के अंतर्गत आता है। आगजनी वाले दिन बीट प्रभारी फूला राम पौधरोपण के लिए पौधे लाने हाब्बन नर्सरी गए था और वापसी में रात्रि गश्त पर थे। निरीक्षण कुटीर की देखभाल के लिए कुटीर में ठंडीधार बीट में कार्यरत वन मित्र अंबिका ठाकुर को रखा गया था, जो कि आग लगने के समय निरीक्षण कुटीर में मौजूद थी। आग लगने से किसी भी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ है। आग के कारण पूरा वन निरीक्षण कुटीर जल कर राख हो गया है। जिसकी रिपोर्ट पुलिस चौकी फटीफटेल पझौता में दर्ज करवा दी गई है। आगजनी के बारे पुलिस और विभाग द्वारा गहनता से जांच की जा रही है।

### डॉ. नरेंद्र राणा और दीपिका शर्मा होंगे सम्मानित

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** संस्कृत सेवा सम्मान पुरस्कार राज्य की संस्कृत शिक्षक परिषद हिमाचल प्रदेश द्वारा संस्कृत अध्यापिका दीपिका शर्मा और डॉ. नरेंद्र राणा को उनकी विशिष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा। दीपिका शर्मा ने संस्कृत विषय में एमए, एमफिल की पढ़ाई रेगुलर एचपीयू शिमला से की है। साथ में दीपिका शर्मा ने डीएलएड और बीएड की डिग्री भी प्राप्त की है। उन्होंने महर्षि याज्ञवल्कय के अनुसार विवाह एक विवेचन पर भी लघु शोध पत्र लिखा है, अभी दीपिका शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला त्रिलोकपुर में शास्त्री के पद पर कार्यरत हैं। वहीं, संस्कृत के विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र राणा को उनकी विशिष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने संस्कृत विषय में पीएचडी यूजीसी नेट सेट और टेट परीक्षाएं उत्तीर्ण की है। उन्होंने संस्कृत प्रतियोगी अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण संस्कृत प्रतियोगिता पुस्तक भी लिखी है।

### सनवारा टोल टैक्स को अस्थायी बंद किया जाए

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** परवाणू से सोलन के बीच सड़क खराब है। इसके बावजूद सनावारा में टोल टैक्स लिया जा रहा है। इस टैक्स लेने की प्रक्रिया को फोरलेन सड़क के ठीक होने तक अस्थायी तौर से बंद किया जाए। यह मांग चायल होटल एसोसिएशन ने डीसी सोलन को लिखे एक पत्र में की। चायल होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष देविंद्र वर्मा ने बताया कि उन्होंने होटल एसोसिएशन शिमला और किन्नौर से भी इस बारे ऑनलाइन बैठक की। इसमें परवाणू से सोलन सड़क के खराब होने बारे चर्चा की गई। सड़क जगह-जगह पर खराब है और चक्की मोड़ की हालत तो और अधिक खराब है। इससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। एक अन्य मांग में फास्टैग प्रणाली लागू करने की मांग की गई है। इससे जो गैर हिमाचली वाहनों से टोल टैक्स लिया जाता है, उसे पारदर्शिता और सुविधा मिलेगी। उन्होंने डीसी सोलन से इस बारे जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।

### मेघा जागरूकता शिविर आगामी आदेशों तक स्थगित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला श्रम कल्याण अधिकारी ने बताया कि सिरमौर जिले में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य कामगार कल्याण बोर्ड कार्यालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले मेघा जागरूकता शिविर, जोकि 5 जुलाई, को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह शिलाई, 6 जुलाई को ज्ञान चंद गोयल, धर्मार्थ भवन पांवटा साहिब, 7 जुलाई को विकास खंड कार्यालय नाहन में आयोजित किए जाने थे। इन शिविरों को अत्यधिक बारिश के मद्देनजर आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। भविष्य में जब भी मेघा जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा, तो उस जागरूकता शिविर की तिथि और स्थान की जानकारी अग्रिम रूप से दी जाएगी।

### बिंदल को भाजपा अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल को पुनः हिमाचल प्रदेश भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर समिट इंडिया के हिमाचल प्रदेश कंनवीनर कुंदन लाल जुनेजा ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। जारी बयान में कुंदन लाल जुनेजा ने कहा कि डॉ. बिंदल का संगठनात्मक अनुभव, मजबूत नेतृत्व क्षमता और जनता से जुड़ाव पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में प्रदेश भाजपा को मजबूती मिलेगी। जुनेजा ने यह भी कहा कि डॉ. बिंदल हमेशा जनसेवा और संगठन की मजबूती के लिए कार्यरत रहे हैं और उनका अनुभव पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। डॉ. राजीव बिंदल की नियुक्ति से प्रदेश भाजपा में उत्साह की लहर है और भाजपा कार्यकर्ता नए जोश के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति प्रदान करेंगे।

# बाइक सवार से 196 प्रतिबंधित कैप्सूल पकड़े

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस ब्लॉक में बहराल बैरियर के पास नाकाबंदी के दौरान पांवटा पुलिस टीम ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर बीती शाम एक मोटरसाइकिल सवार के कब्जे से 196 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किए हैं। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया है। एसपी ने बताया कि आरोपी जसविंद्र सिंह निवासी गांव रामपुर माजरी डा. गिरीनगर नंबर एचपी 17-3998 जो यमुनानगर की तरफ से आ रहा था, उसको रुकने का ईशारा किया, तो वह पुलिस को देखकर घबरा गया और इसी बीच मोटरसाइकिल को पीछे की तरफ मोड़ते हुए भागने की कोशिश करने लगा। एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर ही मोटर साईकिल सहित आरोपी को काबू किया। तलाशी के दौरान जसविंद्र सिंह के कब्जे से 196 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# चिट्टा तस्करी की फाइनेंसियल इन्वेस्टीगेशन में आरोपियों की 60 लाख की संपत्ति जब्त

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला सोलन पुलिस द्वारा नशे के कारोबार में संलिप्त आरोपियों द्वारा नशा तस्करी से अर्जित की गई अवैध संपत्तियों की फाइनेंसियल इन्वेस्टीगेशन की प्रक्रिया लगातार जारी है।

इसी कड़ी में जिला पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस थाना सदर सोलन में दर्ज एक मामले में की जा रही फाइनेंसियल इन्वेस्टीगेशन के दौरान उक्त मामले में संलिप्त 2 आरोपियों/सहयोगियों की लगभग 60 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई हैं। इसमें रिनोवेटेड मकान, रेजिडेंशियल प्लॉट्स, लग्जरी गाड़ी व बैंक अकाउंट्स आदि शामिल हैं। एसपी गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक 2 अप्रैल, 2025 को जब पुलिस थाना सदर सोलन की पुलिस टीम सोलन शहर में गश्त व अपराधी की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि केएफस से दोहरी दीवार की तरफ फोरलेन बाइपास की तरफ दो युवक प्रदीप व मोहित घूम रहे हैं। इसमें से एक युवक प्रदीप ने खाकी वर्दी धारण की है, जो उक्त दोनों युवक सोलन शहर में चिट्टा/हेरोईन की बेचने की फिराक में है। इस सूचना पर पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त दोनों युवकों, जिनके नाम प्रदीप कुमार पुत्र मागे राम निवासी तह. कलायत जिला कैथल हरियाणा उम्र 40 वर्ष व मोहित पुत्र सुशील कुमार निवासी डाखा व तह. कलायत जिला कैथल हरियाणा उम्र 21 वर्ष मालूम हुए उनको काबू करके कुल 157 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

जांच के दौरान पाया गया कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक आरोपी प्रदीप कुमार हरियाणा पुलिस का कर्मचारी है, जो कैथल जिला में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात है तथा वे लोग चिट्टा बेचने के लिए हरियाणा से हिमाचल आए थे, जो यह चिट्टा बेचने के लिए शिमला जिले के नारकंडा गए हुए थे, लेकिन वहां पर चिट्टे की हाई रेट की, जब बात न बनी तो यह चिट्टा सप्लाई करने के लिए सोलन आ गए, जिनको सोलन पुलिस टीम द्वारा सूचना मिलने पर इन दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पुलिसकर्मी काफी समय से चिट्टा तस्करी में संलिप्त है और यह हिमाचल में ज्यादातर शिमला जिले में ही चिट्टा सप्लाई करता था, जब भी वह चिट्टा की सप्लाई करता था, तो वर्दी पहन लेता था, जिससे कि स्थानीय पुलिस भ्रमित होकर उसको न पकड़ पाए। इस अभियोग की आगामी जांच की गई तथा इस चिट्टा की खेप के सप्लायर आरोपी के बारे में पता लगाया गया, जो भौतिक और तकनीकी साक्ष्यों के अन्वेषण के दौरान पाया गया कि गिरफ्तार आरोपियों के साथ उक्त मामले का सप्लायर आरोपी जो हरियाणा का रहने वाला है, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा संलिप्त आरोपी सोनू हरियाणा उम्र 30 वर्ष को सोलन पुलिस की टीम द्वारा भिवानी हरियाणा में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से इसकी टाटा नेक्सॉन गाड़ी भी जब्त की गई। इसमें पाया गया कि सोनू चिट्टा/हेरोइन की तस्करी की कमाई से अपने व अपनी माता के नाम पर मकान, रेजिडेंशियल प्लॉट्स, गाड़ी व नकदी अर्जित की है। अन्वेषण के दौरान पाया गया कि आरोपी सोनू ने अपने गांव कलायत में रिहायशी मकान का नवीनीकरण करवाया तथा अपनी माता के नाम पर 2 प्लाट खरीदे तथा भारतीय जीवन बिमा की 2 पोलिसी बनाई। इनकी कुल कीमत करीब 60 लाख रुपए है।

# कर्मचारी से मारपीट करने पर भाजपा ने अनिरुद्ध को बर्खास्त करने की मांग की

**अनंत ज्ञान, नाहन**

प्रदेश में कैबिनेट मंत्री अनिरुद्ध सिंह द्वारा एक एनएचएआई कर्मचारी के साथ कथित मारपीट का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है।

इस घटना को लेकर भाजपा ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला और मंत्री अनिरुद्ध सिंह को मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त करने की मांग की है।

जिला सिरमौर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विनय गुप्ता और प्रदेश भाजपा सचिव मनीष चौहान ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर मंत्री अनिरुद्ध सिंह की निंदा की। विनय गुप्ता ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के साथ इस तरह की अभद्रता और मारपीट से देवभूमि हिमाचल की छवि पूरे देश में खराब हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री अनिरुद्ध सिंह अपनी नाकामियों का ठीकरा अधिकारियों के सिर फोड़ रहे हैं और अब तो बेलगाम मंत्री कर्मचारियों को भी नहीं बख्श रहे हैं। मनीष चौहान ने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि कैबिनेट स्तर के मंत्री के इस कृत्य से प्रदेश भर के कर्मचारियों में भारी रोष है।



उन्होंने कहा कि यह घटना प्रदेश सरकार के कर्मचारी हितैषी होने के दावों की पोल खोलती है, क्योंकि सरकार का ही एक मंत्री कर्मचारियों के साथ ऐसा व्यवहार कर रहा है। भाजपा के इन वरिष्ठ नेताओं, विनय गुप्ता और मनीष चौहान ने मुख्यमंत्री से कड़ा आग्रह किया कि मंत्री अनिरुद्ध सिंह को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए और उन पर कानूनी कार्रवाई की जाए। भाजपा नेताओं का कहना है कि इस मामले में सख्त कार्रवाई न होने से गलत संदेश जाएगा और कर्मचारियों का मनोबल गिरेगा।

# कर्मियों के साथ व्यवहार चौंकाने वाला: विवेक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध द्वारा मारपीट का जो मामला नेशनल हाईवे अथॉरिटी के कर्मचारियों के साथ आया है, वह बेहद चौंकाने वाला है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को पत्र लिखा है। पीड़ित एवं घायल टेक्निकल प्रबंधक के बयान के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित मार्गों की दूरी अगर 30 मीटर से अधिक है, उसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्रबंधन उत्तरदायी नहीं है। जो मूल विवाद और चर्चा का विषय होना चाहिए, लेकिन हिमाचल सरकार के मंत्री रोडरेज (सड़क मारपीट) विवाद की घटना की तरह व्यवहार कर रहे हैं, जबकि शिमला में एक भवन का गिर जाना गंभीर विषय है, जो पूरे हिमाचल प्रदेश ही नहीं, भारत के समस्त 9 पहाड़ी राज्यों की व्यवस्था को प्रभावित करता है, जबकि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश की 3डी जीपीएस मैपिंग करवा रही है, जो भूमि कटाव से लेकर खड़े पहाड़ों के निर्माण की भौगोलिक स्थिति को स्पष्ट करेगा।

# आरोपियों की गिरफ्तारी को किया थाने का घेराव

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

नालागढ़ के राजपुरा में युवक को तेजधार हथियार से काटकर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर परिजनों ने पुलिस थाना नालागढ़ का घेराव किया। पीजीआई चंडीगढ़ में जिंदगी और मौत से जूझ रहे पीड़ित प्रवीण के परिजनों ने पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई। युवक प्रवीण कुमार पर गांव के ही दो हमलावरों ने तेजधार हथियारों से जानलेवा हमला किया, जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

हमले के बाद से आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के कारण गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को कड़ा संदेश देते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही आरोपियों को पकड़ा न गया, तो वे संवैधानिक अधिकारों के तहत धरना-प्रदर्शन, थाने का घेराव और सड़क जाम जैसे कदम उठाएंगे। प्रवीण की पत्नी की बहन ने बताया कि हमलावरों ने पिछले एक सप्ताह तक प्रवीण की रेकी की थी। घटना के दिन जब वह राजपुरा-खेड़ा मार्ग पर अपने नौकर को लेने जा रहा था तो हमलावरों ने घात लगाकर उस पर तेजधार हथियारों से हमला किया। हमलावर उसे बेहोशी की हालत में मरा हुआ समझकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने प्रवीण को तुरंत नालागढ़ के सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे पीजीआई रेफर कर दिया। वर्तमान में प्रवीण पीजीआई के आईसीयू में भर्ती है, जहां उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। डॉक्टरों के अनुसार अगले कुछ घंटे उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि हमलावरों की धमकियों के कारण उनका परिवार और पूरा गांव दहशत में है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावर अब भी फोन पर धमकियां दे रहे हैं, जिससे परिवार की सुरक्षा को गंभीर खतरा है। प्रवीण के भाई विक्की धीमान ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने उन्हें जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है, लेकिन यदि पुलिस त्वरित कार्रवाई नहीं करती, तो ग्रामीण सड़कों पर उतरकर बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। नालागढ़ के डीएसपी भीष्म ठाकुर ने बताया कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कहा हमने पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया था, जिसे हाई कोर्ट से जमानत मिल गई अन्य मुख्य आरोपी कर्मजीत की तलाश में पुलिस टीमें विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



हमला कर फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए थाने का घेराव करने पहुंचे पीड़ित के परिजन।

**आयोजन** संजय अवस्थी ने अर्की में लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में जनता को किया संबोधित

# जन-जन का जीवन सरल बनाना सरकार का उद्देश्य

**अनंत ज्ञान, अर्की**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए गांव-गांव पहुंच रही है।

उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि जन-जन का जीवन सरल बनाना ही प्रदेश सरकार का उद्देश्य है। संजय अवस्थी सोलन जिले के अर्की में लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के ऊर्जावान नेतृत्व में समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। किसानों की आर्थिकी को सुदृढ़ बनाने के लिए गेहूं, मक्की तथा हल्दी का समर्थन मूल्य तय किया गया है, जिससे सभी किसान लाभान्वित हो सकें। संजय अवस्थी ने लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, बिजली बोर्ड और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के समय सभी गांव की सभी सड़कों को सुचारू रखा जाए, ताकि किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को बरसात के दृष्टिगत स्थान न छोड़ने के निर्देश भी दिए। विधायक ने कहा कि भारी वर्षा से होने वाली क्षति की दैनिक सूचना एकत्र व प्रेषित करने के लिए उपमंडलाधिकारी कार्यालय अर्की में उपमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 01796-220666 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि विधानसभा क्षेत्र अर्की के किसी भी स्थान पर बरसात से यदि कोई नुकसान होता है, तो हेल्पलाइन नंबर पर इसकी सूचना दें। विधायक ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को इनके जल्द निपटारे के निर्देश दिए। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश कश्यप, बाघल लैंड लूजर सोसायटी के अध्यक्ष जगदीश ठाकुर, युवा कांग्रेस अर्की के अध्यक्ष सतीश कुमार विक्की, कांग्रेस पार्टी के प्यारेलाल, कमलेश शर्मा, धनीराम ठाकुर, उपमंडलीय पुलिस अधिकारी दाड़लाघाट संदीप शर्मा, तहसीलदार अर्की विपिन वर्मा आदि मौजूद रहे। खंड विकास अधिकारी कुनिहार तन्मय कंवर, खंड चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. मुक्ता रस्तोगी, जल शक्ति विभाग के अधीशाषी अभियंता विवेक कटोच, प्रदेश बिजली बोर्ड के अधीशाषी अभियंता संदीप कुमार, लोक निर्माण विभाग के अधीशाषी अभियंता राजेश शर्मा, वन मंडलाधिकारी कुनिहार राजकुमार, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।



अर्की के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में लोगों की समस्याएं सुनते अर्की के विधायक संजय अवस्थी।

# अमरनाथ यात्रा के दोमेल बालटाल पर लगेगा शिव-गौरी सेवा मंडल भंडारा

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

हिमाचल प्रदेश की एक मात्र हर वर्ष ऐतिहासिक अमरनाथ यात्रा में शुरू से समापन तक भंडारा लगाने वाली शिव गौरी सिद्ध सेवा मंडल द्वारा वीरवार को भंडारा सुचारू रूप से शुरू हो जाएगा।

इसकी सभी तमाम तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। संस्था के प्रधान रामलोक चौधरी ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस साल भी यहां पर शेड स्थापित कर सारी सुविधाओं के साथ यात्रा, जो 3 जुलाई से शुरू हो रही है, इसके लिए भंडारा शूरू कर दिया जाएगा। यात्रियों के लिए तमाम यात्रा से संबधित सुविधाएं उपलब्ध करवा दी गई हैं। भंडारा यात्रा समाप्ति तक करीब डेढ़ माह तक चलेगा। इसमें समयनुसार वस्त्र, शौचालय, भोजन, नहाने और ठहरने का पूर्ण प्रबंध किया गया है। इस बार यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में बहुत उत्साह है। पवित्र गुफा के लिए जाने वाला रास्ता बहुत आसान हो गया है और उसे चौड़ा भी किया गया है। इस भंडारे से मात्र 12 किलोमीटर गुफा की दूरी है। इस मार्ग में जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा बेहतर सुविधाएं प्रदान की गई हैं। सुरक्षा की दृष्टि से भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पहले दिन पवित्र हिमशिवलिंग के दर्शन के लिए बहुत संख्या में लोग पहुंचे है। यहां पर कई अन्य राज्यो हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ के करीब पांच दर्जन से अधिक भंडारे लगे हुए हैं। 3 जुलाई को पूजा-अर्चना कर पूर्णाहुति डाली जाएगी, फिर भोले भगवान को भोग लगा कर भंडारा सुचारू रूप से शुरू कर दिया जाएगा।



पंडाल स्थल पर मौजूद शिव गौरी सिद्ध सेवा मंडल।

## न्यूज ब्रीफ

### कान की बाली झपटकर भागे दो एक्टिवा सवार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** महिला की कान की बाली झपट कर भागे दो एक्टिवा सवार स्नेचरों में से एक झपटमार को लोगों की भीड़ ने पकड़ लिया। आरोपी से छीनी सोने की बाली भी बरामद कर ली और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी झपटमार की पहचान जतिंदर निवासी डडुआ चंडीगढ़ के रूप में हुई है। उसका साथी फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश जारी है। आरोपी के खिलाफ थाना मटौर में बीएनएस की धारा 304, 317(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां वह दो दिन के पुलिस रिमांड पर है। मूल रूप से नेपाल और फेज-3बी1 में किराये पर रहती विष्णु पुरी ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि वह कोठी में खाना बनाने का काम करती है। सोमवार को शाम करीब साढ़े 6 बजे वह कोठी से खाना बनाकर अपने घर पैदल आ रही थी, जब वह कोठी नंबर 2021 के सामने पहुंची, तो पीछे से आए दो लड़के, जोकि एक्टिवा पर सवार थे और हेलमेट पहने हुए थे, उसके पास आकर एक्टिवा धीरे कर ली। पीछे बैठे युवक ने उसके कान में डाली सोने की बाली को झपट लिया, जिस कारण कान का मास फट गया और खून बहने लगा। एक्टिवा सवार बाली छीनकर मौके से फरार हो गए। उसने शोर मचाया तो कुछ लोगों ने झपटमारों का पीछा किया। कुछ दूर जाकर फेज-3बी1 के सरकारी स्कूल के पास पीछा कर रहे लोगों ने एक्टिवा के पीछे बैठे युवक को पकड़ लिया, जबकि उसका साथी एक्टिवा लेकर मौके से फरार हो गया। आरोपी से छीनी हुई सोने की बाली भी बरामद कर ली। आरोपी ने अपनी पहचान जतिंदर बताई, जोकि मूल रूप से बिहार का रहने वाला है और डडुआ चंडीगढ़ में किराये पर रहता है।

### पंजाब विवि में ओपन एयर जिम का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब विश्वविद्यालय में बुधवार को स्थानीय क्षेत्र पार्षद सचिन गालव द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में नए ओपन एयर जिम का उद्घाटन सांसद मनीष तिवारी द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों और स्थानीय निवासियों के बीच स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देना है। यह जिम सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत विकसित किया गया है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर एचएस लक्की, अध्यक्ष चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी और प्रो. रेनू विग, कुलपति पंजाब विश्वविद्यालय, मुख्य रूप से उपस्थित रहे और दोनों ने तिवारी के साथ मिल कर इस सुविधा को समुदाय को समर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान एक पौधरोपण अभियान भी आयोजित किया गया, जो सतत विकास और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का प्रतीक था। सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि 'यह देखकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि सांसद निधि के माध्यम से लोगों के हित में विकास कार्य किए जा रहे हैं। एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान में ओपन एयर जिम की स्थापना न केवल विद्यार्थियों, बल्कि आसपास के निवासियों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी। मैं पार्षद सचिन गालव को इस पहल के लिए बधाई देता हूं और पंजाब विश्वविद्यालय को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं।

### बायोमेट्रिक अपडेट के लंबित होने पर चिंता जताई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ यूटी के मुख्य सचिव राजीव कुमार ने यूटी सचिवालय में चंडीगढ़ प्रशासन और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सभी विभाग प्रमुखों के साथ आधार प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। चंडीगढ़ यूटी में 100 आधार संतृप्ति प्राप्त करने के महत्व पर जोर देते हुए, बैंकों और स्कूली शिक्षा सहित सभी विभागों को जल्द से जल्द सभी आधार नामांकन केंद्र सक्रिय करने और उपलब्ध संसाधनों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लंबित होने पर चिंता व्यक्त की, जो 5 और 15 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर किया जाना है और निर्देश दिए कि इस उद्देश्य के लिए सभी सरकारी और निजी स्कूलों में शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने आधार से संबंधित सेवाओं को लोकप्रिय बनाने पर भी जोर दिया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा माता-पिता और अभिभावकों को अपने बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है।

### रेलवे पुल उड़ाने वाला वांछित नक्सली गिरफ्तार

**एजेंसी, नवादा।** बिहार में नवादा जिले के सिरदला थाना क्षेत्र अंतर्गत खरौंध रेलवे स्टेशन के निकट बना रहे रेलवे पुल को उड़ाने के आरोप में वर्षों से फरार कुख्यात उग्रवादी इंदल गिरी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। नवादा पुलिस तथा पटना से पहुंची एसटीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से गिरफ्तारी की। इस कांड में संलिप्त 6 अभियुक्तों की गिरफ्तारी पूर्व में ही की जा चुकी है। वर्ष 2016 में इंदल गिरी अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर सिरदला थाने के अंतर्गत निर्माणाधीन खारौंध रेलवे पुल को क्षतिग्रस्त करने एवं पुलिस बल पर फायरिंग करने का आरोपी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में फरार पटना जिले के रागनियां डीह के निवासी इंदल गिरी को गिरफ्तार उनके गांव से ही कर लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### संसद सुरक्षा चूक मामले में नीलम और कुमावत को मिली जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** 13 दिसंबर 2023 को संसद में हुई सुरक्षा चूक के मामले में आरोपी नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत मिल गई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को नीलम आजाद और महेश कुमावत की जमानत पर अपना फैसला सुनाया। हालांकि, अदालत ने आरोपियों को जमानत देने के साथ कुछ शर्तें भी लगाई हैं। मामले में न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने बुधवार को आदेश पारित किया। जमानत देते हुए हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नीलम आजाद और महेश कुमावत जमानत की अवधि के दौरान मीडिया से बातचीत नहीं करेंगे और सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट नहीं करेंगे। इसके अलावा नीलम आजाद और महेश कुमावत दिल्ली नहीं छोड़ेंगे। उन्हें हर सोमवार और बुधवार को संबंधित पुलिस स्टेशन में हाजिरी देनी होगी। (अनंत ज्ञान)



### सोना महंगा हुआ, चांदी में आई गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोना 50 रुपए बढ़कर 97,480 पर पहुंचा, चांदी 1.07 लाख रुपए किलो बिक रही। सोने के दाम में 2 जुलाई को मामूली बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 97,480 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले इसका दाम 97,430 पर था। वहीं चांदी की कीमत 275 रुपए घटकर 1,06,688 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले यह 1,06,963 पर थी। वहीं, 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)



**बाइक बोट स्कीम घोटाला**

### 2800 करोड़ की ठगी में संजय सहित 5 गिरफ्तार

**एजेंसी, रायपुर।** ओला-उबर की तर्ज पर बाइक बोट स्कीम के नाम पर 2800 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के सरगना संजय भाटी, करणपाल सिंह और राजेश भारद्वाज को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 2019 में सिविल लाइन थाने में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में की गई। आरोपियों ने 2017 में मेसर्स गर्विट इनोवेटिव प्रमोटर्स लिमिटेड के नाम से बाइक बोट स्कीम शुरू की थी। इस स्कीम में निवेशकों को प्रति बाइक 62,100 रुपए जमा करने पर हर महीने 9,765 रुपए मुनाफा देने का लालच दिया गया। छत्तीसगढ़ समेत उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, हरियाणा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश में 2 लाख से ज्यादा लोगों से ठगी की गई। रायपुर में 32 से अधिक लोगों से 76 लाख रुपए ठगे गए। इस मामले में संजय भाटी के खिलाफ उत्तर प्रदेश में 150, राजस्थान में 50, मध्य प्रदेश में 6 सहित 7 राज्यों में 200 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। साथ ही, धारा 138 (चेक बाउंस) के तहत 1500 से अधिक मामले दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में दर्ज हैं। संजय भाटी 2018 में बसपा में शामिल हुए थे और 2019 में गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र से बसपा के चुनाव प्रभारी थे। (अनंत ज्ञान)

### सोमालिया में अफ्रीकी संघ का सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त

**एजेंसी, मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु के हवाई अड्डे पर अफ्रीकी संघ का एक छोटा सैन्य विमान बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सोमाली नेशनल न्यूज एजेंसी की एक खबर के अनुसार, अदन अदे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। एजेंसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है और अधिकारी स्थिति का आकलन कर रहे हैं। सोमालिया के अधिकारियों ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। वहीं, इस घटना में हताहतों की संख्या का भी पता नहीं चल पाया है। (अनंत ज्ञान)

---

#### हरियाणा सरकार का पिछड़ा वर्ग कल्याण की दिशा में एक और सशक्त कदम

# शगुन योजना राशि में 10,000 की वृद्धि

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 'मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना' के अंतर्गत दी जाने वाली सहायता राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की है। अब प्रदेश के पिछड़ा वर्ग के पात्र परिवारों को बेटियों के विवाह के अवसर पर 51,000 की शगुन राशि प्रदान की जाएगी, जो पहले 41,000 थी।

मुख्यमंत्री सैनी द्वारा इस प्रस्ताव को स्वीकृति दिए जाने के बाद यह योजना पिछड़ा वर्ग कल्याण के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित हो रही है। सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है –कोई भी परिवार केवल आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटी के विवाह में असहाय न महसूस करे। इस सहायता से न सिर्फ आर्थिक बोझ कम होगा, बल्कि सामाजिक समरसता को भी बल मिलेगा।

राज्य सरकार का यह फैसला न केवल आर्थिक सहयोग का प्रतीक है, बल्कि यह सामाजिक सम्मान, आत्मनिर्भरता और समानता की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। हजारों परिवारों को लाभ मिलेगा, जिससे अपनी बेटियों का विवाह कर सकेंगे। राज्य सरकार की यह योजना केवल वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, सम्मान, और बराबरी के अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में मजबूत कदम है। यह पहल दर्शाती है कि सरकार वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।



**मुख्यमंत्री सैनी ने शगुन राशि में वृद्धि के प्रस्ताव को दी स्वीकृति**

#### किन्हें मिलेगा 51,000 का लाभ

**योजना का लाभ निम्नलिखित पात्र लाभार्थियों को मिलेगा**

- पिछड़ा वर्ग के वे परिवार, जिनकी वार्षिक आय` 1.80 लाख या उससे कम है और जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं।
- महिला खिलाड़ी, जिन्हें उनकी स्वयं की शादी के समय सामाजिक प्रोत्साहन स्वरूप 51,000 की सहायता दी जाएगी।
- दिव्यांग जोड़े, जिनमें पति या पत्नी में से कोई एक दिव्यांग हो।

#### इन वर्गों को मिल रहा पहले से लाभ

- अनुसूचित जाति , विमुक्त जाति और टपरीवास समुदाय के पात्र परिवारों को 71,000 की शगुन राशि दी जाती है।
- विधवा, तलाकशुदा, अनाथ या बेसहारा महिलाएं, जो पुनर्विवाह कर रही हैं (यदि पहली शादी के समय योजना का लाभ नहीं लिया गया हो), उन्हें 51,000 की सहायता दी जाती है।
- दोनों दिव्यांग नवविवाहित जोड़े को भी 51,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

#### सरल और पारदर्शी आवेदन प्रक्रिया

**योजना** का लाभ लेने के लिए विवाह की तिथि से 6 माह के भीतर विवाह पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पूरी आवेदन प्रक्रिया डिजिटल, पारदर्शी और सरल बनाई गई है, ताकि राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के पात्र लाभार्थी बिना किसी बाधा के इस योजना से जुड़ सकें। पात्र लाभार्थी पोर्टल पर जाकर योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## राइट टू सर्विस का उल्लंघन करने पर अधिकारी को लगा 5 हजार का जुर्माना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने एमएसएमई विभाग के डीओ–कम–सीनियर अकाउंट ऑफिसर पर 5 हजार रुपए का प्रतीकात्मक जुर्माना लगाया है। आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि आयोग ने फरीदाबाद की एक एमएसएमई इकाई को वित्तीय सहायता के वितरण में हुई अत्यधिक देरी को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों की भूमिका पर कड़ी टिप्पणी की है और आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि यह मामला 24 दिसंबर 2024 को जिला कार्यालय में दाखिल हुआ था, परंतु आयोग द्वारा 20 मई 2025 को नोटिस जारी किए जाने के बाद ही इसमें त्वरित कार्रवाई संभव हो सकी और 30 मई 2025 को राशि का वितरण हो पाया।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह मामला केवल वितरण से संबंधित नहीं था, बल्कि इसमें अनुमोदन, स्वीकृति और वितरण तीनों चरण शामिल थे, जिनकी कुल समय–सीमा 66 कार्य दिवस निर्धारित है। इसके बावजूद 2 लाख रुपये की मामूली सहायता राशि के वितरण में लगभग पांच माह का समय लग गया, जो किसी भी एमएसएमई इकाई के लिए आर्थिक रूप से हानिकारक है।

आयोग ने इस प्रक्रिया में राजपत्र अधिसूचना की खुली अवहेलना, प्रशिक्षण की कमी तथा मुख्यालय एवं जिला स्तर पर दिशा–निर्देशों के अभाव को चिह्नित किया है। आयोग ने एसजीआरए और एफजीआरए की जिम्मेदारी निभा रहे अधिकारियों द्वारा अधिसूचना के विपरीत कार्य करने को अवैध करार दिया है ।

आयोग ने एसजीआरए के रूप में कार्य कर रहे अधिकारी द्वारा अपीलों के निस्तारण में दी गई 'अस्पष्ट टिप्पणियों' को भी कानून के उल्लंघन की श्रेणी में माना है और उन्हें चेतावनी जारी की है। फरीदाबाद के एमएसएमई विभाग के संयुक्त निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जबकि डीओ–कम–सीनियर अकाउंट ऑफिसर पर 5 हजार का प्रतीकात्मक जुर्माना लगाया गया है।

## मनीमाजरा क्षेत्र में अवैध कब्जों पर चला पीला पंजा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

प्रशासन ने आज मनीमाजरा क्षेत्र में अवैध कब्जों को हटाने के लिए सफल अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य वर्षों से अवैध रूप से कब्जाई गई सरकारी भूमि को पुनः प्राप्त करना था। यह कार्रवाई उप-मंडल मजिस्ट्रेट (पूर्व) के निकट पर्यवेक्षण में, स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से की गई।

उल्लेखनीय है कि यह भूमि, जो लगभग 38 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है, वर्ष 1998 में सार्वजनिक उपयोग के लिए चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा विधिक रूप से अधिग्रहित की गई थी। समय के साथ इस भूमि के लगभग 1.5 एकड़ क्षेत्र पर अवैध अतिक्रमण कर अनधिकृत निर्माण किए गए थे, जो प्रचलित कानूनों एवं मानकों का उल्लंघन थे।



न्यायसंगत प्रक्रिया का पालन करते हुए जिसमें वैधानिक नोटिस जारी करना और स्वेच्छा से कब्जा खाली करने के लिए पर्याप्त समय प्रदान करना शामिल था—प्रशासन ने विध्वंस कार्रवाई आगे बढ़ाई। इस दौरान कुल दस अवैध ढांचों को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया गया। अभियान शांति एवं सुव्यवस्था के साथ संपन्न हुआ।

## शराब ठेके से नकदी चोरी कर भागा सेल्समैन गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** सोनीपत जिले के खरखौदा थाना क्षेत्र में शराब ठेके से नकदी चोरी कर फरार हुए दो कारिंदों में से एक को पुलिस ने धर दबोचा है। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर नकद रकम भी बरामद की है।

प्रहलादपुर किडौली निवासी अनिल कुमार ने थाना खरखौदा में 29 जून 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने हलालपुर गांव में शराब का ठेका लिया हुआ है। ठेके पर सौरव यादव व कुलदीप यादव बतौर सैल्समैन कार्यरत थे। 27 जून को ठेके की कुल नकदी एक लाख सात हजार 300 रुपये थी। रात के समय दोनों सैल्समैन नकदी लेकर दुकान पर ताला लगाकर फरार हो गए। पुलिस ने धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## कबड्डी में बेटियों ने जीता स्वण पदक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के विकास एवं पंचायत कृष्ण लाल पंवार, जो हरियाणा एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं, ने उत्तराखंड में 28 जून से 1 जुलाई तक आयोजित प्रथम नेशनल यूथ अंडर–18 बालक एवं बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में पदक जीतने पर खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस प्रतियोगिता में हरियाणा की बेटियों ने स्वर्ण पदक तथा बेटों को रजत पदक अपने नाम किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बालिका वर्ग की टीम ने फाइनल मुकाबले में राजस्थान को 39–35 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, वहीं बालक वर्ग की टीम को फाइनल में चंडीगढ़ के साथ कड़े मुकाबले में पूरे समय में बराबरी पर रहते हुए व फिर पाँच–पाँच रेड पर भी बराबर हुए और गोल्डन रेड पर बराबरी रही, फिर दुसरी गोल्डन रेड पर 44–43 के अंतर से रजत पदक से संतोष करना पड़ा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की खेल नीति के फलस्वरूप ही आज हरियाणा के खिलाड़ी ओलंपिक, एशिया, राष्ट्रमंडल व हर स्तर की राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

कबड्डी हरियाणा का पारंपरिक खेल रहा है। इससे पूर्व भी हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी खेल की छाप छोड़ चुके हैं और अब युवा वर्ग में हरियाणा के खिलाड़ियों को प्रथम व द्वितीय स्थान मिलने के बाद अब यह सुनिश्चित हो चुका है कि भविष्य में भी हरियाणा का कबड्डी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रहेगा।

पंवार ने कहा कि इस ऐतिहासिक जीत ने हरियाणा कबड्डी को एक और नया मुकाम दिया है और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और सम्पर्ण को सिद्ध किया है। उन्होंने कबड्डी एसोसिएशन के चेयरमैन कुलदीप दलाल, सचिव नसीब जाँघू, लड़कों व लड़कियों की टीम के कोचों और सभी पदाधिकारियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि आज देश–विदेश में हरियाणा के खिलाड़ियों का डंका बज रहा है। मुख्यमंत्री श्री नायाब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए ओलंपिक व पैरा ओलंपिक में पदक विजेता खिलाड़ियों को सर्वाधिक पुरस्कार की राशि भी दी जा रही है।

---

## देश-विदेश

## हजारीबाग में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के पूर्व एरिया कमांडर की हत्या

**एजेंसी, हजारीबाग**

झारखंड के हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बुधवार को केरेडारी–बुंडू रोड पर गेरुआ नदी के पास एक युवक का शव बरामद किया। बाद में उसकी पहचान प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी (तृतीय प्रस्तुति कमेटी) के पूर्व एरिया कमांडर अनिस अंसारी के रूप में हुई।



पुलिस के अनुसार, उसके खिलाफ अलग–अलग थाना क्षेत्रों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस का अनुमान है कि अनिस अंसारी की हत्या आपराधिक संगठनों के आपसी विवाद में हुई है। अनिस मूल रूप से रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र अंतर्गत मतवे गांव का रहने वाला था। उसके परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दे दी गई है। स्थानीय लोगों ने बुधवार की सुबह नदी के किनारे शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि अनिस अंसारी के सीने में दो–तीन गोलियां मारी गई हैं। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। टीपीसी नक्सली संगठन ने जोनल कमांडर अभिषेक के नाम से पिछले वर्ष जुलाई महीने में एक पर्चा जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि अनिस अंसारी को गलत कार्य के कारण संगठन से निष्कासित किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

## पाकिस्तान में हुए विस्फोट में 4 अधिकारियों की मौत

**एजेंसी, पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को हुए बम धमाके में एक सहायक आयुक्त समेत चार सरकारी अधिकारियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। अफगानिस्तान की सीमा से सटे आदिवासी जिले बाजौर में खार तहसील के मेला मैदान के पास हुए इस विस्फोट में नवागई तहसील के सहायक आयुक्त फैसल सुल्तान के वाहन को निशाना बनाया गया। अन्य मृतकों की पहचान सहायक उपनिरीक्षक नूर हकीम, तहसीलदार वकील खान और सिपाही रशीद के रूप में हुई है। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है, तलाश अभियान और हमले की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

## ऋषिकेश–गंगोत्री हाईवे पर कांवड़ियों को ले जा रहा ट्रक पलटा, 3 की मौत, 16 घायल

**एजेंसी, देहरादून**




उत्तराखंड के टिहरी जिले में ऋषिकेश–गंगोत्री हाइवे पर बुधवार सुबह जाजल और फकोट के बीच कांवड़ यात्रियों से भरा एक ट्रक पलट गया। इस हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत हो गई। वहीं, ट्रक में सवार 16 तीर्थ यात्रियों के घायल होने की सूचना है। हादसे के समय ट्रक में कुल 19 कांवड़ यात्री सवार थे। वे ऋषिकेश से गंगोत्री की ओर यात्रा कर रहे थे। मामले की जानकारी मिलते ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य शव ट्रक के नीचे दबे मिले। घायलों में चार की हालत गंभीर बताई गई है, जिन्हें एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। आठ घायलों का इलाज नरेंद्र नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जबकि एक का फकोट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। जैसे ही दुर्घटना की सूचना मिली, राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक के नीचे दबे यात्रियों को निकाला गया। 108 एम्बुलेंस सेवा की सहायता से घायलों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को तत्काल सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। (अनंत ज्ञान)

## डोनाल्ड ट्रंप का बिग ब्यूटीफुल बिल अमेरिकी सीनेट में पास

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**जेडी वेंस के टाई ब्रेकिंग वोट से मिली मंजूरी**

अमेरिकी सीनेट (संसद का उच्च सदन) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के महत्वाकांक्षी वन बिग ब्यूटीफुल बिल को पारित कर दिया है। रिपब्लिकन सदस्यों ने अपने तीन साथी सीनेटर और डेमोक्रेट सांसदों के कड़े विरोध के बीच 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट' को पारित कराने में सफलता हासिल की। विधेयक के पक्ष और विरोध में 50–50 मत पड़ने के बाद उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपना टाई–ब्रेकिंग वोट देकर इसे मंजूरी दिलाई। विधेयक का विरोध करने वाले तीन रिपब्लिकन सांसदों में थॉम थिलिस, सुजैन कॉलिन्स और केंटकी रैंड पॉल हैं।

इस विधेयक पर सीनेट में सोमवार को देर रात तक तीखी बहस चली। हंगामेदार सत्र के दौरान रिपब्लिकन सांसद जहां इस विधेयक के लिए समर्थन जुटाते नजर आए। वहीं, विपक्षी डेमोक्रेट सदस्य इसे गिराने के लिए पेश संशोधनों को पारित कराने का प्रयास करते रहे। ऐसे में सदन में लगातार गहमागहमी का माहौल बना रहा।

सीनेट की मंजूरी के बाद यह विधेयक वापस प्रतिनिधि सभा (संसद का निचला सदन) की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। अमेरिकी संसद के दोनों सदनों पर नियंत्रण रखने वाले रिपब्लिकनों के लिए अब अगली चुनौती प्रतिनिधि सभा में इस विधेयक को पारित कराना है। 940 पन्नों का 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट' ट्रंप के सबसे महत्वाकांक्षी विधेयकों में से एक है। (अनंत ज्ञान)

## उत्तराखंड: कांवड़ यात्रा से पहले दुकानों पर लाइसेंस लगाना जरूरी

**एजेंसी, उत्तराखंड**

कांवड़ यात्रा से पहले उत्तराखंड प्रशासन खाने–पीने की मिलावटी चीजों को लेकर कार्रवाई कर रहा है। एक हालिया फैसले में हर दुकान पर लाइसेंस और पहचान बोर्ड लगाना अनिवार्य किया गया। उत्तराखंड के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन आयुक्त राजेश कुमार ने इस संबंध में पहले ही निर्देश जारी किए थे। फिलहाल इन निर्देशों का हरिद्वार में पूरा पालन कराया जा रहा है।



हरिद्वार में कांवड़ यात्रा के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। विशेष रूप से फुटपाथ पर अस्थायी रूप से लगने वाली दुकानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है।

दुकानों पर डिस्प्ले बोर्ड और खाद्य सुरक्षा लाइसेंस लगाने का मुख्य मकसद है कि दुकानदारों की पहचान स्पष्ट हो सके और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं शुद्ध भोजन मिले। कांवड़ यात्रियों ने इस फैसले का खुले दिल से स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पहले होटल संचालक और अस्थायी दुकान लगाने वाले लोग अपनी असल पहचान छुपाते थे। कई बार मिलावटी या दूषित भोजन परोसा जाता था। अब डिस्प्ले बोर्ड और लाइसेंस से स्पष्ट होगा कि खाना किसने बनाया है और वे सुरक्षित है या नहीं। यह कदम न सिर्फ स्वास्थ्य सुरक्षा बढ़ाएगा, बल्कि यात्रा की विश्वसनीयता को भी मजबूत करेगा। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 287 व निफ्टी 88 अंक लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**

बुधवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए हैं। बैंकिंग, फाइनेंशियल और रियल्टी सेक्टर में बिकवाली के दबाव के चलते बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। बीएसई सेंसेक्स करीब 287 अंक (0.34 प्रतिशत) गिरकर 83,409 के करीब बंद हुआ है, जबकि एनएसई निफ्टी करीब 88 अंक (0.35 प्रतिशत) गिरकर 25,453 के करीब बंद हुआ। श्रीराम फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक और बजाज फाइनेंस जैसे बड़े फाइनेंशियल शेयरों में तेज बिकवाली देखने को मिली। इससे बेंच मार्क इंडेक्सों पर दबाव पड़ा।




निफ्टी बैंक इंडेक्स में 0.80 फीसदी की गिरावट आई, जिससे कुल-मिलाकर बाजार का सेंटीमेंट खराब हुआ। रियल्टी शेयरों में भी भारी गिरावट आई, निफ्टी रियल्टी में 1.4 फीसदी की गिरावट आई। आज लगातार पांचवें दिन गिरावट देखने को मिली है। महंगे वैल्यूशन, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार (एफआईआई) हो रही बिकवाली और मिले-जुले ग्लोबल संकेतों को लेकर चिंताओं के बीच निवेशक सतर्क हो गए। (अनंत ज्ञान)

**दावा** | **हमास भी युद्धविराम को तैयार, गाजा को लेकर रखी बड़ी शर्त**

## ट्रंप का दावा, 60 दिनों के सीजफायर पर राजी हुआ इसराइल

**एजेंसी, वाशिंगटन**

हमास ने बुधवार को कहा कि वह इसराइल के साथ संघर्षविराम को तैयार है, लेकिन उसने इस बात पर जोर दिया कि समझौते के बाद गाजा में युद्ध पूरी तरह समाप्त होना चाहिए।

हमास का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब एक दिन पहले ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि इसराइल गाजा में 60 दिन के संघर्षविराम की शर्तों पर सहमत हो गया है और उन्होंने हमास को चेतावनी दी कि वह इस समझौते को स्वीकार करे, अन्यथा हालात और बिगड़ेंगे। ट्रंप



इसराइल सरकार और हमास पर संघर्ष विराम के साथ ही बंधकों की रिहाई और गाजा में युद्ध खत्म करने के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि 60 दिन की अवधि का उपयोग युद्ध को समाप्त करने की दिशा में काम करने के लिए किया जाएगा। हालांकि, इसराइल लगातार कहता रहा है कि वह हमास को समाप्त करने तक जंग जारी रखेगा।

ट्रंप ने कहा कि अगले सप्ताह एक समझौता होने की उम्मीद है। हमास के अधिकारी ताहिर अल–नुनू ने कहा कि उनका संगठन "किसी समझौते तक पहुंचने के बारे में गंभीर है और इसके लिए तैयार है।" उन्होंने कहा कि हमास "किसी भी ऐसी पहल को स्वीकार करने के लिए तैयार है जो स्पष्ट रूप से युद्ध को पूर्ण अंत की ओर ले जाता हो। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### गुइरासी के दो गोल से बोरूसिया डॉर्टमंड क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, अटलांटा (अमेरिका)।** सेरहो गुइरासी ने पहले हाफ में दो गोल किए, जिससे बोरूसिया डॉर्टमंड ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 के मैच में मॉन्टेरी को 2-1 से हरा दिया। गुइरासी ने 14वें और 24वें मिनट में गोल किए जो डॉर्टमंड को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त थे। इन दोनों गोल में करीम अदीमी ने उनकी मदद की। इस क्लब की तरफ से अभी तक कुल 37 गोल कर चुके हैं। पराजित टीम की तरफ से एकमात्र गोल जर्मन बर्टेरामे ने किया । क्वार्टर फाइनल में डॉर्टमंड का सामना शनिवार को न्यू जर्सी में रियाल मैड्रिड से होगा।(अनंत ज्ञान)

### शमी अपनी पत्नी-बेटी को हर महीने देंगे 4 लाख, कोलकाता हाईकोर्ट का आदेश



**एजेंसी, दिल्ली।** मोहम्मद शमी को कोलकाता हाईकोर्ट ने तलाक में अपनी पत्नी से अलग रहे हसीन जहां और बेटी आयरा को हर महीने 4 लाख रुपए देने का आदेश दिया है। मोहम्मद शमी को ये रुपए महीने के मेंटेनेंस के लिए देने होंगे। शमी के इस केस की सुनवाई 21 अप्रैल, 2025 को हुई थी, जिस पर 1 जुलाई, 2025 को फैसला आया। आदेश के मुताबिक हसीन जहां को 1.50 लाख रुपए और बेटी आयरा को 2.50 लाख रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। यह राशि पिछले सात साल से लागू होगी। वहीं, निचली अदालत को छह महीने में मामले का निपटारा करने का निर्देश दिया गया है। कोलकत्ता हाईकोर्ट ने निचली अदालत को भी अगले छह महीने के अंदर इस केस को डिस्पोजल करने का आदेश दिया है। मोहम्मद शमी और हसीन जहां का निकाह 7 अप्रैल, 2014 में हुआ था। शादी के करीब एक साल बाद 17 जुलाई, 2015 को दोनों के एक बेटी ने जन्म लिया। शमी को बेटी आयरा के होने के बाद पता चला कि हसीन जहां पहले से शादी-शुदा थी और उसके पहली शादी से दो बच्चे भी थे। मोहम्मद शमी की पत्नी ने क्रिकेटर और उनके परिवार पर हिंसा करने का आरोप लगाया। इसके बाद 2018 से ही इस मामले में सुनवाई चल रही है। इस पर फैसला पहले ही आ चुका है, लेकिन शमी की पत्नी को मिलने वाली राशि कम लग रही थी, इसलिए उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।(अनंत ज्ञान)

### ऐमा नवारो के खिलाफ हार के साथ क्वितोवा ने विंबलडन को अलविदा कहा

**एजेंसी, लंदन।** दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने मंगलवार को यहां अमेरिका की ऐमा नवारो के खिलाफ हार के साथ अपने पसंदीदा ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन को अलविदा कहा। चेक गणराज्य की 35 साल की क्वितोवा को 10वीं वरीय नवारो के खिलाफ सीधे सेट में 3-6, 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2011 और 2014 में यहां खिताब जीतने वाली क्वितोवा ने सितंबर में होने वाले अमेरिकी ओपन के बाद डब्ल्यूटीए टूर को अलविदा कहने की योजना बनाई है। भावुक क्वितोवा ने मैच के बाद कोर्ट पर दिए साक्षात्कार में कहा, ''यह जगह मेरे लिए सबसे अच्छी यादें समेटे हुए है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने कभी विंबलडन जीतने का सपना नहीं देखा था और मैंने इसे दो बार जीता। यह बेहद खास बात है।'' क्वितोवा ने कहा, ''मुझे विंबलडन की कमी खलेगी। मुझे टेनिस की कमी खलेगी।(अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में पाउला क्रीमर

**अमेरिका।** पाउला क्रीमर एक अमेरिकी पेशेवर गोल्फर हैं। एक पेशेवर के रूप में, उन्होंने 12 टूर्नामेंट जीते हैं, जिनमें 10 एलपीजी टूर इवेंट शामिल हैं। क्रीमर महिला विश्व गोल्फ रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रही हैं। वह 2010 की यूएस महिला ओपन चैंपियन थीं।



### वेस्टइंडीज के खिलाड़ी पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप

**एजेंसी, सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)।** वेस्टइंडीज की वर्तमान टीम के एक सदस्य पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए गए हैं जिसके बाद टीम के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने न्याय की मांग की है, लेकिन साथ ही उचित प्रक्रिया का पालन करने पर भी जोर दिया है। गयाना के कैएटूर न्यूज में पिछले सप्ताह प्रकाशित एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि एक किशोरी सहित 11 महिलाओं ने इस अज्ञात क्रिकेटर के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं, जिनमें से कुछ कथित तौर पर 2023 तक के हैं। अभी तक कोई औपचारिक मामला दायर नहीं किया गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए सैमी ने स्थिति की गंभीरता को स्वीकार किया तथा कानूनी प्रक्रियाओं का सम्मान करने पर जोर दिया। पूर्व कप्तान सैमी ने कहा, ''मीडिया में जो कुछ चल रहा है, उससे हम सभी वाकिफ हैं। मैं अपने खिलाड़ियों के बहुत करीब हूं। मैंने उनसे बातचीत की है। एक बात मैं कह सकता हूं कि हम न्याय में विश्वास करते हैं। हमारा समुदाय ऐसा है जो मानता है कि न्याय होना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि, इसकी एक प्रक्रिया है। आरोप लगाए गए हैं और हम अपनी तरफ से हरसंभव मदद करेंगे।'' सैमी ने कहा कि किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले कानून को अपना काम करने देना चाहिए। उन्होंने कहा, ''ये आरोप हैं। हम न्याय प्रणाली को जानते हैं। आपको प्रक्रिया के लिए इंतजार करना होगा। मैं कोई न्यायाधीश नहीं हूं। जो जानकारी सामने आई है, वही हमारे पास है। मुझे पूरा यकीन है कि अंत में न्याय होगा।'' जब सैमी से पूछा गया कि क्या क्रिकेट वेस्टइंडीज ने जांच शुरू की है तो उन्होंने इसकी पुष्टि करने से इनकार कर दिया। (अनंत ज्ञान)

---

**शानदार प्रदर्शन** दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को 24 रन से हराया

# अमनजोत और रोड्रिग्स ने दिलाई भारत को जीत





**एजेंसी, ब्रिस्टल**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतकों की मदद से यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को 24 रन से हरा दिया।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने इस तरह से मंगलवार की रात को मिली जीत से पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। उसने पिछले सप्ताह पहला मैच रिकॉर्ड 97 रन से जीता था।

अमनजोत (40 गेंदों पर नाबाद 63 रन) ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक लगाया जबकि रोड्रिग्स ने 41 गेंदों पर 63 रन का योगदान दिया जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद चार विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

**अमनजोत बनी मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**

स्पिनरों की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने टैमी ब्यूमोंट के 35 गेंदों पर 54 रन के बावजूद इंग्लैंड की टीम को 20 ओवरों में सात विकेट पर 157 रन पर रोक दिया। यह पहला अवसर है जब कोई टीम ब्रिस्टल में महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को हराने में सफल रही। जीत के बाद हरमनप्रीत ने कहा, ''हमने शानदार जीत हासिल की।

आज हमारी पूरी टीम ने जिस तरह से प्रदर्शन किया वह काबिले तारीफ है। जेमिमा और अमनजोत ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे हमारे लिए जीत का मंच तैयार हुआ।'' भारत की पारी की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (03), पिछले मैच की शतकवीर स्मृति मंधाना (13) और कप्तान हरमनप्रीत (01) सभी पावरप्ले के अंदर डगआउट में लौट गईं। इसके बाद अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का लगाने वाली रोड्रिग्स और अमनजोत ने चौथे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी करके न केवल भारत को 31 रन पर तीन विकेट से उबारा, बल्कि बड़े स्कोर की नींव भी रखी।

रोड्रिग्स 15वें ओवर में लॉरेन बेल की गेंद पर सोफिया डंकले के हाथों कैच आउट हो गई। इसके बाद अपनी पारी में नौ चौके लगाने वाली अमनजोत ने ऋचा घोष (22 गेंदों पर नाबाद 32) के साथ 57 रन की साझेदारी की, जिससे भारत यहां महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाने में सफल रही। भारतीय टीम ने अंतिम 10 ओवरों में 117 रन बनाए।

भारत ने फील्डिंग में शानदार प्रदर्शन किया और तीन खिलाड़ियों को रन आउट किया। उसने पहले ओवर में ही सोफिया डंकले (01) को रन आउट किया। इसके बाद अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा ने अगली ही गेंद पर दूसरी सलामी बल्लेबाज डैनी व्याट-हॉज (01) को आउट कर दिया। अमनजोत ने नैट साइवर-ब्रंट को आउट करके भारत को बड़ी सफलता दिलाई। इससे इंग्लैंड का स्कोर चौथे ओवर तक तीन विकेट पर 17 रन हो गया।

ब्यूमोंट और विकेटकीपर बल्लेबाज एमी जोन्स (32) ने 70 रन की साझेदारी की लेकिन बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरनी (28 रन देकर दो विकेट) ने 15वें ओवर में जोन्स को अपनी ही गेंद पर कैच कर इंग्लैंड की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सोफी एक्लेस्टोन ने 35 रन बनाए लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया। अमनजोत को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।(अनंत ज्ञान)

---

भारत और इंग्लैंड के बीच बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट

## यशस्वी जायसवाल ने खेली 87 रन की दमदार पारी



**एजेंसी, बर्मिंघम**

भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बुधवार को मुकाबले के पहला दिन के दूसरे सेशन के खेल में

टीम इंडिया ने पहली पारी में 3 विकेट खोकर 180 रन बना लिए थे। कप्तान शुभमन गिल और ऋषभ पंत नाबाद डटे हुए थे। यशस्वी जायसवाल (87 रन) को बेन स्टोक्स ने विकेटकीपर जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया। जायसवाल ने टेस्ट करियर में चौथी बार 80 से 99 रन के बीच में विकेट गंवाया है। करुण नायर (31 रन) को ब्रायडन कार्स और केएल राहुल (2 रन) को क्रिस वोक्स ने आउट किया। 46वें ओवर की पहली बॉल पर भारतीय टीम ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां यशस्वी जायसवाल 87 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने विकेटकीपर जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया। उन्होंने फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक की। स्टोक्स ने जायसवाल को टेस्ट में दूसरी बार आउट किया है।

41वें ओवर में भारत ने 150 रन बनाए। शोएब बशीर के ओवर की 5वीं बॉल पर गिल ने चौका लगाकर स्कोर 150 पार पहुंचाया। यशस्वी जायसवाल ने कप्तान शुभमन गिल के साथ तीसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की। लंच के बाद पहले ही ओवर में भारत ने 100 रन पूरे कर लिए थे। भारत की शुरुआत कुछ ठीक नहीं रही। 9वें ओवर में भारतीय टीम ने पहला विकेट गंवा दिया है। यहां ओपनर केएल राहुल 2 रन बनाकर आउट हुए।

---

## जोकोविच की जीत, गॉफ और ज्वेरेव पहले दौर में बाहर



**एजेंसी, लंदन**

नोवाक जोकोविच ने पेट की समस्या के बावजूद चार सेट तक चले मैच में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट और तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहले दौर में बाहर हो गए।

जोकोविच को पहले दौर के मैच में पेट की समस्या के कारण दो बार डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी लेकिन आखिर में वह एलेक्जेंडर मुलर को 6-1, 6-7 (7), 6-2, 6-2 से हराने में सफल रहे। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने बाद में कहा, ''मैं 45 मिनट तक पेट की समस्या से परेशान रहा लेकिन डॉक्टरों की चमत्कारिक गोलियों से मैं अपनी ऊर्जा वापस पाने में सफल रहा।'' ज्वेरेव को पहले दौर में 72वीं रैंकिंग वाले आर्थर रिंडरक्नेच से पांच सेटों में चार घंटे 40 मिनट में 7-6 (3), 6-7 (8), 6-3, 6-7 (5), 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। रिंडरक्नेच का ऑल इंग्लैंड क्लब में 1-4 का करियर रिकॉर्ड था और वह ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में 18 बार तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। पिछले वर्ष विम्बलडन और इस साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनलिस्ट रहे सातवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। विंबलडन में मंगलवार को उलटफेर का दौर जारी रहा तथा महिला एकल में खिताब की प्रबल दावेदार गॉफ भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने 7-6 (3), 6-1 से हराया। इस तरह से विंबलडन में पहले दो दिन में 23 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (13 पुरुष और 10 महिला) दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे। दूसरे दिन बाहर होने वाले पुरुष खिलाड़ियों में 18वें नंबर के उगो हम्बर्ट, 27वें नंबर के डेनिस शापोवालोव, 28वें नंबर के अलेक्जेंडर बुब्लिक और 30वें नंबर के एलेक्स मिशेलसन शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

---

## जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए केशव, मुल्डर होंगे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान



**एजेंसी, नई दिल्ली**

अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान केशव महाराज ग्रोइन इंजरी के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह बाएं हाथ के स्पिनर सेनुरन मुथुसामी को टीम में शामिल किया गया है। ऑलराउंडर वियान मुल्डर अब महाराज की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी करेंगे।

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने एक बयान में कहा, महाराज को यह चोट पहले टेस्ट के तीसरे दिन बल्लेबाजी के दौरान लगी थी। वह आगे की जांच के लिए स्वदेश लौटेंगे, ताकि उनकी चोट की गंभीरता का पता लगाया जा सके।

बयान में यह भी कहा गया कि तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी, जिन्हें बुधवार को टीम से जुड़ना था, अब रिलीज कर दिया गया है ताकि पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाजों को एक और मौका मिल सके।

दूसरा और अंतिम टेस्ट 6 जुलाई से शुरू होगा। साउथ अफ्रीका ने पहला टेस्ट 328 रनों के बड़े अंतर से जीतकर सीरीज में बढ़त बना ली है।(अनंत ज्ञान)

---

## पंत आईसीसी रैंकिंग में **छठे स्थान पर** पहुंचे, बुमराह गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर



**एजेंसी, दुबई**

भारत के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में बुधवार को एक स्थान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए।

इंग्लैंड के खिलाफ पिछले हफ्ते एक ही टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले सिर्फ दूसरे विकेटकीपर बने पंत के करियर के सर्वश्रेष्ठ 801 रेटिंग अंक हैं। वह शीर्ष पर चल रहे इंग्लैंड के जो रूट से सिर्फ 88 अंक पीछे हैं। पंत ने जुलाई 2022 में करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग हासिल की थी।

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर बरकरार हैं और बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष भारतीय है। कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के नुकसान से 21वें पायदान पर हैं। भारत के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में 28 और नाबाद 53 रन की पारी खेलने वाले रूट ने दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के अपने हमवतन हैरी ब्रूक पर 15 अंक की बढ़त बना रखी है।

भारत के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 149 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट करियर के सर्वश्रेष्ठ आठवें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह 907 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर कायम हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाए थे।

दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबादा और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर बरकरार हैं।

जोश हेजलवुड एक स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली को पछाड़ा। इस बीच भारत के रविंद्र जडेजा भी टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं।(अनंत ज्ञान)

---

## डोप टेस्ट से बचने के लिए चार एथलीटों पर लगा प्रतिबंध किया कम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ट्रैक एवं फील्ड एथलीट पूजा रानी, किरण, पंकज और चेलिमी प्रत्यूषा पर डोप परीक्षण से बचने के लिए लगाया गया चार साल का प्रतिबंध एक साल के लिए कम कर दिया गया है, क्योंकि उन्होंने आरोप लगने के 20 दिन के भीतर अपना अपराध स्वीकार कर लिया था।

यह चारों खिलाड़ी उन कई एथलीटों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष की शुरूआत में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2.3 के तहत निलंबित कर दिया था। यह अनुच्छेद किसी खिलाड़ी के बिना किसी ठोस कारण के नमूना संग्रह के लिए पेश होने से बचने, मना करने या असफल होने से संबंधित है।

पहली बार अपराध करने पर अधिकतम प्रतिबंध अवधि चार वर्ष है, लेकिन नाडा नियमों के अनुच्छेद 10.8.1 के तहत अगर खिलाड़ी अपना अपराध स्वीकार कर लेते हैं तो उनकी सजा कम की जा सकती है।

इस अनुच्छेद के अनुसार, चार वर्ष के प्रतिबंध से दंडित खिलाड़ियों को एक वर्ष की छूट मिलेगी, बशर्ते वे अपना अपराध और आरोप लगने के 20 दिनों के भीतर दंड स्वीकार कर लें।

किरण और पंकज की तरह पूजा रानी पर तीन साल का प्रतिबंध 13 अगस्त 2024 से शुरू हो चुका है, लेकिन चेलिमी प्रत्यूषा पर तीन साल का प्रतिबंध इस साल छह फरवरी से शुरू हुआ है।(अनंत ज्ञान)

---

## 2036 ओलंपिक के लिए भारत ने अहमदाबाद का नाम दिया




**एजेंसी, दिल्ली**

भारत ने 2036 ओलंपिक गेम्स की मेजबानी के लिए अहमदाबाद का नाम इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) के सामने पेश किया है।

मंगलवार को स्विट्जरलैंड के लॉजान में हुई बैठक में केंद्रीय खेल मंत्रालय, गुजरात सरकार और आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा सहित भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आईओसी के सामने अपनी बात रखी।

ये मीटिंग ऐसे वक्त में हुई, जब नई इंटरनेशनल ओलिंपिक काउंसिल (आईओसी) अध्यक्ष कर्स्टी कोवेन्ट्री ने भविष्य के ओलिंपिक होस्ट बिडिंग प्रोसेस पर रोक लगा दी थी। आईओसी सदस्य चाहते हैं कि मेजबान देश के चुनाव में उनकी भूमिका ज्यादा हो, इसीलिए एक वर्किंग ग्रुप बनाकर नई प्रक्रिया तैयार की जाएगी। 2036 ओलिंपिक की दौड़ में भारत अकेला नहीं है। सऊदी अरब, इंडोनेशिया, तुर्किये (टर्की) और चिली जैसे देश भी मेजबानी की दौड़ में शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### क्यों चुना गया अहमदाबाद को?

**भारत** की तरफ से ओलंपिक में पहली बार आधिकारिक रूप से किसी शहर का नाम दिया गया है। भारत की ओलंपिक कमेटी ने कहा, अहमदाबाद में ओलिंपिक आयोजित करने से 60 करोड़ युवा भारतीयों को पहली बार देश में ओलंपिक देखने का मौका मिलेगा। साथ ही भारत ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश देते हुए ओलंपिक को दुनियाभर के लोगों के लिए एक परिवार जैसा अनुभव बनाया जाएगा।

### सपने को साकार करने की कोशिश : हर्ष

**गुजरात** के खेल मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, हम ओआईसी के साथ मिलकर सपने को साकार करने की कोशिश में हैं।

### ओलंपिक का होगा ऐतिहासिक आयोजन : पीटी ऊषा

**आईओए** अध्यक्ष पीटी ऊषा ने कहा, ओलंपिक एक भव्य आयोजन नहीं होगा, यह पीढ़ियों तक असर डालने वाला ऐतिहासिक आयोजन होगा।

### आईओसी का नया बदलाव

**आईओसी की** नई अध्यक्ष ने कहा, आईओसी के सदस्यों की मांग थी कि उन्हें चुनाव प्रक्रिया में बड़ी भूमिका दी जाए। इसी वजह से नई मेजबानी नीति पर पुनर्विचार करने के लिए एक वर्किंग ग्रुप बनाया जाएगा।

---

**सुझाव** क्लासिकल शतरंज की तैयारी के लिए अधिक प्रयास की जरूरत : प्रज्ञानानंदा

# खिलाड़ी क्लासिकल शतरंज से हो रहे हैं दूर



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी धीरे धीरे क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे हैं जिसका कारण मानसिक और शारीरिक थकावट है जो लंबे समय तक लंबे प्रारूप में खेलने से आती है। पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन और दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा ने कम क्लासिकल मैच खेले हैं जबकि इनका ध्यान फ्रीस्टाइल, रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों पर रहा है।

इस साल तीन मुख्य क्लासिकल खिताब जीतने वाले प्रज्ञानानंदा का मानना है कि खिलाड़ियों को क्लासिकल शतरंज के लिए लगने वाली घंटों की तैयारी पसंद नहीं है जिससे उन्हें रैपिड और ब्लिट्ज इससे अधिक संतोषजनक लगते हैं। प्रज्ञानानंदा ने कहा, ''क्लासिकल शतरंज खेलना मुश्किल है क्योंकि हर कोई इसके लिए अच्छी तरह से तैयार होता है। क्लासिकल शतरंज में शुरूआती हिस्से की तैयारी बहुत अहम होती है। अगर आप इसकी तुलना फ्रीस्टाइल से करें तो आपको इससे पहले तैयारी करने की जरूरत नहीं होती है जबकि क्लासिकल शतरंज में आपको तैयारी के लिए बाध्य होना पड़ता है।''

इस साल टाटा स्टील मास्टर्स, सुपरबेट क्लासिक और उज शतरंज कप जीतने वाले प्रज्ञानानंदा ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि कोई भी यह प्रक्रिया पसंद करता है लेकिन आप मजबूर हैं और आपको हर चीज के लिए एक योजना बनानी होती है। इसके लिए काफी अधिक प्रयास की आवश्यकता होती है।'' चेन्नई के 19 वर्षीय खिलाड़ी को लगता है कि वर्षों तक क्लासिकल शतरंज खेलने के साथ 'बर्नआउट' की संभावना भी बढ़ जाती है। (अनंत ज्ञान)

### हमें शतरंज पर काम करने में मजा आता है : प्रज्ञानानंदा

प्रज्ञानानंदा ने कहा, ''और जब आप बहुत सारे ऐसे टूर्नामेंट खेलते हैं तो आपकी ऊर्जा भी खत्म हो जाती है। आप मानसिक और शारीरिक रूप से भी थक सकते हैं। इसलिए ये सभी चीजें होती हैं। मुझे लगता है कि यही कारण है कि हर कोई अन्य प्रारूपों को पसंद करता है। '' उन्होंने कहा, ''मुझे खुद फ्रीस्टाइल काफी पसंद है क्योंकि इसमें आपको खेल से पहले तैयारी करने की जरूरत नहीं होती। इसका मतलब यह नहीं है कि हम अपने खेल पर काम नहीं करना चाहते। हमें शतरंज पर काम करने में मजा आता है। '' प्रज्ञानानंदा ने कहा, ''लेकिन सच यह है कि आपको तैयारियों में काफी घंटे लगाने पड़ते हैं। आपको तीन-चार घंटे की तैयारी करनी पड़ती है और सभी को यह पसंद नहीं आता। मुझे फ्रीस्टाइल पसंद है। मुझे रैपिड पसंद है और यह निश्चित रूप से क्लासिकल से थोड़ा अधिक पसंद है। लेकिन मुझे लगता है कि क्लासिकल अब भी मुख्य प्रारूप है। ''

---

## एशियाई चैंपियन 100 मीटर बाधा दौड़ में खिलाड़ी याराजी चोटिल



**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 100 मीटर बाधा दौड़ धाविका ज्योति याराजी को 'कुछ दिन पहले' ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई जिससे सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए उनकी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली याराजी के पास सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का अच्छा मौका है लेकिन हाल में लगी चोट उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकती है।

राष्ट्रीय रिकॉर्ड (12.78 सेकेंड) धारक याराजी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान मेरे घुटने में दुर्भाग्यपूर्ण चोट लगने के कारण मुझे ब्रेक लेना पड़ा।'' पिछले साल पेरिस ओलंपिक के बाद चोटिल होने के बाद मौजूदा सत्र में वापसी करने वाली 25 वर्षीय याराजी ने कहा, ''मैं अपने विकल्पों का आकलन करने और भविष्य पर निर्णय लेने के लिए अपनी मेडिकल टीम के साथ काम कर रही हूं।''

याराजी ने अब तक 12.73 सेकेंड के सीधे क्वालीफिकेशन समय को पार नहीं किया है लेकिन मई में एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने के दौरान उनके 12.96 सेकेंड के प्रयास ने उन्हें उन 16 खिलाड़ियों में शामिल कर दिया है जो विश्व रैंकिंग के माध्यम से विश्व चैंपियनशिप में जगह बना सकते हैं। याराजी ने अपनी तकनीक में बदलाव किया। (अनंत ज्ञान)